WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, शनिवार, 26 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 105 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूची के गहन जांच की जो कार्यवाही कर रहा है उस एसआईआर के खिलाफ राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने मोर्चा खोल रखा है। तेजस्वी यादव लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। समझ में नहीं आता की अपात्रों के नाम काटे जाने से महागठबंधन को दिक्कत क्या है? अब तो तेजस्वी यादव ने धमकी दे दी है कि इस प्रक्रिया के विरोध में महागठबंधन विधानसभा चुनाव के बहिष्कार पर विचार कर सकता है। ये अतिउत्तम विचार है। जब चुनाव आयोग पर भरोसा ही नहीं है तो चुनाव का बहिष्कार ही श्रेयस्कर है।

बिलासपुर के लोविना कोर्ट्स प्रोजेक्ट की खरीदी-बिक्री पर रेरा ने लगाई रोक

■ रेरा अधिनियम के उल्लंघन का मामला, छत्तीसगढ़ रेरा की बड़ी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण ने बिलासपुर स्थित लोविना कोर्ट्स परियोजना में भूखंडों और मकानों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का अंतरिम आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 4(2)(1)(क) के उल्लंघन के पर की गई है। उल्लेखनीय है कि इस धारा के तहत प्रमोटर को प्रोजेक्ट के अंतर्गत आवंटियों से प्राप्त कुल राशि का कम से कम 70 प्रतिशत

भाग एक अलग बैंक खाते में रखना अनिवार्य है. इस राशि का उपयोग केवल निर्माण कार्य और भूमि की लागत जैसे निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है। यह व्यवस्था घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा और धन के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए की गई है। प्राधिकरण ने पाया कि लोविना कोर्ट्स प्रोजेक्ट के प्रमोटर द्वारा इस नियम का उल्लंघन किया गया है, जिससे वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं. परिणामस्वरूप, सीजी रेरा ने परियोजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार की नई खरीद-फरोख्त, पंजीयन या लेन-देन पर रोक लगा दी है। सीजी रेरा के अनुसार यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि प्रमोटर द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उल्लंघनों का समाधान नहीं किया जाता और प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति नहीं कर दी जाती।

यह त्वरित कार्रवाई रेरा की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह घर खरीदारों की पूंजी की सुरक्षा, निर्माण प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रमोटरों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता से कार्य कर रहा है. इस सख्त कदम से अन्य डेवलपर्स को भी यह स्पष्ट ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

शराब व होटल कारोबारी के दिल्ली निवास पर ईडी का छापा

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 3,200 करोड़ रुपये के चर्चित शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। गुरुवार को ईडी की टीम ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए दुर्ग के मूल निवासी एक बड़े होटल और शराब कारोबारी के ठिकानों पर दबिश दी।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम ने कारोबारी के दिल्ली स्थित निवास और रायपुर के तेलीबांधा इलाके में स्थित एक बड़े होटल में छापा मारा। बताया जा रहा है कि इस होटल का संचालन कारोबारी के परिवार के लोग कर रहे हैं. हालांकि ईडी की ओर से अब तक कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। दिल्ली शिफ्ट हुआ कारोबारी, कई कारोबारों से जुड़ा जानकारी के अनुसार, जिस कारोबारी के ठिकानों पर कार्रवाई की गई है, वह पारिवारिक विवाद के बाद संपत्ति के बंटवारे में मिली हिस्सेदारी के साथ दिल्ली शिफ्ट हो गया था। उसके कई रेलवे स्टेशनों पर रेस्टोरेंट हैं और बोतलबंद पानी का कारोबार भी चलता है। ईडी ने यह कार्रवाई उन दस्तावेजों के आधार पर की, जो पहले की छापेमारी में मिले थे। फिलहाल जांच जारी है।

लोकसभा में गतिरोध खत्म, सोमवार से सदन में होगा कामकाज

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में एक सप्ताह से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए सभी दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलायी जिसमें गतिरोध को खत्म कर सोमवार से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गयी है। लोकसभा सचिवालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बिरला ने सदन में गतिरोध समाप्त करने के लिए शुक्रवार को सभी दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलायी। इस बैठक संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल के अलावा विभिन दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

पश्चिम बंगाल में आंधी-तूफान में 18 मौतें

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा, पूर्वी बर्धमान और पश्चिमी मेदिनीपुर जिलों में कल आए आंधी-तूफान और बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। राज्य के बांकुड़ा जिले से नौ, पूर्वी बर्धमान से छह और पश्चिमी मेदिनीपुर जिले में तीन लोगों की बारिश की आपदा की चपेट में आने से मौत हो गई। ये मौतें उस समय हुईं जब मानसूनी बारिश को देखते हुए किसान खेती के काम में जुटे हुए थे। इसके अलावा कोलकाता में रात भर और आज सुबह हुई बारिश ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया।

कमल हासन सहित चार सांसदों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रख्यात अभिनेता कमल हासन सहित चार नवनिर्वाचित सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उप सभापति हरिवंश ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में एक मक्कल नीधि मय्यम पार्टी और तीन द्रविड मुनेत्र कषगम के हैं । शपथ लेने वाले सदस्यों में हासन के अलावा द्रमुक के सर्वश्री पी विल्सन , एस आर शिवलिंगम और राजाथी शामिल हैं। विल्सन उच्च सदन के लिए दोबारा चुने गय हैं । इससे पहले कार्यकाल में वह गुरुवार को ही सेवानिवृत हुए थे।

भारत और मालदीव के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर: पीएम मोदी

नई दिल्ली/माले (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव की राजकीय यात्रा पर राजधानी माले पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया है कि आने वाले समय में भारत-मालदीव के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की ओर से भव्य स्वागत पर पीएम मोदी ने खुशी जताई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मैं माले पहुंच गया हूं। मुझे बहुत खुशी है कि राष्ट्रपति मुइज्जू मेरा स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर आए। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में भारत और मालदीव के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे।

इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव के माले पहुंचे, जहां उनका औपचारिक स्वागत किया गया। एक विशेष सम्मान के रूप में राष्ट्रपति मुइज्जू और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री की मालदीव की यह तीसरी यात्रा है। प्रधानमंत्री मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में 'मुख्य अतिथि' के रूप में भाग लेंगे।

भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ और मालदीव तथा भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यकाल के दौरान किसी भी राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख की यह पहली यात्रा भी है। दोनों नेता अक्टूबर 2024 में मालदीव के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान अपनाए गए 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के लिए भारत-मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में प्रगति का भी जायजा लेंगे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू के बीच चर्चा में बुनियादी ढांचे के विकास, रक्षा सहयोग और आर्थिक संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

मालदीव पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि; राष्ट्रपति मुइज्जू ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मालदीव पहुंच गए हैं। माले में वेलाना एयरपोर्ट पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुइज्जू के निमंत्रण पर पीएम मोदी इस राजकीय यात्रा पर मालदीव गए हैं। वे मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जो दोनों देशों के बीच 6 दशकों के राजनयिक संबंधों का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए माले में एयरपोर्ट पर बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने ताली बजाते हुए बाल कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। बाद में प्रधानमंत्री मोदी इन बाल कलाकारों से मिलने उनके बीच पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी के मालदीव पहुंचने पर प्रवासी भारतीय नागरिकों ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने एयरपोर्ट के बाहर मौजूद इन प्रवासी नागरिकों से मुलाकात की। हाथ में तिरंगा झंडा लेकर घंटे भारतीय नागरिकों ने 'वंदे मातरम और 'भारत माता की जय के नारे लगाए। यह प्रधानमंत्री मोदी की दो देशों की यात्रा का दूसरा चरण है। इससे पहले, उन्होंने ब्रिटेन की 'ऐतिहासिक यात्रा की थी, जिसमें भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से उच्च-स्तरीय बैठकें शामिल थीं। गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के सैंड्रिंघम हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ब्रिटेन की एक ऐतिहासिक यात्रा संपन्न हुई, जिसने भारत-ब्रिटेन के व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण (मालदीव) के लिए रवाना हुए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात करेंगे और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता अक्टूबर 2024 में मालदीव के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान अपनाए गए 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए भारत-मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में प्रगति का भी जायजा लेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु दूरदर्शी पहल

आधुनिक एम्बुलेंस को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

■ ग्रामीण इलाकों को मिलेगा आपातकालीन स्वास्थ्य लाभ

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया स्थित कैम्प कार्यालय परिसर से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से प्रदत्त है, जिसमें बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम सहित अन्य उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

यह एम्बुलेंस मुख्य रूप से मनोरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रखी जाएगी, जिसकी सेवाएँ आवश्यकता अनुसार पूरे जिले में ली जा सकेंगी। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा परिवहन सेवा सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सहायता मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार हर व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण और त्वरित स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने के लिए कृतसंकल्पित है। उनकी पहल पर विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए अनेक योजनाएँ प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज और 50 बिस्तर वाला मातृ एवं शिशु अस्पताल, जशपुर में प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज तथा शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना का कार्य प्रगति में है। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, जशपुर ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

फार्मासिस्ट ग्रेड-2 भर्ती पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

■ बी.फार्मा डिग्रीधारियों को भी मिलेगा आवेदन का मौका

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में फार्मासिस्ट (ग्रेड-2) पदों पर भर्ती को लेकर जारी विवाद में आज हाईकोर्ट ने बड़ा निर्णय सुनाया है। भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत प्रदान की है। यह मामला 30 जून 2025 को संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी उस विज्ञापन से जुड़ा है, जिसके तहत केवल डिप्लोमा इन फार्मेसी धारकों को ही पात्र माना गया था।

रिट याचिका (सेवा) क्रमांक 8548/2025, राहुल वर्मा एवं अन्य बनाम छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य में न्यायालय ने बी. फार्मा डिग्रीधारकों के पक्ष में अंतरिम आदेश जारी करते हुए उन्हें भी आवेदन का अवसर देने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं की मुख्य आपत्ति इस बात को लेकर थी कि उक्त विज्ञापन में केवल डिप्लोमा इन फार्मेसी धारकों को ही पात्र माना गया था और बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्मा) अथवा उससे उच्च डिग्री धारकों को, जो फार्मेसी काउंसिल में विधिवत पंजीकृत हैं, आवेदन करने से वंचित कर दिया गया था। इस तथ्य को ध्यान रखते हुए कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता देगा फ्रांस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को ऐलान किया कि फ्रांस जल्द ही फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर मान्यता देगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी तस्दीक की। उनकी इस घोषणा पर इजरायल और अमेरिका ने नाराजगी जाहिर की है। मैक्रों ने एक्स पोस्ट में बताया कि सितंबर में वो संयुक्त राष्ट्र महासभा की औपचारिक बैठक में फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने लिखा, मध्य पूर्व में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए अपनी ऐतिहासिक प्रतिबद्धता के तहत, मैंने फैसला किया है कि फ्रांस फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। मैं सितंबर माह में इसकी औपचारिक घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा में करूंगा।

स्कूल की छत गिरने से पांच बच्चों की मौत

■ सीएम भजनलाल और शिक्षा मंत्री ने जताया दुख

जयपुर/झालावाड़ (आईएएनएस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़ की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने घायल बच्चों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। झालावाड़ में शुक्रवार को स्कूल की छत गिरने से 5 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक बच्चे घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, झालावाड़ के पीपलोदी में स्कूल की छत गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। घायल बच्चों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों

को निर्देशित किया गया है। ईश्वर दिवंगत दिव्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपना भरतपुर दौरा रद्द कर दिया है और घटनास्थल पर रवाना हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में विद्यालय की छत गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई जनहानि अत्यंत पीड़ादायक है। इस हृदयविदारक घटना की गंभीरता को देखते हुए दो दिवसीय भरतपुर-डीग दौरा तत्काल प्रभाव से रद्द कर झालावाड़ के लिए प्रस्थान कर लिया है। इससे पहले, शिक्षा मंत्री ने एक पोस्ट में ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

छत्तीसगढ़ शासन का नया फरमान | प्रतिभूतियाँ, डिबेंचर्स और म्युचुअल फण्ड्स, लेन-देन की देनी होगी जानकारी

सरकारी कर्मचारियों की चल संपत्ति में गिने जाएंगे शेयर

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए नया फरमान जारी किया है। इसमें शेयर, प्रतिभूतियाँ, डिबेंचर्स और म्युचुअल फण्ड्स को चल संपत्ति के तौर शामिल किया गया है। इसके पहले एक जुलाई को शासन ने अधिसूचना जारी कर कर्मचारियों के लिए इंट्राडे ट्रेडिंग, क्रिप्टोकरेंसी की खरीदी और फ्यूचर ऑप्शन में ट्रेडिंग को प्रतिबंधित कर दिया था।

छत्तीसगढ़ शासन ने अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 19 में, उप-नियम (5) के खण्ड (1) में उप खण्ड (च) जोड़ा दिया है. इस संशोधन के बाद शेयर , प्रतिभूतियाँ , डिबेंचर्स व म्युचुअल फण्ड्स को

सरकारी कर्मचारियों की चल संपत्ति में शामिल बताया है।

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 19 (2-क) (3) के अनुसार प्रत्येक शासकीय सेवक, जंगम सम्पत्ति के संबंध में उसके द्वारा या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य के नाम से किए गए प्रत्येक लेन-देन की रिपोर्ट विहित प्राधिकारी को करेगा, यदि संपत्ति का मूल्य 2 माह के मूल वेतन से अधिक है। इसके साथ यदि कोई शासकीय सेवक स्वयं या कुटुम्ब के किसी सदस्य के नाम से एक कैलेंडर वर्ष के दौरान शेयर, प्रतिभूतियाँ, डिबेंचर्स व म्युचुअल फण्ड्स या अन्य निवेश में कुल लेन-देन 6 माह के मूल वेतन से अधिक करता है, तो विहित प्राधिकारी को संलग्न प्रोफार्मा में सूचना देना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि शेयरों, प्रतिभूतियों या अन्य निवेशों की बार-बार खरीदी-बिक्री को आचरण नियम का उल्लंघन बताते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारी पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत् अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही गई है।

सावरकर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत

■ सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा अंतरिम आदेश

नई दिल्ली(आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वीर सावरकर के खिलाफ दिए गए विवादित बयान के मामले में सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी और तब तक सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडे को जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट को बताया है कि उसने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने लखनऊ की निचली अदालत द्वारा जारी समन पर अंतरिम रोक लगाई थी, लेकिन राहुल गांधी के बयान को लेकर कड़ी फटकार भी लगाई थी। कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर राहुल गांधी भविष्य में इस तरह के अपमानजनक बयान देंगे, तो वह स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू करेगा। इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था। उन्होंने कहा था कि ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने तोड़ा रिकॉर्ड : सबसे लंबे कार्यकाल वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री

■ यह देश के लिए बहुत गर्व की बात : सैयद शाहनवाज हुसैन

पटना/नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार अपने कार्यकाल के 4,078 दिन पूरे करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4,077 दिनों के लगातार प्रधानमंत्री पद के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही, वह भारत के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे नेता बन गए हैं। पीएम मोदी की इस उपलब्धि पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, मंत्री मदन सहनी, नीरज सिंह बबलू और अशोक चौधरी ने बधाई दी।

भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, "यह देश के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं... देश और दुनिया भर के लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। आज, पंडित नेहरू के बाद, वह सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री हैं, और यह हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।"

भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अद्वितीय प्रतिभा के धनी हैं और अथक समर्पण और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा करते हैं। यही कारण है कि एनडीए ने उनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार स्पष्ट बहुमत हासिल किया... वह न केवल भारत के प्रधानमंत्री हैं, बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता भी हैं।"

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का तेजी से विकास हो रहा

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने इतिहास रच दिया है और सारे रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में राष्ट्र गौरवान्वित हुआ है। भारत माता के सपूत गौरवान्वित हैं। आज दुनिया भर में हर भारतीय का सम्मान हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से भारत का विकास हो रहा है। हर व्यक्ति के मन में विश्वास है कि विकास हो रहा है और सुरक्षित है।

मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं : चौधरी

मंत्री अशोक चौधरी ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा, "मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं। मैं उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करता हूं और आशा करता हूं कि वह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में काम करते रहें।"

मंत्री नीरज सिंह ने बबलू कहा, "पीएम मोदी सबसे बेहतर पीएम हैं। दुनिया भर में हमारे देश के पीएम ही सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। हमें गर्व है कि वह हमारे पीएम हैं।"

बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी ने कहा कि पीएम मोदी कई और वर्षों तक सेवा करते रहेंगे। वह एक असाधारण प्रधानमंत्री हैं जो देश को आगे बढ़ा रहे हैं और भारत का वैश्विक कद बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे पड़ोसी देशों को कड़ा जवाब दिया है; ऐसा करने वाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने देश का विकास किया है और देश की जनता उनसे खुश है।

---

28 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर होगी चर्चा : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली(आईएएनएस)। संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चल रहे हंगामे पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान सरकार की ओर से कौन बोलेगा? यह विपक्ष तय नहीं कर सकता है और विपक्ष की ओर से कौन बोलेगा? यह सरकार तय नहीं कर सकती है। किरेन रिजिजू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा नहीं की जा सकती। विपक्ष ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और अन्य जैसे कई मुद्दे उठाए हैं। हमने उन्हें बताया कि पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की जाएगी। उसके बाद हम तय करेंगे कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार को लोकसभा में 16 घंटे और मंगलवार (29 जुलाई) को राज्यसभा में 16 घंटे बहस होगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह जैसा रहा, आप सबने देखा। संसद सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस समेत कई दलों ने अनुरोध किया था कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए। इसे लेकर सरकार की ओर से साफशब्दों में कहा गया कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन विपक्ष ने पहले दिन ही हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने पोस्टर बैनर लेकर संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन किया और संसद नहीं चलने दी। कांग्रेस और कुछ दलों ने संसद की कार्यवाही को बाधित किया। किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि हम सोमवार से पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे।

पीएम मोदी के सम्मान में माले रक्षा मंत्रालय की इमारत को सजाया गया

मालदीव में पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता

माले (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को मालदीव की राजधानी माले के रिपब्लिक स्क्वायर में औपचारिक स्वागत समारोह और गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। वह मालदीव के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर पहुंचे हैं। इस अवसर पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी मौजूद थे।

समारोह के दौरान बच्चों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी के सम्मान में माले में रक्षा मंत्रालय की इमारत को पीएम मोदी की तस्वीर से सजाया गया। उनकी बड़ी सी तस्वीर बिल्डिंग पर लगाई गई।

इससे पहले राष्ट्रपति मुइज्जू स्वयं एयरपोर्ट पहुंचे और प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मालदीव के विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री और गृह सुरक्षा मंत्री भी मौजूद थे।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, ÷माले पहुंचा। राष्ट्रपति मुइज्जू द्वारा स्वयं एयरपोर्ट पर आकर स्वागत करने से अभिभूत हूं। मुझे विश्वास है कि भारत-मालदीव की मित्रता आने वाले समय में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगी।"

पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में भारतीय समुदाय के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "भारतीय प्रवासी भारत और मालदीव के बीच मित्रता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उनके आत्मीय स्वागत के लिए मैं आभार प्रकट करता हूं।"

रिपब्लिक स्क्वायर में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने 'वंदे मातरम' के नारों से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने वहां उपस्थित बच्चों से भी मुलाकात की और उनके बनाए चित्रों पर हस्ताक्षर किए।

कुरुंबा विलेज रिज़ॉर्ट पहुंचने पर बच्चों ने पारंपरिक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। एक बच्चे ने बताया, ÷मैंने यह पेंटिंग अपनी मां की मदद से बनाई थी। मुझे विश्वास नहीं था कि प्रधानमंत्री जी सच में उस पर ऑटोग्राफ देंगे। जब उन्होंने साइन किया, तो मैं खुशी से झूम उठा!"

शनिवार को पीएम मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह उनका मालदीव का तीसरा दौरा है, और राष्ट्रपति मुईज़्ज़ू के पद संभालने के बाद किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की पहली आधिकारिक यात्रा है।

सुनियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं: लोस अध्यक्ष ओम बिरला

नई दिल्ली(आईएएनएस)। मानसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में विपक्षी सांसदों की ओर से जोरदार हंगामा हुआ, जिसके कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोपहर दो बजे तक सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए अच्छे नहीं होते हैं।

ओम बिरला ने कहा, ÷मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि सदन सुचारू रूप से चले, विशेष रूप से प्रश्नकाल के दौरान। मेरा हमेशा यही प्रयास रहता है कि प्रश्नकाल माननीय सदस्यों का समय होता है, और इस दौरान व्यापक चर्चा होनी चाहिए, जिसमें सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित हो। लेकिन पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि सदन को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है। तख्तियां लहराई जा रही हैं और नारेबाजी हो रही है।÷

उन्होंने आगे कहा, ÷यदि आप किसी मुद्दे या विषय पर चर्चा करना चाहते हैं, तो आप आएं। मैं हर मुद्दे पर सरकार से बात करके चर्चा का रास्ता निकाल सकता हूं। लेकिन सदन के अंदर या बाहर केवल तख्तियां लहराकर और नारेबाजी करके बाधा डालना

उचित नहीं है। यदि आपको लगता है कि कोई मुद्दा महत्वपूर्ण है, तो आएं, मैं सरकार के प्रतिनिधियों और आपको बुलाकर मुद्दों पर चर्चा करवाऊंगा। लेकिन यह तरीका ठीक नहीं है।

ओम बिरला ने कहा, ÷दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में हमारे पीछे लाखों लोग बड़ी आशाओं के साथ सदन की कार्यवाही को देखते हैं। वे उम्मीद करते हैं कि उनके मुद्दों, उनकी आकांक्षाओं और उनकी चिंताओं पर सदन में चर्चा होगी। तख्तियां लेकर नारेबाजी करना उचित नहीं है। यदि आप सदन नहीं चलाना चाहते और चर्चा में हिस्सा नहीं लेना चाहते, तो यह नियोजित गतिरोध लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

मलेशिया अपने सेमीकंडक्टर सेक्टर को मजबूती देने के लिए तैयार : पीएम अनवर

कुआलालंपुर (आईएएनएस)। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा है कि मलेशिया सेमीकंडक्टर सेक्टर को बाहरी अड़चनों और व्यापारिक समस्याओं से बचाने के लिए विश्वसनीय साझेदारों के साथ काम करने और इस सेक्टर को मजबूत बनाने पर ध्यान देगा।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनवर ने आसियान सेमीकंडक्टर शिखर सम्मेलन 2025 में अपने मुख्य भाषण में कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) और अन्य तंत्रों के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग को गहरा करने से इस क्षेत्र को बाहरी झटकों का प्रतिरोध करने और अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से विकास को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी।

कभी आतंकी-नक्सली करते थे बहिष्कार की बात तेजस्वी यादव पर जगदंबिका पाल का बड़ा हमला

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने एसआईआर मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई एसआईआर की नहीं है, बल्कि यह लड़ाई अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को लेकर है। इस दौरान जगदंबिका पाल ने 'चुनाव बहिष्कार' पर तेजस्वी यादव को भी करारा जवाब दिया।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने सवाल उठाते हुए कहा, ÷रोहिंग्या-बांग्लादेशी या कोई गैर कानूनी रूप से रहने वाला व्यक्ति, जो भारत का वोटर नहीं हो सकता है, क्या वह बिहार या बंगाल की सरकार चुनेगा?

जगदंबिका पाल ने कहा कि जो भी 18 साल का भारतीय नागरिक है, वह वोटर बनेगा। भारत के हर नागरिक को मतदान का अधिकार है। उन्होंने कहा, ÷इसलिए लड़ाई एसआईआर की नहीं है, यह लड़ाई रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को लेकर है।÷

'चुनाव बहिष्कार' मुद्दे पर



जगदंबिका पाल ने कहा, ÷तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि हम चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं। यह हम पहली बार देख रहे हैं कि लोकतंत्र में कोई राजनैतिक व्यक्ति बहिष्कार की बात करे। यह तो कभी जम्मू कश्मीर में नक्सलवादी और आतंकवादी करते थे। आतंकवादी बहिष्कार की बात करते थे या माओवादी इस तरह की बात करते थे।÷

पूरे देश में एसआईआर अभियान चलाने जाने की घोषणा पर जगदंबिका पाल ने कहा, ÷एसआईआर डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन प्रक्रिया है। कोई भी हिंदू-मुस्लिम या अन्य धर्म का भारतीय नागरिक, जो वोटर नहीं है, उसको वोटर बनाया जाएगा। सभी को मतदान का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेशी, रोहिंग्या या नेपाली नागरिक अवैध रूप से भारतीय वोटर बने हैं तो उन्हें हटाने की बात हो रही है, तो निश्चित तौर पर निर्वाचन आयोग निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए यह कर रहा है।

यह विपक्ष की सोची समझी रणनीति

संसद में विपक्ष के हंगामे पर भी जगदंबिका पाल ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, ÷यह विपक्ष की सोची समझी रणनीति है। पूरा सप्ताह बर्बाद हो गया। चाहे वह एसआईआर मुद्दा हो या कोई अन्य मामला, लोकसभा अध्यक्ष (ओम बिरला) ने चर्चा के लिए पहल की। केंद्रीय मंत्रियों ने आग्रह किए। एसआईआर पर आप (विपक्ष) चर्चा कर सकते हैं। जब सरकार कह रही है और लोकसभा अध्यक्ष कह रहे हैं, तो फिर भी पूरा हफ्ता बर्बाद किया है।

चुनाव आयोग का कदम लोकतंत्र को करेगा मजबूत : ललन सिंह

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने चुनाव आयोग के हालिया कदमों की सराहना करते हुए कहा कि यह देश के लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का यह कदम लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा और अवैध मतदाताओं के आधार पर सत्ता हासिल करने की कोशिशों पर रोक लगाएगा।

ललन सिंह ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, ÷चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि संविधान के अनुसार, केवल इस देश का नागरिक ही मतदाता हो सकता है। आयोग ने चार मानदंड तय किए हैं।

'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाने से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले को दिल्ली हाईकोर्ट को सौंपते हुए निर्देश दिया कि सभी पक्ष वहां अपनी दलील पेश करें।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने फिल्म पर रोक की मांग की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

इसका मतलब है कि फिल्म के निर्माता केंद्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय की समिति द्वारा सुझाए गए छह बदलावों के

साथ फिल्म को रिलीज कर सकते हैं। 'उदयपुर फाइल्स' कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित है, जो साल 2022 में उदयपुर में 'सर तन से जुदा' नारे के साथ हुआ था। इस घटना ने देशभर में सनसनी फैला दी थी। फिल्म के ट्रेलर और डायलॉग को लेकर विवाद उठा था, जिसके बाद जमीयत ने इसे सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाते हुए रिलीज पर रोक की मांग की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करते हुए सुझाए गए संशोधनों का पालन करने की बात निर्माताओं से कही।

एडवोकेट बरुण सिन्हा ने बताया, दिल्ली हाईकोर्ट यह तय करेगी कि केंद्र सरकार के 21 जुलाई 2025 के आदेश से कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं। हाईकोर्ट को यह अधिकार है कि वह फिल्म पर कोई आदेश दे या न दे। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने रिलीज पर रोक नहीं लगाई, इसलिए निर्माता कभी भी फिल्म रिलीज कर सकते हैं।

त्रिपुरा से दिल्ली तक पैदल मार्च पर निकले तिप्रासा समुदाय के लोग

अगरतला(आईएएनएस)। त्रिपुरा के तिप्रासा समुदाय के नेता और टिपरा मोथा पार्टी के कार्यकर्ता डेविड मुरासिंह ने केंद्र सरकार की ओर से वादों को पूरा न करने के विरोध में त्रिपुरा से दिल्ली के जंतर-मंतर तक पैदल मार्च शुरू किया है। उनके साथ तिप्रासा समुदाय के 16-17 लोग इस मार्च में शामिल हैं। डेविड मुरासिंह ने बताया कि वे साउथ बीसी मोनो के जनरल चेयरमैन थे, लेकिन इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस मार्च में कई लोग समय-समय पर शामिल हो रहे हैं और समुदाय का समर्थन मिल रहा है। डेविड मुरासिंह ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, ÷यह मार्च मेरा निजी उद्देश्य नहीं है, बल्कि तिप्रासा समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांगों की ओर ध्यान दिलाना है। हमारी तीन मुख्य मांगें हैं: पहला, 'ग्रेटर तिपरालैंड' की स्थापना; दूसरा, तिपरासा समझौते को लागू करना; और तीसरा, त्रिपुरा और पूरे पूर्वोत्तर में अवैध प्रवास पर रोक लगाना। उन्होंने बताया कि 2 मार्च 2024 को केंद्र सरकार, त्रिपुरा सरकार और तिपरा मोथा के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते को छह महीने में लागू करना था, लेकिन 18 महीने बीत जाने के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। तिप्रासा समुदाय का कहना है कि केंद्र सरकार ने उनके हितों की अनदेखी की है।

अवैध प्रवास के कारण त्रिपुरा के आदिवासी समुदाय को अपनी जमीन, रोजगार और राजनीतिक अधिकारों में नुकसान हो रहा है। डेविड मुरासिंह ने कहा, ÷अवैध प्रवास न केवल त्रिपुरा, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर और भारत के लिए एक बड़ी समस्या है। हम दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना देंगे और पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करेंगे ताकि हमारी मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर सुना जाए।

अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए का बड़ा एक्शन,एयर इंडिया को 4 कारण बताओ नोटिस; सुरक्षा नियमों में मिलीं गंभीर खामियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के करीब एक महीने बाद, विमानन नियामक डीजीसीए (ष्ठत्रष्ट) ने एयर इंडिया पर शिकंजा कस दिया है। डीजीसीए ने गुरुवार को एयरलाइन को चार कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस कैबिन क्रू की ड्यूटी, उनके आराम के घंटे, ट्रेनिंग और अन्य ऑपरेशनल प्रक्रियाओं में गंभीर चूकों के आरोपों को लेकर भेजे गए हैं। सूत्रों के अनुसार, ये नोटिस 23 जुलाई को जारी किए गए, जो एयर इंडिया द्वारा ही 20 और 21 जून को स्वेच्छा से सौंपी गई रिपोर्ट पर आधारित हैं। इन रिपोर्टों में एयरलाइन ने खुद माना है कि पिछले एक साल में कई उड़ानों के दौरान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ।

यूपीआई पेमेंट को भविष्य में वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाने की जरूरत : गवर्नर

मुंबई (आईएएनएस)। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को संकेत दिया कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से पूरी तरह से मुफ्त डिजिटल लेनदेन का युग हमेशा के लिए नहीं रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यूपीआई इंटरफेस को भविष्य में वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाया जाना चाहिए।

यूपीआई सिस्टम वर्तमान में यूजर्स के लिए निःशुल्क है और पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करने वाले बैंकों और अन्य हितधारकों को सरकार सब्सिडी

देकर लागत वहन करती है। उन्होंने देश की आर्थिक राजधानी में एक कार्यक्रम में कहा, लागत चुकानी होगी। किसी न किसी को तो लागत वहन करनी ही होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, ÷भुगतान और पैसा जीवन रेखा हैं। हमें एक सार्वभौमिक रूप से कुशल प्रणाली की आवश्यकता है। फिलहाल, कोई शुल्क नहीं है।

बड़ा बयान ... जमीन अधिग्रहण बिल, मनरेगा, भोजन का अधिकार, ट्राइबल बिल, नियामगिरी की लड़ाई ये सारे काम मैंने सही किए

ओबीसी वर्ग के हितों की जिस तरह से रक्षा करनी थी, वह मैं नहीं कर पाया : राहुल गांधी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने ओबीसी वर्ग के हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, लेकिन यह भी स्वीकार किया कि उन्हें और कांग्रेस को जिस तरह से इस वर्ग के हितों की रक्षा करनी थी, वह कार्य उस प्रकार से नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वह अब ओबीसी के मुद्दों को गहराई से समझते हैं और उनके हितों को सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे।

राहुल गांधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं 2004 से राजनीति में हूं और मुझे 21 साल हो गए। जब मैं पीछे देखता हूं और अपना आत्मविश्लेषण करता हूं, मैंने कहां-कहां सही काम किया और कहां कमी रही तो दो-तीन बड़े मुद्दे दिखाई देते हैं, जैसे जमीन अधिग्रहण बिल, मनरेगा, भोजन का अधिकार, ट्राइबल बिल, नियामगिरी की लड़ाई, ये सारे काम मैंने सही किए।

जहां तक आदिवासियों, दलितों, महिलाओं के मुद्दे हैं, वहां मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। मैंने अच्छा काम किया।''

कांग्रेस पार्टी और मेरे काम में एक कमी रह गई

उन्होंने आगे कहा कि मैं थोड़ा पीछे की ओर देखता हूं तो एक बात बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देती है कि एक विषय पर मुझसे कमी रही। कांग्रेस पार्टी और मेरे काम में एक कमी रह गई, मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। इसका कारण था कि मुझे ओबीसी के मुद्दे उस वक्त गहराई से नहीं समझ आए थे। मैं मंच से कहता हूं 10-15 साल पहले दलितों के सामने जो कठिनाइयां थीं, वो मुझे अच्छी तरह समझ आ गई थीं। उनके मुद्दे सामने हैं, वो आसानी से समझ आ जाते हैं, लेकिन ओबीसी की मुश्किलें छुपी रहती हैं। मुझे अगर आपके मुद्दों और परेशानियों के बारे में उस वक्त पता होता तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता। वो मेरी गलती है, जिसे मैं ठीक करने जा रहा हूं। हालांकि, ये एक तरह से अच्छा ही हुआ, क्योंकि अगर उस समय मैंने जातिगत जनगणना करवा दी होती, तो वो आज जैसी नहीं होती।

कृषक एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर कृषि को न केवल लाभकारी बल्कि स्थायित्व बनाएं: प्रो. दानडीन

लघु कृषकों की स्थिरता के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली पर सीवीआरयू में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में जीवन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय लघु कृषकों की स्थिरता हेतु एकीकृत कृषि प्रणाली था। इस कार्यक्रम में कृषि और वैज्ञानिक समुदाय के 14 विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल सिल्क बोर्ड, बैंगलोर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर एस. वी. दानडीन उपस्थित रहे, जो कि पूर्व कुलपति एवं निदेशक रह चुके हैं।

उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों और भूमि में भी लघु कृषक एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर कृषि को न केवल लाभकारी बना सकते हैं, बल्कि उसे स्थायित्व भी प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि इस प्रणाली में बागवानी, कुक्कुट पालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों को जोड़कर एक समग्र और टिकाऊ मॉडल तैयार किया जाता है, जिससे किसान की आमदनी में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहता है। इस सेमिनार में देशभर से 14 विशिष्ट वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. मथुरा मूर्ति, डॉ. टी. सिल्वा कुमार, डॉ. जयारामा राजू पी., डॉ. एस. के. पुनवेल, डॉ. के. झांसी लक्ष्मी, सौदामनी पी. वी., डॉ. जे. पी. पांडेय, डॉ. एम. एस. राठौर, डॉ. हसनसाब नदफ, डॉ. आर. श्रवण कुमार, डॉ. एस. एस. मोहनराज, डॉ. माला ऐन, श्रीमती जे. कोमल ने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी. के. घोष ने कहा कि चक्रीय कृषि प्रणाली को अपनाते हुए मशरूम उत्पादन और कुक्कुट पालन को एकीकृत कर एक सुदृढ़ कृषि ढांचा तैयार किया जा सकता है। इससे उत्पादन और मुद्रा प्रवाह दोनों में वृद्धि होगी, जो कृषक आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करेगा। प्रमुख शिक्षाविद डॉ. श्वेता साव, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. साकेत चंदेल, डॉ. अभिनव शुक्ला, डॉ. एस. के. तिवारी, डॉ. रत्नेश तिवारी, डॉ. अनुपम तिवारी उपस्थित रहे। दर्शक दीर्घा से प्रखर शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर प्रस्तुतकर्ता ने सहजता से दिया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. हेमलता निषाद, डॉ. हिमानी सान्डे, डॉ. ममता साहू, ज्योति श्रीवास, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. प्रतिभा पांडेय, सुश्री दरक्षन सलीमा, वासुदेव कौशिक, देव मुनी पोर्ते, अशोक प्रजापति और डॉ. अभिषेक शर्मा (रसायन) का विशेष योगदान रहा।

मत्स्य पालन को कृषि प्रणाली में शामिल करने पर जोर

कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने मत्स्य पालन को कृषि प्रणाली में सम्मिलित करने पर जोर दिया ताकि आय के स्त्रोत बहुआयामी बन सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अमित शर्मा (विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान) द्वारा मंत्रोच्चार और सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन और विभागाध्यक्षों द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन विज्ञान संकाय अध्यक्ष डॉ ए के श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आर. के. सिंह (विभागाध्यक्ष, जीवन विज्ञान) द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने लघु कृषकों को कृषि के साथ पशुपालन की उपयोगिता पर बल दिया। इस कार्यक्रम के संचालन में डॉ. शालिनी पांडे, डॉ. अन्तु कुर्रे, सुश्री साक्षी दुबे, सुश्री अंकिता रिडिलवार, डॉ. डी. के. सोनी का विशेष योगदान रहा।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

जांजगीर-चांपा / नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरकोट के आंगनबाड़ी केन्द्र 07 में सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है, जिसमें किसी भी अभ्यर्थी, नागरिक द्वारा आं.बा. सहायिका पद में दावा आपत्ति करना हो तो 04 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन समयावधि मे एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ मे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जमा कर सकते है।

प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 11 अगस्त तक

जांजगीर-चांपा / नवप्रदेश। वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 11 अगस्त समय सायं 04 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर दिया जोर, कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की बैठक

शैक्षिक समन्वय व प्राचार्य बच्चों के समग्र विकास के लिए बनाएं कार्ययोजना: कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिले के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों एवं प्राचार्यों की संयुक्त बैठक स्थानीय देवकीनन्दन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और छात्रों के शैक्षणिक प्रर्दशन को बेहतर बनाना था।

कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे विद्यालय मे नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें। शिक्षकों की उपस्थिति पर विशेष निगरानी रखें और कमजोर छात्रों पर ज्यादा ध्यान देते हुए उनके लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक ज्ञान का भी विकास होना चाहिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, जिला मिशन समन्वयक ओम पाण्डेय, सहायक परियोजना अधिकारी रामेश्वर जायसवाल सहित जिला शिक्षा कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकगण अपना बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने शिक्षकीय कार्य को सेवा भाव से करने शिक्षकों को प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि वे विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और सामाजिकता की भावना का विकास करें। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पर्यावरण, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, नैतिक एवं सामाजिक मूल्य प्रदान करने प्राचार्यों से प्रत्येक शनिवार को इसके लिए कार्ययोजना बनाने कहा। आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण के अंतर्गत पानी बचाओ अभियान की शुरूवात के साथ ही अधिकाधिक वृक्षारोपण किए जाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

भाषाई व गणितीय कौशल विकास पर जोर

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला मिशन समन्वयक ओम पाण्डेय के उद्बोधन से हुआ जिसमें उनके द्वारा प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों के भाषाई एवं गणितिय कौशल के विकास हेतु शासन के कार्ययोजना अनुसार कार्य किए जाने पर विशेष बल दिया गया। सहायक संचालक पी. दासरथी द्वारा छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपस्थिति प्रतिभागियों को दिया गया। जिला साक्षरता मिशन के परियोजना अधिकारी जितेन्द्र पाटले के द्वारा उल्लास कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए साक्षरता दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु उपयोगी सुझाव प्रदान किए गए।

मछली पकड़ने गए सरपंच पति की तालाब में डूबने से मौत

■ **पचपेड़ी थाना का मामला**
पुलिस जांच में जुटी

मस्तूरी/नवप्रदेश। ग्राम जलसों में मछली पकड़ने गए सरपंच पति की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान वेदराम मरकाम (58 वर्ष), पिता स्व. कालू राम मरकाम के रूप में हुई है, जो ग्राम पंचायत जलसों की वर्तमान सरपंच शिवकुमारी मरकाम के पति थे।

मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार दोपहर की है जब वेदराम गांव के पास स्थित बैगा चौरा तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल लेकर गए थे। काफी देर तक जब वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों और ग्रामीणों को चिंता हुई। आसपास खोजबीन शुरू हुई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। देर शाम लगभग 5 बजे ग्रामीणों को तालाब के पानी में एक शव तैरता दिखाई दिया, जिसे बाहर निकालने पर उसकी पहचान वेदराम के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना तत्काल पचपेड़ी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि वेदराम गहरे पानी में फंस जाने के कारण डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है। फिलहाल पचपेड़ी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

एयू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 802 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित पाँच विभागों के 15 विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया गया। इन पाठ्यक्रमों के लिए 1089 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 802 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।



परीक्षा का संचालन विश्वविद्यालय प्रशासन एवं परीक्षा समिति के निर्देशन में शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की गईं – प्रथम पाली में 14 पाठ्यक्रमों की परीक्षा संपन्न हुई, जबकि द्वितीय पाली में एम.कॉम. पाठ्यक्रम की परीक्षा आयोजित की गई।

परीक्षा आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों की विभिन्न कक्षाओं में परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। सम्पूर्ण परीक्षा व्यवस्था में अनुशासन, समयबद्धता और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं एवं जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए निरंतर आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया। कुलसचिव शैलेंद्र दुबे ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके उत्साहपूर्ण सहभाग को सराहा। डॉ. दीवान ने विशेष रूप से विभागाध्यक्षों, परीक्षा संयोजक डॉ. एच. एस. होता, परीक्षा प्रभारी एफ. कुरैशी सहायक कुलसचिव, डॉ. कलाधर तथा समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों के सक्रिय योगदान की सराहना की।

विद्यार्थी एक उत्कृष्ट शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने प्रतिबद्ध: डॉ. दीवान

परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरुण धर दीवान ने समस्त परीक्षार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयीन विद्यार्थी एक उत्कृष्ट शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इस परीक्षा के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण का सहयोग सराहनीय रहा, जो कि समर्पित टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है।

आरक्षक भर्ती : लिखित परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 अंतर्गत 16 नवंबर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक बिलासपुर रेंज, भर्ती केन्द्र क्रमांक-01, 2री वाहिनी, छसबल, सकरी में जिला बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही के सम्मिलित अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण, शारीरिक मापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया।

सार्वजनिक स्थानों में घूमते दो आरोपियों से चाकू बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। आकस्मिक चेकिंग अभियान में सकरी पुलिस दो व्यक्तियों से धारदार चाकू बरामद किया है। वहीं 12 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन निमितेश सिंह के मार्गदर्शन में थाना सकरी पुलिस द्वारा क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों के पास से अवैध रूप से धारदार चाकू बरामद किए गए। दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में लक्की पांडे पिता गोपाल पांडे, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14, सकरी व साहिल खान पिता अकरम खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी संतोषी नगर, रायपुर (वर्तमान निवास- सकरी) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अभियान के दौरान 12 ऐसे व्यक्तियों को पकड़ा गया जो सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते हुए पाए गए। इन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 24 मरीजों को पोषण आहार वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनभागीदारी की सराहनीय पहल करते हुए जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी सुभाष जैन, श्रीजी भक्त मंडल अध्यक्ष द्वारा जिला अस्पताल में उपचाररत 24 टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की जनभागीदारी पहल के तहत यह आयोजन किया गया।

जैन समाज की सराहनीय पहल

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी सुभाष जैन ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और उन्हें पोषण किट भेंट किया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। पोषण किट में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले आहार सामग्री जैसे फल, सूखे मेवे, पौष्टिक बिस्किट, दलिया, एवं अन्य सुपाच्य वस्तुएं शामिल थीं। श्री जैन ने कहा कि यह सेवा कार्य उनके धार्मिक दायित्व और सामाजिक कर्तव्यों का हिस्सा है। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी ने श्री जैन के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से ही टीबी मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। डॉ. बांधी ने इस अवसर पर कहा कि यह सेवा कार्य न केवल मरीजों के पोषण स्तर में सुधार लाने में सहायक होगा। बल्कि समाज को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक (टीबी) आशीष सिंह, सुपरवाइजर मानमलाल मारमती, जय सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

टोनही प्रताड़ना कानून पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

बिलासपुर/ नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था मदद मीनार फाउंडेशन की ओर से समझो तो प्रोग्राम के माध्यम से द सविंधान लाइव कार्यक्रम के तहत पिछले नौ माह से संस्था अनेक मोहल्ला सभा, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह, कानून, संविधान जागरिक, नशामुक्ति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर युवाओं के बीच जन-जागरूकता का काम कर रही है एवं समाज मे बदलाव लाने का एक सकारात्मक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में छतीसगढ़ टोनही प्रताड़ना कानून 2005 के अधिनियम को लेकर संस्था द्वारा विषय महिलाओं को डायन-बिसाही से बचाने के नाम पर, टोनही अधिनियम वास्तव में लिंग आधारित हिंसा को वैध बनाता है पर एक डिबेट का आयोजन किया, जिसमे समाज मे फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए टोनही प्रताड़ना में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को प्रमुख मुद्दा माना गया। कुरीतियों की वजह से महिला समाज को प्रताड़ित किया जाता है एवं उन्हें मानसिक क्षति पहुंचाने की कोशिश की जाती है।

उपलब्धि — भारत की तकनीकी क्रांति में एक नया आयाम स्थापित करते हुए पहला केरल नवाचार महोत्सव शुरु

केरला इनोवेशन फेस्टिवल में डीपी कॉलेज के प्रो. निधीश चौबे लेंगे भाग

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल 26 जुलाई को कोच्चि में केरल इनोवेशन फेस्टिवल मनाया जाएगा। यह आयोजन कुसुम कैंपस कोच्चि में आयोजित किया गया है। केरल सरकार के उद्योग, कानून और कॉयर मंत्री, पी. राजीव का मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिए, उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने केरल के नवाचार परिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और स्थिरता एवं समावेशी विकास पर आधारित एक मजबूत आद्योगिक आधार को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने डी.पी. विप्र कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर निधीश चौबे एवं रविंदर केरल के लिए रवाना हुए। भारत की तकनीकी क्रांति में एक नया आयाम स्थापित करते हुए पहला केरल नवाचार महोत्सव केएसयूएम 2025 आज दिनांक को प्रारंभ हुआ। इसमें उद्योग, निवेशकों छात्रों नीति निर्माताओं और रचनात्मक प्रतिभावों सहित 10000 लोग भाग ले रहे हैं।

इस इनोवेशन फेस्टिवल में छात्रों को नये-नये स्टार्टअप देखने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में 100 से अधिक उत्पाद प्रदर्शनियां, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के कार्यशील मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, साथ ही शी लीड्स, सस्टेनेबल डेवलपमेंट और जेन एआई फॉर ऑल जैसे शिखर सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, एक अनुभव केंद्र, उत्पाद प्रदर्शनियाँ, फैब और मेकर एक्सपो, फूड फेस्ट, संगीत महोत्सव, सस्टेनेबल फ्ली मार्केट और एक मेगा इनोवेशन टूर भी आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में आईटी विशेष होंगे शामिल

कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में आईटी विशेष सचिव एस संबाशिव राव, इंफोसिस के सह-संस्थापक और सीआईआई-सीआईईएस के अध्यक्ष क्रिस गोपालकृष्णन, अभिनेता-निर्माता निविन पॉली, अभिनेता-निर्देशक ध्यान श्रीनिवासन, अभिनेत्री निखिला विमल, निर्माता सोफिया पॉल, इज माई ट्रिप के सीईओ रिकांत पिट्टी, ब्राह्मण फूड इंडिया के एमडी श्रीकांत विष्णु, मैट्रिमोनी. कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन और वीकेसी कॉर्पोरेट हाउस के एमडी बोलेंगे। अन्य लोगों के अलावा वीकेसी रजाक भी शामिल थे।

सुविचार

ये दुनिया इतनी हल्की हो गई है कि आपकी एक खामी भी आपकी हजार खूबियों पर भारी पड़ जाती है। - अज्ञात

चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी

बिहार में एसआईआर का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बिहार विधानसभा के पांच दिवसीय सत्र के दौरान राष्ट्रीय जनता दल ने एसआईआर के मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा किया जिसके चलते विधानसभा की कार्यवाही बाधित हुई। इधर नई दिल्ली में भी एसआईआर के मामले को लेकर लामबंद हो गया है। पटना से लेकर नई दिल्ली तक आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक पार्टियों ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर हमले तेज कर दिये हैं। तेजस्वी यादव ने तो चुनाव आयोग पर यह आरोप लगा दिया है कि वह एसआईआर के नाम पर गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटने जा रहा है। इसलिए महागठबंधन विधानसभा चुनाव के बहिष्कार पर विचार करने जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि चुनाव आयोग पर दबाव बनाने के लिए तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे रहे हैं। इधर नई दिल्ली में कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी बिहार में चुनाव की चोरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने फिर से महाराष्ट्र का जिक्र करते हुए कहा है कि वहां चुनाव अयोग ने वोटरों की संख्या बढ़ाकर चुनाव में गड़बड़ी की थी और अब बिहार में वह वोटरों के नाम काटकर गड़बड़ी करने जा रहा है इस बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्टीकरण दिया है। विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने कहा है कि फर्जी वोटरों और मृत लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाना भला कैसे गलत हो सकता है। चुनाव आयोग लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगा। एसआईआर की कार्यवाही पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है इसे लेकर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। राजनीतिक विचारधारा से परे इसपर मंथन करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि एसआईआर के दौरान बिहार में लगभग पचास से साठ लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से कटने जा रहे हैं। जिनमें से बीस लाख लोग तो दुनिया छोड़ चुके हैं। वहीं लगभग पच्चीस लाख लोग स्थाई रूप से बिहार छोड़कर अन्य राज्यों में जा बसे हैं। एसआईआर का काम नब्बे प्रतिशत से ज्यादा पूरा हो चुका है और जिन लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। वे एक सितंबर तक अपना दावा आपत्ति पेश करके और आवश्यक प्रमाण देकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। जब चुनाव आयोग इतनी पारदर्शिता से काम कर रहा है तो फिर एसआईआर का विरोध करना राजनीति प्रेरित ही लगता है।

मौसमी बीमारियों का बढ़ता प्रकोप चिंतनीय

हर साल की तरह ही इस बार भी बरसात के मौसम में छत्तीसगढ़ में मौसमी बीमारियों का और खासतौर पर मलेरिया का बढ़ता प्रकोप चिंता का विषय है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ग्राम स्तर पर स्वास्थ सुविधाओं को सुचारू बनाना नितांत आवश्यक है। बस्तर में मलेरिया और डेंगू जैसे रोगों से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इन संक्रामक रोगों के उन्मूलन के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ विभाग को प्रभावी और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। उनके इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी बनती है। गौरतलब है कि हर साल बरसात के मौसम में जगह-जगह जलभराव होने की वजह से मच्छरों ाक प्रकोप बढ़ जाता है और उनकी वजह से मलेरिया फैलता है इसलिए यह आवश्यक है कि प्रदेश के सभी नगरीय निकाय और पंचायतें जलभराव की समस्या का समाधान करने और साफ सफाई व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए विशेष अभियान चलायें। दरअसल साफ सफाई व्यवस्था के अभाव के कारण ही बरसात के मौसम में जगह-जगह फैली गंदगी के कारण ही संक्रामक रोगों को प्रकोप फैलता है और जल जनित रोगों का भी खतरा पैदा हो जाता है जिसकी वजह से हजारों लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं और इनमें से तो कुछ काल का ग्रास भी बन जाते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रशासनिक अमला मुस्तैदी से काम करेगा और इसके लिए युद्ध स्तर पर विशेष अभियान चलाएगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जीव अगर भक्ति करना चाहता है तो जीव का पहला प्रश्न यह होगा कि हम भक्ति करें क्यों :

भोजन करें, रुपया कमाएं, घर द्वार बनाए, ये सबके संग रहे; ये भक्ति हमें क्यों चाहिए? तो इसका सीधा सा उत्तर हैं कि भक्ति हमारे लिए ऐच्छिक विषय नही हैं, अनिवार्य विषय है।

◆ देखते-देखते ये बुझा हुआ दीपक जल जाएगा, देखते-देखते ये उजड़ी हुई बगीचा फिर से लहलहा उठेगी, देखते-देखते सुगंधी फैल जाएगी, देखते-देखते ये अनंत मनुष्य जो विलग हो गए हैं देखते-देखते चारो तरफआनंद की, प्रेम की, शांति की, मस्ती की सुबास फैल जाएगी

◆ झूठे लोगों के भीतर सदा शिकायत रहती है। मेरे इतना करने के बाद भी तुमने क्या किया? ऐसा कोई कहे तो समझ लो आदमी झूठा है।

◆ जब कोई कहता है इतना करने के बाद भी मैं तो इतना करता हूँ, तुम क्या करते हो? तो ये वास्तव में भिखारीपना है!!

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1826 लिथुआनिया की हिंसा में अनेक यहूदी मारे गए। 1835 हवाई में पहला गन्ना बागान शुरू हुआ। 1858 बैरोन लियोनेल डे रोथस्चल्ड ब्रिटिश संसद के लिए चुने गए पहले यहूदी व्यक्ति थे। 1951 नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया। 1953 एरिज़ोना में एक बहुसंख्यक मॉर्मन संप्रदाय पर शॉर्ट क्रीक छापा मारा गया। 1953 फिदेल कास्त्रो और उनके भाई राउल ने मोनकाडा बैरक पर असफल हमले में लगभग160 विद्रोहियों के एक समूह का नेतृत्व किया, इस प्रकार क्यूबा क्रांति। 1953 कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा में सफल क्रांति की शुरुआत हुई।1956 मिस्त्र ने स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया। 1965 मालदीव ब्रिटेन के अधीनता से स्वतंत्र हुआ। 1998 एटीएंडटी और ब्रिटिश दूरसंचार कंपनी पीएलसी ने संयुक्त उपक्रम बनाने की घोषणा की।

योगेश कुमार गोयल

बहुत ऊंचाई पर लड़े गए उस भीषण युद्ध के दौरान अपनी बहादुरी और साहसिक कार्यों के लिए कई सैन्य अधिकारी राष्ट्रीय नायक बन गए, जिनमें 13 जैएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा, 18 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, 1/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, 18 ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, एएससी, 2 राज आरआईएफके कैप्टन एन केंगुरुसे प्रमुख रूप से शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारत सेना के अनेक नायकों ने अपने प्राणों की आहुति इसीलिए दी ताकि पूरा देश चैन की नींद सो सके। कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम के लिए ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव तथा लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे को परमवीर चक्र और लेफ्टिनेंट बलवान सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। कैप्टन एन केंगुरुसे को मरणोपरांत महावीर चक्र और कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान कर उनकी शहादत का सम्मान किया। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा के शब्द, 'ये दिल मांगे मोर' तो अब भी लोगों के कानों में गूंजते हैं। कारगिल युद्ध के ऐसे ही वीर नायकों की बहादुरी, साहस और जुनून की कहानियां आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में जोश भर देती हैं।

कारगिल युद्ध के नायकों के शौर्य और वीरता को नमन

26 जुलाई को देश कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मनाएगा। भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटाई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ वह युद्ध 60 दिनों तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी। दरअसल उस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैंकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायनों में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया था, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह

लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम 5 जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ।

भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफसे पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया। 11 घंटे के भीषण संघर्ष के बाद भारतीय सेना ने 20 जून 1999 को टाइगर हिल के पास प्वाइंट 5060 और प्वाइंट 5100 पर भी पुनः कब्जा कर लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 5 जुलाई 1999 को नवाज शरीफ से मुलाकात की, जिसके बाद पाकिस्तान ने कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 11 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू किया और भारतीय सेना ने बटालिक की प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने 14 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की घोषणा की और 26 जुलाई 1999 को वीर 527 सैनिकों की शहादत के बाद कारगिल युद्ध समाप्त हुआ।

नीरज मनजीत

पिछले माह बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह शामिल हुए थे। हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर और शी जिनपिंग की सौहार्दपूर्ण भेंट भी काफी चर्चा में है। इधर चीन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए संदेश दिया है कि यदि भारत चीन के रिश्ते सामान्य होते हैं, तो पाकिस्तान को किनारे किया जा सकता है। ज़ाहिर है कि भारत और चीन के रिश्ते वापस पटरी पर आते हैं और यह त्रिगुट आगे बढ़ता है, तो निश्चय ही वैश्विक शक्ति संतुलन, वैश्विक व्यापार और वर्ल्ड आर्डर में बड़ा परिवर्तन आ सकता है। ये तीनों देश दुनिया के क्षेत्रफल का 19 फीसदी हिस्सा साझा करते हैं तथा वर्ल्ड जीडीपी में इनका 33 फीसदी का योगदान है। भारत चीन रूस की सम्मिलित जीडीपी 26 ट्रिलियन डॉलर की है।

क्या पुन: सक्रिय होगा भारत-रूस-चीन का त्रिगुट ?

पिछले महीने रूस की राजधानी मॉस्को में एक बड़ा ही रोचक आयोजन किया गया था। विषय था ÷फोरम ऑफ द फ्यूचर 2050÷। 2050 तक आते-आते वैश्विक व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, इसके पूर्वानुमान पर आधारित इस विचार संगोष्ठी को लोमोनोसोव मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी ने आयोजित किया था। दो दिनों के इस कार्यक्रम की योजना रूस के दार्शनिक अलेक्जेंडर दुगिन ने बनाई थी, जिन्हें राष्ट्रपति पुतिन का गुरू माना जाता है। दिलचस्प बात यह थी कि इस आयोजन में कई युवा अध्येताओं के साथ टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क के पिता इरॉल मस्क ने भी शिरकत की थी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने वक्तव्य में वैश्विक बिरादरी के शक्ति संतुलन के संदर्भ में एक बड़े ही महत्वपूर्ण तथ्य को रेखांकित करते हुए कहा कि रूस-भारत-चीन के त्रिकोणीय सहयोग को पुनर्जीवित का यह सबसे मुनासिब वक़्त है। लावरोव का तर्क था कि हाल के महीनों में भारत और चीन के रिश्तों में काफी सुधार हुआ है और दोनों देश तनातनी छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं।

वैश्विक स्तर के मद्देनज़र यह आयोजन बहुत ही छोटा और नोटिस करने लायक नहीं था, मगर लावरोव के उक्त कथन के बाद दुनिया के ताक़तवर हलक़ों में अकस्मात ही यह चर्चा में आ गया है। ख़ास तौर पर इरॉन मस्क के शामिल होने और रूस-भारत-चीन के त्रिगुट पर बात छिड़ने की वजह से अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कान खड़े हो गए हैं। निश्चय ही लावरोव के आइडिया ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप के उंस दर्प पर थोड़ी सी खरोंच तो जरूर लगाई होगी, जिसके तहत अमेरिका खुद को वैश्विक बिरादरी की सर्वोच्च महाशक्ति मानता है। ऐसी चुनौती मिलने पर ट्रंप कूटनीति के सारे स्थापित प्रतिमानों से ऊपर उठकर बड़े ही मुखर अंदाज़ में धमकी-चमकी और भयभीत करने पर उतर आते हैं।

ऐसा हमने दो हफ़्ते पहले रियो डि जेनेरियो ब्राजील में ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में देखा है। ब्राजील के प्रगतिशील और वामपंथी राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ÷वैश्विक समुदाय में हमें किसी शहंशाह की जरूरत नहीं है और अब वक़्त आ गया है कि हम डॉलर के मुकाबले एक वैकल्पिक मुद्रा तैयार करें।÷ राष्ट्रपति लूला की बात सुनकर व्हाइट हाउस में बैठे ट्रंप आगबबूला हो गए और फ़ौरन उन्होंने कह दिया कि ÷ब्रिक्स का कोई देश अगर डॉलर और अमेरिका की ख़िलाफ़त करेगा, तो उस पर सौ फ़ीसदी टैरिफ़ लगा दिया जाएगा।÷ राष्ट्रपति लूला बहुध्रुवीय विश्व और ग़रीब विकासशील देशों के समूह ÷ग्लोबल साउथ÷ के पक्षधर हैं, इसलिए ट्रंप की धौंस का उन पर कोई असर पड़ेगा, ऐसा नहीं लगता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी बहुध्रुवीय दुनिया और ग्लोबल साउथ की वकालत करते हैं। दरअसल आज़ादी के बाद से ही यह भारत की नीति रही है। रूस-भारत-चीन के त्रिगुट का विचार 1998 के आसपास रूस के तत्कालीन विदेश मंत्री एवगेनी प्रिमकोव ने दिया था। सोवियत संघ के विघटन के बाद वारसा संधि भी टूट गई थी और यूरोप के कम्युनिस्ट देश धीरे धीरे लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाकर नाटो में शामिल होते चले गए थे। वैश्विक बिरादरी नितांत एक ध्रुवीय ही गई थी, जिसमें अमेरिका ही सबसे बड़ा चौधरी था। 2001 में औपचारिक रूप से आरआईसी की स्थापना की गई थी। आरआईसी के पहले बयान में ही कहा गया था कि यह त्रिगुट ऐलानिया तौर पर बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था का प्रबल पक्षधर है। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया गया कि यह त्रिगुट अमेरिका के क़तई ख़िलाफ़ नहीं है और तीनों देश अपने अपने हितों के मुताबिक अमेरिका से रिश्ते बराबर क़ायम रखेंगे। हालांकि इस कथन पर यकीन करना मुश्क़िल था, क्योंकि त्रिगुट की स्थापना के मूल में तो अमेरिका के दबाव को संतुलित करने का ही विचार था। मगर यह त्रिगुट कामयाब नहीं हो सका। इसकी एक बड़ी वजह ब्रिक्स की स्थापना थी, जिसकी लीडरशिप में भारत रूस चीन के साथ साथ ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका भी शामिल थे।

अब एक बार फिर इस त्रिगुट को पुनर्जीवित करने की बात चल रही है तो भारत ने बड़ी सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि ÷यह एक ऐसा मंच है, जहां तीनों देश वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं और आरआईसी की अगली बैठक के बारे में तीनों देश मिलकर तय करेंगे।÷ दरअसल इस त्रिगुट को आगे बढ़ाने से पहले भारत और चीन अपने अपने आपसी रिश्तों और तालमेल की गहन समीक्षा कर रहे हैं। वैसे पिछले एक वर्ष में भारत और चीन की तनातनी और तल्ख़ी काफी कम हुई है। दोनों देश डोकलाम के फेस ऑफ और गलवान घाटी की झड़प को भुलाकर रिश्तों को सामान्य बनाने की चेष्टा कर रहे हैं। सरहदों पर आमने सामने तैनात सेनाएँ पुरानी स्थिति में लौट चुकी हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सलोनी हवाएं

सलोनी हवाएं तो आती रहेंगी। फूलों पे शोखी, लाती रहेंगी। बागों में गाएंगी बुलबुल तराने सदियां इन्हें गुनगुनाती रहेंगी। सलोनी हवाएं .. नदिया की कल कल, कागज की कश्ती मिलतीं हैं राहों में मीतों की बस्ती जिन्दा रहेगी जमीं पर मोहब्बत प्रीतिल सी गुन गुन सुनाती रहेंगी सलोनी हवाएं.. सपनों की परियां, सपनों में आतीं सपनों की झीलों पे पायल बजातीं बन रहीं उल्फत की नई बस्तियां सी दुनियां इनमें घर बनाती रहेंगी सलोनी हवाएं - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

बरखा की रिमझिम

बरखा की रिमझिम ने भर दी, मन की आज तलैया, बीते दिन की याद दिलाती, ये कागज की नैया। विकल हुआ मन मेरा तुम बिन, गीत न गाया जाए, अपलक विरहिन बाट जोहती, आओ नाव खिवैया। नैन हो गए सावन-भादों, हृदय जेठ दोपहरी, मूर्ति हुआ मन पावन मंदिर, लगी लगन है गहरी। भाव समर्पण को आतुर हैं, नेह निछावर निश्छल, बिन काँवर, बिन गंगा जल भी, गूंजे बम- बम लहरी।

- डॉ. अंजना सिंह सेंगर

मैं यहां समय काटने के लिए नहीं आता हूं

मैं यहाँ समय काटने के लिए नहीं आता हूँ और न ही प्रशंसा पाने के लिए । बहुत गहरे तक पकाकर , देश की भलाई के लिए लिखता हूँ । डेढ़ रुपये वाले ट्रोल भी दोस्त ही हैं , भारतीय नागरिक जो हैं । जिस रोज पाला बदलेगा ....अफ़सोस ये दूसरों के रहमो-करम पर होंगे....बस सब साथी इन्हें माफकर देना , क्योंकि इन्हें घर ही में दुश्मन पैदा करने की पुरानी आदत है । - **केदारनाथ शब्द मसीहा**

आ गया है मास सावन झूमके

आ गया है मास सावन झूमके भीग जाये आज आँगन झूमके मेघ जब घनघोर बरसे इस जहाँ मन मयूरा नाच पावन झूमके घिर रही काली घटायें झूमके पुण्य भारत भूमि सारी हो गयी बूँदे गिरती मस्त भावन झूमके ओर हर मौसम सुहावन झूमके - **डॉ मधु त्रिवेदी**

कृष्ण के रहते महाभारत हुई भीष्म

कृष्ण के रहते महाभारत हुई भीष्म के रहते महाभारत हुई युधिष्ठिर के रहते महाभारत हुई उसको कोई टाल न सका । गीता के रहते महाभारत हुई शुचिता के रहते महाभारत हुई भगवतभारती संहिता के रहते महाभारत हुई उसको कोई टाल न सका । - **राजीव वर्मा**

चल रहा मैं संभल कर तेरे बिन

चल रहा मैं संभल कर तेरे बिन सफर याद के रास्ते रोकते आज भी । घर, रसोई मुझे घूरते अश्रु मय माँ कहाँ है यही पूछते आज भी। वृद्ध बरगद,कुंआ,खेत,पनिहारिने गांव आँखों में हैं तैरते आज भी। हाँ दहन कर रहे आप रावण मगर भेष साधू का धर घूमते आज भी। चाहत-ए-अर्श औलाद वालिद सुनो बन सितारे तनुज टूटते आज भी। - **सतीश मैथिल तनुज**

नमामि शंभु नाथ आप सृष्टि पाल



नमामि शंभु नाथ आप सृष्टि पाल हो आपकी कृपा मिले जु भक्त ये निहाल हो आपके बिना यहां न काम कोइ हो रहे आप हों कृपालु तो कराल भी न काल हो आप आशुतोष आप भूतनाथ शंकरा सावनी सुहावनी छटा बड़ी निहाल हो। भक्त हाथ दुग्ध ,नीर, भांग,बेल पात घी हो सजा हुआ त्रिपुंड भक्त के कपाल हो सावनी जलाभिषेख हो विशेष रूप से ? नमः शिवाय मंत्र भक्त कंठ माल हो।। - **रजनी रामदेव**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आप बेतुकी बयानबाजी के कारण संकट में फंस सकते है। अधिक बोलने से मौन धारण करना बेहतर रहेगा।

वृषः दिन का अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। आलस्य के कारण कार्यो में बाधा आ सकती है।

मिथुनः आज आप कार्य व्यवसाय के प्रति लापरवाही दिखाएंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से भी आज का दिन अधिक खर्चीला रहेगा।

कर्कः आज के दिन परिस्थितियां विशेष अनुकूल रहने से मानसिक दुविधा कम होगी। सुखी दिनचर्या में उत्तम स्वास्थ्य भी सहायक बनेगा।

सिंहः आज घर एवं बाहर परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से सोच समझ कर ही कोई बड़ा कदम उठाएं। कामुकता अधिक रहने से शरीर के साथ-साथ मान हानि भी हो सकती है।

कन्याः आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन अच्छा रहेगा। परन्तु अधिक व्यस्तता के चलते थकान भी रहेगी।

तुलाः आज के दिन आपको लाभ के कई अवसर मिलेंगे। कार्यो के प्रति भी गंभीर रहने से धन प्राप्ति की संभावनाएं बढ़ेंगी। प

वृश्चिकः आज का दिन पिछले दिनों से बेहतर रहेगा। शारीरिक रूप से सक्षम रहेंगे। सामाजिक व्यवहार आज काम आने से परेशानियों में कमी आएगी।

धनुः आपका आज का दिन शारीरिक रूप से अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही आँख में जलन अथवा अंगों में दर्द रहने से निष्क्रियता रहेगी।

मकरः आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कामो को भी बनाने का सामर्थ्य रखेंगे कार्य क्षेत्र पर इच्छानुसार सफल तो नही होंगे।

कुंभः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आलस्य एवं कमजोरी अनुभव होगी।

मीनः आज मिला जुला दिन रहने से बीते कल की अपेक्षा थोड़ा बेहतर अनुभव करेंगे। अतिआवश्यक कार्य किसी अनुभवी से परामर्श लेकर ही करें।

सूर्योदय : 05:51, सूर्यास्त : 07:15, चन्द्रोदय : 05:43,चन्द्रास्त : 19:57, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : आश्लेशा,योग : सिद्धि, प्रथम करण : किंस्तुघ्न (11:57 तक), द्वितीय करण : बव (23:22 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : कर्क, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) अशोक के शासन में आयोजित बौद्ध संगीत का अध्यक्ष कौन था?

2) कोई व्यक्ति भारत के अटॉर्नी जनरल बनने की योग्यता प्राप्त कर लेता है यदि वह किस पद की योग्यता प्राप्त कर लेता है?

3) पृथ्वी की भूमध रेखा की कुल लम्बाई लगभग कितनी है?

4) ज्यादा वैयक्तिक होना, किस प्रकार का सम्प्रेशण माध्यम है?

5) प्रसिद्ध नाबाकलेबर त्योहार किस प्रदेश से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मोग्गलिपुत्त तिस्स (2) सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश (3) 40075 किमी (4) व्यक्तिगत संप्रेषण माध्यम (5) ओडिशा

शब्द सागर

कांग्रेस ने की रमेश बैस को उपराष्ट्रपति बनाने की मांग

बैज ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद अब नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। इस बीच छत्तीसगढ़ पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने छत्तीसगढ़ वरिष्ठ बीजेपी नेता और पूर्व राज्यपाल रमेश बेस को उपराष्ट्रपति बनाने की मांग की है। दीपक बैज ने अपने पत्र में लिखा कि आम चुनाव वर्ष 2000 से अब तक छत्तीसगढ़ ने 11 लोकसभा क्षेत्र में से औसतन 10 सीटें जिताकर भाजपा को संसद सदस्य के रूप में देने का काम किया है। वर्ष 2014 में केंद्र में आपकी सरकार जब बनी उस वक्त छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा में से भाजपा ने 10 सीटें जीती। इसी प्रकार 2019 में 9 सीटें तथा वर्ष 2024 के आम चुनाव में 10 सीटें भाजपा को जीताकर सांसद के रूप में प्रदेश की जनता ने भेजा है। किन्तु हम सभी के लिए पीड़ा का विषय है कि तीनों कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को केवल राज्यमंत्री का प्रतिनिधत्व मिला।उन्होंने लिखा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ भाजपा में कई ऐसे नेता मौजूद हैं जो देश के उप राष्ट्रपति के पद को सुशोभित करने में सक्षम हैं। जिसमें पूर्व राज्यपाल रमेश बैस जैसे महत्वपूर्ण नेता शामिल है जो कि 7 बार के सांसद एवं झारखंड, त्रिपुरा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के राज्यपाल के रूप में सेवा दे चुके हैं।बैज ने आगे लिखा है कि वर्तमान छत्तीसगढ़ में भाजपा के 10 सांसदों को कोई महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व नहीं मिला है।

पीएमश्री विद्यालय में अब एनसीसी एयर स्क्वाड्रन शुरू: सीएम

■ मुख्यमंत्री साय के प्रयासों से मिली स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के युवाओं को अब एनसीसी में एयर स्क्वाड्रन के जरिए अपना कैरियर बनाने के लिए मदद मिल पाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में एनसीसी की एयर स्क्वाड्रन शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। यह छत्तीसगढ़ की 3 सीजी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन होगी। साय के प्रयासों से यह जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो स्थानीय युवाओं के भविष्य को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने विद्यालय में एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 मेधावी विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनमें 13 बालिकाएं और 12 बालक शामिल हैं। इस अवसर पर विंग कमांडर विवेक कुमार साहू ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक गोमती साय और रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण प्राप्त कैडेट को रोजगार के बेहतर अवसर

वर्तमान में 3 सीजी एयर एनसीसी एयर स्क्वाड्रन, पूरे देश में एकमात्र एयर स्क्वाड्रन है जिसमें एम्स, एमबीबीएस और नर्सिंग के छात्र कैडेट के रूप में जड़े हुए हैं। कैडेटों को यूपीएससी और एसएसबी साक्षात्कार के माध्यम से सेना में 25 वैकेन्सी /पाठ्यक्रम के अवसर मिलते हैं, एसएससी के माध्यम से ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी के लिए 50 वैकेंसी/पाठ्यक्रम के अवसर मिलते हैं जिसमें यूपीएससी परीक्षा की आवश्यकता नहीं होती है और केवल एसएसबी साक्षात्कार के माध्यम से चयन के अवसर मिलते है। 20 सीटें लडकियों के लिए आरक्षित होती हैं। वायु सेना के उड़ान प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों सहित सभी पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत वेकेंसी होती है। जिसके लिए एएफसीएटी, यूपीएससी परीक्षा की आवश्यकता नहीं होती है।

रंग लाई मुख्यमंत्री की पहल

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने पिछले एनसीसी दिवस समारोह के दौरान रायपुर के समान राज्य के अन्य हवाई पट्टी वाले शहरों में भी एनसीसी की एयर स्कवाड्रन शुरू करने की इच्छा व्यक्त की थी। अभी तक छत्तीसगढ़ में केवल रायपुर में ही एयर एनसीसी और उड़ान का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और जशपुर जैसे स्थानों पर भी हवाई पट्टियों की सुविधा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री की इस पहल पर मार्च माह में जशपुर की आगडीह हवाई पट्टी को 3 सीजी एयर एनसीसी स्क्वाड्रन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई और एक माइक्रोलाइट विमान को प्रशिक्षण हेतु जशपुर भेजा गया। इस दौरान लगभग 100 कैडेट्स को उड़ान का वास्तविक अनुभव प्रदान किया। मुख्यमंत्री साय ने स्वयं हवाई पट्टी पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और कैडेट्स से संवाद किया। कैडेट्स ने उन्हें विमान से संबंधित तकनीकी जानकारियाँ भी साझा कीं।

■ न्यूज गैलरी

27 जुलाई को गोंदवारा से निकलेगी कावड़ यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। श्रावण मास में पूरा रायपुर शिवमय हो गया है।

शहर के मंदिरों में घंटों की ध्वनि सुनाई देने लगी है और हर गली में भोलेनाथ के जयकारों की गूंज है। इसी भावपूर्ण वातावरण में श्री गोदेश्वर महादेव परिवार की ओर से भी भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन 27 जुलाई को सुबह 09 बजे से किया गया है। कावड़ यात्रा सुबह शीतला माता मंदिर गोंदवारा से शुरू होकर हटकेश्वर महादेव मंदिर तक जायेगा। इस कावड़ यात्रा में गोंदवारा व बसंत विहार कॉलोनी के महिलाओं और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप रहेगी। इस भव्य कार्यक्रम का प्रबंधन श्री गोदेश्वर महादेव परिवार के पूरन साहू और उनकी पूरी टीम के द्वारा संचालित किया जायेगा। सभी भक्तो के लिए महादेव घाट में जल चढ़ाने के पश्चात महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

सरकार के फरमान पर तहसीलदार भारी

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार ने आम लोगों को पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए जमीन की रजिस्ट्री के बाद तुरंत नामांतरण की सुविधा प्रदान की, लेकिन अधिकारी भी तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात वाली तर्ज पर काम करते हुए इस सुविधा के लाभ से खरीदारों को वंचित कर रहे हैं. नई ऋष्ा पुस्तिका के लिए खरीदारों को तहसीलदारों की दरबार में हाजिरी लगानी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसी साल जून में नया नियम बनाया, जिसमें जमीन की रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण हो जाता है. अब रजिस्ट्री के बाद जमीन खरीदार के नाम भी चढ़ जा रहा है, लेकिन जमीन की ऋष्ा पुस्तिका के लिए खरीदारों को पहले पटवारी और उसके बाद तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि तहसीलदारों ने पटवारियों को शासन के स्पष्ट गाइडलाइन नहीं होने का हवाला देते हुए नई ऋष्ा पुस्तिका के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन देना अनिवार्य कर दिया है. यह तो बहाना है इसके पीछे की मंशा साफ है कि खरीदार आवेदन के बहाने दरबार में हाजिरी लगाए, चढ़ावा चढ़ाए फिर काम होगा। यह परेशानी आंकड़ों में साफ नजर आ रही है. जहां अकेले रायपुर जिले में ही ऐसे 3 हजार से ज्यादा मामले हैं, जिनमें खरीदारों को जमीन रजिस्ट्री के बाद जमीन की ऋष्ा पुस्तिका नहीं मिल पाई है. वहीं प्रदेश की बात करें तो इस तरह के 50 हजार से ज्यादा मामले हैं।

मार कम, घसीट ज्यादा रहे हैं-परेशान जमीन खरीदारों को आवेदन देने में कोई दिक्कत नहीं है, समस्या इसमें लगने वाले समय और टेबल के नीचे से ली जाने वाली रकम से है. मारना कम, घसीटना ज्यादा वाली कहावत यहां पर फिट बैठती है क्योंकि तहसीलदार के दरबार में चपरासी से लेकर बाबू, और बाबू के बहाने तहसीलदार तक रकम पहुंचानी पड़ती है. खरीदार कहते हैं कि रकम देने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन रकम लेने के बाद भी एक पेशी के बाद दूसरी पेशी में बुलाना उनके लिए भारी साबित होता है।

प्रदेश में अब तक 537.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 537.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 836.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 280.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 480.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 481.9 मि.मी., गरियाबंद में 412.9 मि.मी., महासमुंद में 439.3 मि.मी. और धमतरी में 417.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 588.5 मि.मी., मुंगेली में 612.1 मि.मी., रायगढ़ में 698.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 803.0 मि.मी., कोरबा में 629.4 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 566.0 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 532.0 मि.मी., सक्ती में 684.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए सरकार संकल्पित : साय

■ मुख्यमंत्री ने किया रक्त-मित्र पुस्तिका का विमोचन, रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सेवा भावना का श्रेष्ठतम उदाहरण भी है। मुख्यमंत्री श्री साय आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रक्त-मित्र डायरेक्ट्री एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति समय पर रक्तदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित कर सकता है। यह पहल जीवनरक्षक सहायता को सहज, सुलभ और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जशपुर जिले में हर वर्ग के नागरिक स्वैच्छिक रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं और समाज सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। आज रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ, क्योंकि जीवनदान देने वाला व्यक्ति वास्तव में ईश्वर के समकक्ष होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि रक्त का हमारे जीवन में क्या महत्व है। सही समय पर उपयुक्त रक्त समूह का रक्त मिलने से किसी के प्राणों की रक्षा की जा सकती है, इसलिए रक्तदान को 'महादान' कहा गया है। राज्य में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से सर्वाधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जो जनसेवा की उत्कृष्ट मिसाल है। मैं इस मंच से प्रदेशवासियों से आह्वान करता हूँ कि वे यथासंभव रक्तदान कर इस जीवनरक्षक कार्य में सहभागी बनें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है।

राजधानी के निजी होटल में युवती का ड्रग्स लेते वीडियो वायरल

कांग्रेस ने सरकार पर उठाए सवाल, तो बीजेपी ने किया पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के निजी होटल में युवती के ड्रग्स लेने का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में युवती 500 रुपए के नोट में ड्रग्स की लाइन बनाते और फिर चाटते हुए दिख रही है. वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई है. कांग्रेस ने इस मामले को लेकर सरकार पर ड्रग्स माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है. वहीं भाजपा ने कांग्रेस के इस बयान पर पलटवार किया है।

ड्रग्स माफियाओं को सरकार दे रही संरक्षण : कांग्रेस

पूर्व कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने ड्रग्स लेने के वायरल वीडियो मामले को लेकर सरकार को जमकर घेरा है. उन्होंने कहा कि सरकार ड्रग्स माफियाओं को संरक्षण देने का काम कर रही है. ड्रग्स माफिया युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेल रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि डबल इंजन सरकार में ड्रग्स कहां से आ रही है?

कांग्रेस के बयान पर भाजपा का पलटवार -भाजपा संगठन महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस के बयान पर पलटवार किया. कहा कि कांग्रेस आरोप लगाने से पहले ये ध्यान में रख लें, जो नशा करते दिख रहे हैं, कहीं वो कांग्रेस परिवार से जुड़े हुए तो नहीं हैं. पिछली सरकार में नशे ने व्यापक रूप लिया।

अंतरराज्यीय मराठी निबंध स्पर्धा में स्मिता उपविजेता

■ मप्र मराठी अकादमी व महाराष्ट्र साहित्य सभा इंदौर के आयोजन में मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ और गुजरात के सैकड़ों प्रतिभागी हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश मराठी अकादमी व महाराष्ट्र साहित्य सभा इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर राज्यीय मराठी निबंध स्पर्धा के 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महाराष्ट्र मंडल रायपुर की स्मिता चांदे उप विजेता रहीं।

मध्य प्रदेश मराठी अकादमी की रायपुर प्रतिनिधि व महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ आजीवन सभासद कुमुद लाड ने बताया कि चार आयु वर्ग में आयोजित की गई मराठी निबंध स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश व गुजरात के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रथम 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए मराठी निबंध लेखन का विषय 'इंटरनेट के युग में शालेय शिक्षण की उपयोगिता' था। इसमें भिलाई की सात्विक मेने विजेता रहीं। वहीं कोरबा की अरुंधति गंडागुले उप विजेता रहीं। तीसरा स्थान महालक्ष्मी नगर इंदौर की वैदेही डांगे को मिला।

लाड के अनुसार दूसरे 19 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लिए मराठी निबंध लेखन का विषय 'विवाह का पारंपरिक स्वरूप योग्य या आधुनिक' था। इसमें देवास की अक्षदा तेलंग प्रथम, उज्जैन की पूजा रोडे द्वितीय और रामबाग इंदौर की सान्?वी गोडबोले तीसरे स्थान पर रहीं। तीसरे 31 से 55 वर्ष आयु वर्ग में मराठी निबंध का विषय 'परंपरागत रस्म रिवाज आडंबर या संस्कार' था। इसमें इंदौर की प्रतिमा शिघये विजेता और उज्जैन की रुपाली विपट तीसरे स्थान पर रहीं।कुमुद लाड ने बताया कि चौथे 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में निबंध का विषय 'उम्र का ढलना आनंददायक हो' था। इसमें बुरहानपुर की अनुराधा मजुमदार विजेता रहीं। सुखलिया की सुमंगला पोतदार उप विजेता तो तीसरे स्थान पर देवास की रेखा दिवटे तीसरे स्थान पर रहीं। मराठी निबंध व सुलेखन स्पर्धा में प्रतिभागियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इसमें बच्चों व युवाओं की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है।इधर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते सहित समस्त कार्यकारिणी, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों और महिला केंद्रों की संयोजिकाओं- सह संयोजिकाओं ने अंतर राज्यीय मराठी निबंध लेखन स्पर्धा में उपविजेता बनने पर स्मिता चांदे को बधाई दी है। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। अजय काले ने 10-18 वर्ष आयु वर्ग में भिलाई की सात्विक मेने को विजेता व कोरबा की अरुंधति गंडागुले उप विजेता बनने को भी छत्तीसगढ़ के मराठी समाज व मराठी भाषियों के लिए उपलब्धि बताया।

विक्रम सिंह देव बने कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर के प्रदेश चेयरमैन : कैट

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े

व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन मगेलाल मालू, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि विक्रम सिंह देव को कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर के प्रदेश चेयरमैन नियुक्त किया गया है।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (चांदनी चौक, नई दिल्ली) प्रवीण खडेलवाल जी की अनुशंसा पर कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट पदाधिकारियों की बैठक हुई।

आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा कल

अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं प्रवेश पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई को 11.00 बजे से 1.15 बजे तक किया गया गया है।

अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र 21 जुलाई 2025 से डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त स्र्स्र के यू.आर. एल. को क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं । परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं फ्रिस्किंग के उपरांत परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें । प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा । अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें ।

परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर +91-8269801982 पर समय प्रातः 10ः00 से सायं 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं ।

पत्थर खदान के गड्ढ़े में तैरती बोरी से मिली युवक की लाश

■ पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इन दिनों आपराधिक घटनाओं में लगातार इज़ाफा देखने को मिल रहा है। एक के बाद एक सनसनीखेज वारदातें हो रही हैं। ताजा मामला राखी थाना क्षेत्र का है, जहां पानी में तैरती एक बोरी से युवक की लाश मिली मिली है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

यह घटना राखी थाना क्षेत्र के ग्राम बेंद्री की है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को गांव के पास स्थित एक पत्थर खदान के गड्ढे में पानी के ऊपर एक बोरी तैरती दिखाई दी। बोरी से बदबू आने पर ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पानी से बोरी को बाहर निकाला गया। जब बोरी को खोला गया तो अंदर से एक युवक की लाश मिली, जो सड़ी-गली हालत में थी। शव कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। वहीं प्रथम दृष्टया मामला युवक की हत्या कर उसकी लाश को बोरी में भरकर पानी में फेंकने का लग रहा है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले में हर एंगल से जांच कर रही है।

दो हफ्ते के भीतर में छह हत्याएं-रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में दो हफ्ते के भीतर छह हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं।

ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने किया ग्रामोद्योग इकाइयों का निरीक्षण

■ ग्रामोद्योग में बढ़ेंगे रोजगर के अवसर :पाण्डेय

रायपुर/नवप्रदेश/ छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने बीते बुधवार को विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत नारी और कोकड़ी का भ्रमण कर वहां संचालित ग्रामोद्योग द्वारा संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पांडेय ने हथकरघा, माटीकला, रेशम धागाकरण सहित विभिन्न पारंपरिक एवं लघु उद्योगों के संचालन को देखा और सराहना की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, नवाचार और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ग्रामोद्योग द्वारा किए जा रहे कार्यो को महत्वपूर्ण बताया।

श्री पांडेय ने कहा कि ग्रामोद्योग से न केवल ग्रामीणों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर ग्राम पंचायत में कम से कम एक ग्रामोद्योग इकाई स्थापित हो, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूती मिलेगी।

तकनीकी शिक्षा के प्रति उत्साह, शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में प्रवेश प्रक्रिया संपन्न

कांकेर/ नवप्रदेश। शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो गई है। इस वर्ष जिले के विद्यार्थियों में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला, जिसके परिणामस्वरूप संस्थान की लगभग सभी सीटें भर गई हैं।

पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र सिंह ने बताया कि संस्थान में वर्तमान में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की तीन प्रमुख शाखाएँ संचालित की जा रही हैं। इन ब्रांचों के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे वे आधुनिक उद्योगों में रोजगार पाने के योग्य बनते हैं। उन्होंने होने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब शीघ्र ही विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें संस्थान के नियमों अनुशासन पाठ्यक्रम की जानकारी सहित उनके आगामी शैक्षणिक जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। तकनीकी शिक्षा वर्तमान समय में न केवल रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छात्रों को आत्मनिर्भर बनाते हुए देश के विकास में भागीदारी का अवसर भी प्रदान करती है।हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे छात्र न केवल व्यक्तिगत सफलता अर्जित करेंगे बल्कि संस्था और जिले का नाम भी रोशन करेंगे।शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर जिले के तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में एक सशक्त विकल्प बनकर उभरा है, जहाँ छात्र व्यावसायिक दक्षता और तकनीकी ज्ञान अर्जित कर अपने भविष्य को सशक्त बना रहे हैं।

मिलेट्स को बढ़ावा देने की अभिनव पहल

किसानों को मिली मिलेट मिक्सी, पोषण सुरक्षा की ओर एक मजबूत कदम

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने पोषण सुरक्षा और किसानों की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में मिलेट्स जैसे पारंपरिक और पोषणयुक्त अनाजों कोदो, कोसरा और रागी के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए प्रशासन द्वारा गीदम विकासखंड के 20 किसानों को मिलेट मिक्सी वितरित की गई है। इस पहल का उद्देश्य न केवल मिलेट्स के घरेलू उपयोग को बढ़ावा देना है, बल्कि इन फसलों के उत्पादन का अधिकतम लाभ किसानों को दिलाना भी है।

कार्यक्रम का आयोजन और सहभागिता

इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि विभाग की सभापति श्रीमती ममता मंडावी के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मिलेट आधारित जीवनशैली को अपनाने और इसे ग्रामीण अंचल में प्रोत्साहित करने की दिशा में सार्थक संवाद भी हुआ। मिलेट्स की खेती और चुनौतियाँ

वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले में लगभग 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कोदो, कोसरा और रागी जैसी फसलें उगाई जाती हैं। हालांकि इन फसलों की स्थानीय प्रोसेसिंग सुविधाओं की कमी के चलते अधिकांश किसान इन्हें खुले बाजार में बेचने को विवश हैं, जिससे उन्हें इनका पूरा मूल्य नहीं मिल पाता। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए किसानों को प्रोसेसिंग उपकरण प्रदान कर उन्हें स्वयं के उपभोग तथा मूल्यवर्धन की दिशा में सक्षम बनाने का प्रयास किया गया है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को घर पर ही अनाजों की प्रोसेसिंग की सुविधा देना है, जिससे वे मिलेट्स को अपने दैनिक आहार में शामिल कर सकें। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों में पोषण स्तर में सुधार होगा, बल्कि इन अनाजों की बाजार में मांग और मूल्य में भी वृद्धि होगी। साथ ही, यह खाद्य विविधता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में सहायक सिद्ध होगा।

इसके अलावा कोदो, कोसरा और रागी जैसे अनाज पोषण का भंडार हैं, जिनमें फाइबर, आयरन, कैल्शियम, जिंक और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इनका सेवन मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों के नियंत्रण में सहायक होता है। साथ ही, इनमें फाइबर की अधिकता इन्हें पाचन के लिए लाभकारी बनाती है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाती है। विशेष रूप से रागी में उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है, जो बच्चों और महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। इन फसलों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये कम पानी और उर्वरक में भी अच्छी उपज देती हैं, जिससे ये पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ कृषि का उत्कृष्ट उदाहरण बनती हैं।

जिला प्रशासन द्वारा आगामी समय में जिले के सभी मिलेट उत्पादक किसानों को चरणबद्ध रूप से प्रोसेसिंग उपकरण प्रदान करने की योजना बनाई गई है।

न्यूज गैलरी

यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को प्रदाय की जाएगी प्रोत्साहन राशि

कांकेर / नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर 01 लाख रूपए प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है।

आदिवासी विकास विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्रता की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लॉक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में अंतिम तारीख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है। उक्त प्रोत्साहन योजनांतर्गत अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए।

यह भी बताया गया कि अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थी के पालक की समस्त स्त्रोतों से आय, आयकर की श्रेणी में नहीं आता है और आयकरदाता नहीं होने का 50 रूपए के नॉन ज्यूडिशयल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र, स्थायी आय प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने का प्रमाण-पत्र या अधिकृत दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी केन्द्र अथवा राज्य शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण न लिया हो। पूर्व में अभ्यर्थी द्वारा प्रारंभिक परीक्षा में सफल होकर इस योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त की गई हो, तो वह पात्र नहीं होगा। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कांकेर से कार्यालयीन समय मे उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

मोदी की गारंटी को लेकर मितानिन संघ करेगा उग्र आंदोलन

अंतागढ़/नवप्रदेश । चुनाव से पहले भाजपा सरकार के द्वारा मोदी की गारंटी नाम से एक घोषणा पत्र जारी किया गया था, जिसके बाद भाजपा की जीत हुई और पूर्ण बहुमत से शासन भी बना लिया गया। परंतु अब तक कर्मचारियों के लिए किए गए घोषणा पत्र पर सरकार अमल नहीं कर पाई है जिसे लेकर आज मितानिन संघ आमाबेड़ा, ताड़ोकी,अंतागढ़ के करीब 50 से 60 मितानिन बाजार चौक में एकत्रित होकर एक मीटिंग कर मोदी की गारंटी को पूरा कराने उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। मितानिनों ने बताया की मोदी के गारंटी के तहत प्रोत्साहन राशि में पचास प्रतिशत वृद्धि और संविलियन करने का वादा भाजपा के द्वारा घोषणा पत्र में किया गया था।जिसे सरकार बनने के बाद भाजपा भूल गई है आज हम अंतागढ़, आमाबेड़ा, ताड़ोकी से आए सब मितानियो एक बैठक किए है उसके बाद कुछ दिनों में जिला स्तरीय बैठक किया जाएगा और मितानिन संघ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अपने अपने जिला मुख्यालय में करेंगे अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानी तो सरकार को याद दिलाने प्रदेश भर के मितानिन संघ उग्र आंदोलन करने रायपुर राजधानी में एकत्र हो कर हल्ला बोलेंगे।

तय सीमा में बने आयुष्मान और वय वंदन कार्ड : कलेक्टर

कोरिया नवप्रदेश। जिला स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।बाल विकास परियोजना अधिकारी को कड़ी फटकार बैठक में एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण और चिकित्सा सुविधा देकर सामान्य श्रेणी में लाना आवश्यक है।

बीमा से इंकार का प्रपत्र नहीं भरा तो जबरिया फसल बीमा की अनोखी योजना लागू कर दी

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। आज तक तो बीमा कराने के इच्छुकों द्वारा आवेदन करने पर ही बीमित किये जाने की जानकारी मिली है पर पहली बार फसल की बीमा न कराने के इच्छुक ऋणी किसानों द्वारा इस संबंध में नियत तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र न भरने पर जबरिया फसल बीमित करने का अनोखा योजना सामने आया है । सोसायटियों के माध्यम से अल्पकालीन ऋण लेने वाले किसानों द्वारा पूर्व में इस संबंध में भरे जा चुके फ़ार्मों को दरकिनार कर खेती के इस व्यस्ततम मौसम में किसानों को सोसायटियों में पहुंच यह प्रपत्र भरना पड़ रहा है । सर्वाधिक दिलचस्प बात तो यह है कि हिंदी व क्षेत्रीय भाषा की वकालत करने वालों के राज में अंग्रेजी न पढ़ पाने वाले अधिकतम सोसायटी कर्मियों व किसानों के लिये यह प्रपत्र अंग्रेजी में है ।

किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुये बतलाया है कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 को रायपुर सहित 12 जिलों में बीमा की जिम्मेदारी एच डी एफ सी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर है । अधिसूचित इन 12 जिलों रायपुर , बिलासपुर , दुर्ग , महेन्द्रगढ़ , चिरमिरी - भरतपुर , मुंगेली , सुकमा, सरगुजा , बालोद , बलौदाबाजार , महासमुंद , दंतेवाड़ा व गौरेला पेड्रा मरवाही के लिये अधिसूचित फसल सिंचित व असिंचित धान , उड़द , मूंग , मूंगफली , कोदो , कुटकी , मक्का , अरहर , तुअर , रागी व सोयाबीन के लिये यह योजना लागू किया गया है । अधिसूचित फसलों हेतु जिलेवार अलग - अलग प्रत्येक हेक्टेयर हेतु बीमित राशि तय कर प्रिमियम निर्धारित किये जाने की जानकारी देते हुये उन्होंने आगे जानकारी दी है कि बहुतायत में बोये जाने वाले धान हेतु रायपुर जिले के लिये सिंचित धान हेतु हेतु बीमित राशि 60 हजार व प्रीमियम राशि 12 सौ रुपये तथा असिंचित धान हेतु बीमित राशि 45 हजार व प्रीमियम राशि 9 सौ निर्धारित किया गया है । योजना में इन फसलों हेतु अल्पकालीन ऋण व बीमा न कराने के इच्छुक किसानों द्वारा भारत सरकार द्वारा चयनित प्रपत्र भर हस्ताक्षर कर जमा न करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिये स्वीकृत/ नवीनीकृत की गयी अल्पकालीन कृषि ऋण का अनिवार्य रूप से बीमाकृत किये जाने की भी जानकारी दी गयी है । श्री शर्मा ने इसे अनोखा बीमा योजना की संज्ञा देते हुये किसानों द्वारा पूर्व में अल्पकालीन ऋण हेतु आवेदन देते वक्त ही बीमा की असहमति देने संबंधी प्रपत्र को मान्य कर किसानों को नाहक परेशानियों से निजात दिलाने का आग्रह शासन - प्रशासन से किया है ।

साथ ही बीमा योजना का प्रचार - प्रसार धरातल स्तर पर न होने की जानकारी देते हुये कहा है कि अधिकांश किसानों की बात तो दूर अधिकतर सोसायटी कर्मियों को भी इस योजना की विस्तृत जानकारी नहीं है जिसके चलते पूर्व के वर्षों में भी बीमा कराने वाले अधिकांश किसान इसका लाभ नहीं उठा सके व इस वजह से किसान बीमा कराने के प्रति इच्छुक नहीं हैं और फायदा संबंधित बीमा कंपनी उठा रहे हैं ।

नवनिर्वाचित जनपद प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला पंचायत संसाधन केंद्र में विगत दिवस जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों तथा विकास योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत संचालन, शासन की प्रमुख योजनाएं, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और जल-संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और विभिन्न विषयों पर जिज्ञासाएँ भी प्रस्तुत कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम ने एक पेड मां के नाम पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अपनी माँ या माता-पिता के नाम से अवश्य लगाना चाहिए।

नारायणपुर जिले में महिला मंडल समिति ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

नारायणपुर/ नवप्रदेश। भोलेनाथ की आराधना का मास सावन महीना जहां एक ओर आस्था के महापर्व मास के रुप मे जाना जाता है,

श्रावण मास, जिसे सावन का महीना भी कहा जाता है, भगवान शिव की पूजा करने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है। सावन माह के दौरान सोमवार का दिन शुभ होता है और ऐसा माना जाता है कि यदि भक्त समर्पण के साथ भगवान शिव की पूजा करे तो भगवान शिव उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।सावन मास के अहम पर्वों को विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से एक कड़ी में पिरोते हुए महिला मंडल समिति द्वारा सावन उत्सव का नाम दिया गया। शंकर मैरिज हॉल में आयोजित इस भव्य आयोजन की प्रथम कड़ी शिव भगवान का आराधना एवं दीप जलाकर शुभारंभ किया गया सभी सदस्यों द्वारा अपनी अभिव्यक्ति का इजहार किया गया एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति सभी शिवभक्तों द्वारा दिया गया एवं संगठन की सूत्रधार एवं सभी सदस्यों को एकजुटता के धागे मे पिरोये रखने का माद्दा रखने वालीं रीता मंडल एवं भगवती हालदार के सफल एवं कुशल संचालन में आयोजन का समापन तथा देश समाज तथा प्रत्येक जन के स्वर्णिम एवं स्वस्थ भविष्य की भगवान भोलेनाथ से कामना भी की गई। कार्यक्रम का थीम एक वृक्ष मां के नाम रहा जिसमें प्रतिभागियों को उपहार के रूप पौधा भेट दिया गया एवं अपने घर और आसपास में वृक्षारोपण कर जिले को हरियाली युक्त करने का संदेश दिया गया एवं सावन उत्सव में सावन में शिव पार्वती जी के दर्शन और शिव पार्वती जी का मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उक्त सावन उत्सव को सफल आयोजन में विशेष सहयोग श्रीमती रीता मंडल श्रीमती भगवती हलधर श्रीमती चेतमणी नंदी श्रीमती झूनूक कर्मकार श्रीमती संम्पा मलिक श्रीमती अनामिका विश्वास,श्रीमती सुपर्णा कर्मकार, श्रीमती रीता मलिक, श्रीमती वर्षा सरकार, श्रीमती स्मृति सरकार, श्रीमती आशा शाहा, श्रीमती अपर्णा सरकार, श्रीमती सागरिका अधिकारी, श्रीमती कृष्णा नाथ और सभी उपस्थित माताएं एवं बहनें का रहा।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ 27 को होगी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (एबीए 25) का आयोजन 27 जुलाई 2025 दिन रविवार समय 11 से 1:15 बजे को किया जावेगा। इस संबंध में अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र दिनांक 21 जुलाई 2025 से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यू.आर.एल. को क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहेंगे, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं फ्रिस्किंग के उपरांत परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली भांति परिचित हो जावें। प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय प्रातः 10 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा।

परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेगें ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व अर्थात् प्रातः 10:30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। इसके अलावा अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने एवं फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कानों में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना वर्जित किया गया है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

पेज 1 का शेष

बिलासपुर के लोविना कोट्र्स ...

संदेश मिलेगा कि रेरा के प्रावधानों का पालन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

भारत और मालदीव...

बीच बहुआयामी साझेदारी मजबूत होगी।

भारत और मालदीव के बीच लंबे समय से जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक और वाणिज्यिक संबंध रहे हैं। भारत 1965 में मालदीव की स्वतंत्रता को मान्यता देने और राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। वर्षों से यह संबंध घनिष्ठ, सौहार्दपूर्ण और राजनीतिक विवाद से मुक्त रहे हैं।

मालदीव में 1988 के तख्तापलट के प्रयास के दौरान भारत की त्वरित सैन्य सहायता ने स्थायी विश्वास का निर्माण किया। इसके बाद भारतीय सैनिकों की त्वरित वापसी ने मालदीव की संप्रभुता को सुनिश्चित करने में मदद की, जिससे भारत की एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में छवि मजबूत हुई।

आधुनिक एम्बुलेंस ...

विधायक श्रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्षसालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

फार्मासिस्ट ग्रेड-2 भर्ती ...

25 जुलाई 2025 को शाम 5.00 बजे तक थी, उच्च न्यायालय ने राज्य शासन को निर्देशित किया है कि वह छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापम) को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी करे, जिससे बी. फार्मा डिग्रीधारी इच्छुक अभ्यर्थी भी पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकें। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश व्यक्तिगत न होकर सार्वत्रिक रूप से लागू होगा और ऐसे सभी अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू होगा, जिनके पास फार्मेसी में डिग्री है और जो विज्ञापन में वर्णित अन्य आवश्यक योग्यताएं पूर्ण करते हैं। साथ ही न्यायालय ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि वह इस आदेश की जानकारी सीजी व्यापम सहित सभी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाए, और बी. फार्मा डिग्रीधारी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पोर्टल में किए गए परिवर्तनों का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सुनिश्चित करे। मामले में याचिकाकर्ताओं का पक्ष अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं राज्य की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत ने पक्ष रखा।

स्कूल की छत गिरने से पांच ...

लिखा, झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में विद्यालय की छत गिरने से हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए शासन सचिव, शिक्षा को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रभु दिवंगत आत्माओं को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के मुताबिक, पीपलोदी गांव के सरकारी स्कूल में बच्चे प्रार्थना के लिए खड़े थे। इसी दौरान अचानक से स्कूल की छत गिर गई। घटना के समय स्कूल में करीब 38 बच्चे थे। 5 बच्चों की अब तक मौत हुई है, जबकि 20 से 25 बच्चे घायल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मदन दिलावर ने इस घटना की जांच कराने को कहा है।

सावरकर टिप्पणी ...

राहुल गांधी के बयान जानबूझकर नफरत फैलाने के इरादे से दिए गए थे, जो अपराध की श्रेणी में आते हैं। सरकार ने शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडे के तर्क का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी के कार्य समाज में नफरत और दुश्मनी फैलाने के इरादे से किए गए थे। राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में दिए गए बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने लखनऊ की निचली अदालत के समन और वहां चल रही कार्यवाही को रद्द करने की मांग की है। राहुल गांधी ने अपने बयान में सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' बताया था और कहा था कि वे 'अंग्रेजों से पेंशन लेते थे।' वकील नृपेंद्र पांडे ने इसको लेकर निचली अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। अदालत ने प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153(ए) और 505 के तहत मामला दर्ज कर राहुल गांधी को समन जारी किया था।

■ न्यूज गैलरी

प्री-मेडिकल एवं प्री-इंजीनियरिंग परीक्षा की कोचिंग हेतु आवेदन 11 अगस्त तक

कांकेर/ नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति प्री-मेडिकल एवं प्री-इंजीनियरिंग परीक्षा कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2025-26 में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों से 11 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थी जो कक्षा 12वीं में गणित अथवा जीव विज्ञान विषय के साथ कम से कम 70 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड के साथ स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो। उन्हें निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्री-इंजीनियरिंग एवं प्री-मेडिकल की एक वर्षीय कोचिंग सुविधा प्रदान किये जाने लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इस योजनांतर्गत 100 सीटें (अनुसूचित जनजाति के 64, अनुसूचित जाति हेतु 36) निर्धारित हैं। अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित आय की सीमा 04 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया आय प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही स्वघोषणा प्रमाण पत्र 10 रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन, प्राक्कयन परीक्षा में प्राप्त मेरिट अंकों के आधार पर किया जायेगा। चयनित कोचिंग संस्था से संबंधित जिले में कोचिंग कार्य संपन्न कराया जाएगा। कोचिंग की अवधि विद्यार्थियों द्वारा चयनित कोचिंग संस्था में प्रवेश से लेकर प्री.इंजीनियरिंग एवं प्री.मेडिकल प्रवेश परीक्षा वर्ष 2026 होने तक निर्धारित होगी। आवेदन पत्र संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट 222.ह्वह्वड्डद्वह्य.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ में प्राप्त कर सकते हैं। कोचिंग हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त सायं 04 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कांकेर में निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

एक पेड़ मां के नाम बाकी पेड़ क्या अडानी के नाम : पूर्व विधायक अनूप नाग

अंतागढ़/ नवप्रदेश। पूर्व विधायक अनूप नाग ने भाजपा पर पर्यारण संरक्षण के नाम पर दिखवाढोंग करने का आरोप लगाया है। अनूप नाग ने कहा कि भाजपा की सरकार एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्ययोजना (एक पेड़ मां के नाम) लाकर स्कूलों के प्रांगण सार्वजनिक एवं शासकीय एवं खाली जगहों पर वृक्षारोपण जनप्रतिनिधियों के द्वारा कराए जा रहे है परन्तु अंतागढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में हमारे शासनकाल में स्कूल प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फ्लदार एवं छाया देने वाली वृक्षारोपण फ्ल एवं दुषित हवा रोकने के लिए लगाए गए थे किन्तु उन बढ़ चुके वृक्षों को भाजपा

सरकार के लोगो के द्वारा वृक्षों को उखाड़ फेंककर अपन चहेते को ठेका देकर उस स्थान पर निर्माण कार्य करने उकृत्त किया जा रहा है। क्या स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधी एवं प्रशासन इस ओर ध्यान देकर दुषित होने वाली आबो हवा एवं स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किए गए पर निर्माण कार्य को रोकेंगे ?इसी प्रकार हसदेव के जंगल जहां से कोयला खनन कार्य हेतू हजारों हेक्टेयर में लगे वृक्षों को तथा रायगढ़ जिला के मुंडागांव (तमनार तहसील) अडानी के द्वारा लाखों वृक्षों को रातो रात आधुनिक मशीनों से कटवा दिया गया। क्षेत्र की जनता विशेष कर आदिवासी समुदाय एवं हमारी कांग्रेस पार्टी के द्वारा हड़ताल आंदोलन व चक्काजाम किया गया। ये आदिवासीयों का हितैषी कहने वाले भाजपा की सरकार ने लाठी डंडे चलाकर प्रताणित किया जा रहा है।अनूप नाग ने कहा कि बस्तर संभाग में अथाह खनिज संसाधन है आज वहीं खनिज संसाधन हम बस्तर वासियों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। जल जंगल जमीन से जुड़े आदिवासियों के उनके जंगलों से भगाया जा रहा है तथा विकास के नाम पर उनकी संस्कृतियों पर हमला किया जा रहा है। बस्तर संभाग में पांचवी अनुसूची लागू होने के बावजूद उनके विकास पर कोई ध्यान शासन द्वारा नहीं दिया जा रहा है।अनूप नाग ने कहा कि भाजपा सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग बता दें कि अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चारगांव एवं रावघाट के लाखों की संख्या मे वृक्ष काटे गए।

अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने क्राइम मीटिंग

नरायणपुर/ नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) लंबित अपराधों की समीक्षा करने, अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा प्रशासनिक कसावट के लिये लिया क्राईम मीटिंग।

एसपी ने समय-सीमा के भीतर लंबित अपराधों की विवेचना पूर्ण करने का दिया निर्देश।

पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितों के लिये न्याय केन्द्रित पुलिसिंग करते हुए अपराधियों के दिलो-दिमाग में भय पैदा करने की बात कही। एसपी ने कहा पीड़ित कभी भी किसी भी थाना/कैम्प में उपस्थित होकर अथवा टेलीफोनिक सूचना के माध्यम से अपनी समस्या साझा कर सकते हैं। थाना/कैम्प

प्रभारी, स्वयं उपस्थित होकर चेक करें, एम.सी.पी.

नारायणपुर दिनांक 23.07.2025 को पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक सभागृह में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों का क्राईम मीटिंग लेकर लंबित अपराधों का समीक्षा करते हुए अपराधों के अनुरूप समय-सीमा निर्धारित कर समय-सीमा में लंबित अपराध/मर्ग एवं गुम इंसान की विवेचना पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि विशेषकर वर्ष 2024 या इसके पूर्व के घटित/लंबित मामले हैं उनका शीघ्रता से अपने अनुभाग के एसडीओपी से मार्गदर्शन प्राप्त कर निराकरण करें और आगामी क्राईम मीटिंग के पूर्व विवेचना की प्रगति रिपोर्ट के साथ अद्यतन जानकारी लेकर उपस्थित होंगे। अगले बैठक में जिले के सभी अपराधों का वन-टू-वन समीक्षा किया जावेगा, विवेचना में किसी प्रकार से देरी और लापरवाही दोनो ही बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे।

इस दौरान उन्होने अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए प्रशासनिक कसावट के लिये कड़े शब्दों में थाना प्रभारियों को बेहतर कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार के थाना/कैम्प में भ्रमण कर थाना प्रभारियों का मार्गदर्शन करने तथा पुलिसिंग को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। भापुसे रोबिनसन गुड़िया ने नवीन अपराधिक कानूनों में दिये गये प्रावधानों का पालन करने, पीड़ितों के लिये न्याय केन्द्रित पुलिसिंग पर जोर देते हुए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पुलिस ऐसा कार्य करें कि आम नागरिकों का विश्वास अर्जन हो तथा पुलिस की विजिबिलिटी दिखे इसके साथ ही अपराधियों के मन में कानून का भय स्थापित हो। उन्होने कहा कि पुलिस बल के अधिकारी और जवान अपने पदीय गरिमा को बनाये रखने के लिये अच्छी, गुणवत्तापूर्ण और साफ-सुथरी वर्दी धारण करें तथा उच्च स्तरीय विभागीय अनुशासन का पालन करें। भापुसे रोबिनसन गुड़िया ने बार्डरलेस पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पीड़ित कभी भी किसी भी थाना/कैम्प में उपस्थित होकर अथवा टेलीफोनिक सूचना के माध्यम से अपनी समस्या साझा कर सकते हैं, ऐसे स्थिति में उन्हें किसी भी स्थिति में संबंधित थाना में उपस्थित होकर फरियाद करने की सलाह नहीं दी जायेगी, बल्कि त्वरित गति से उनके समस्याओं का समाधान किया जावे।

पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों के सप्लाई चैन को पूरी तरह से ध्वस्त करने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना/कैम्प प्रभारियों को स्वतः उपस्थित रहकर नियमित रूप से मुख्य मार्गों में एम.सी.पी. लगाकर गहन चेकिंग करने का निर्देश दिया।

पुलिस ने गौ-तस्करी में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

■ 10 वर्षों से सक्रिय अंतरराज्यीय गौ-तस्करी गिरोह पर कार्रवाई

■ 34 पशुओं को क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते ले जा रहे थे वध के लिये

नरायणपुर/ नवप्रदेश। आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम 1960 एवं कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की विभिन्न धाराओं के तहत की गई कार्यवाही।

नारायणपुर पुलिस ने दिनांक 21.07.2025 को 04 अवैध गौ-तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर भा.पु.से. श्री रोबिनसन गुड़िया (पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर) के मार्गदर्शन में थाना धौड़ाई की टीम ने कार्यवाही करते हुए विगत 10 सालों से

सक्रिय अंतर्राज्यीय गौ तस्करी टीम के 04 सदस्यों को गौ-तस्करी करते हुए दिनांक 20.07.2025 को पकड़ कर पशु क्ररुरता निवारण अधिनियम-1960 की धारा-11(1)(घ) एवं कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम-2004 की धारा 4, 6 एवं 10 के अंतर्गत थाना धौड़ाई में अपराध क्रमांक 06/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चारो आरोपी 34 नग पशु को ग्राम पंचायत करहीभदर जिला बालोद (बाजार) से खरीद कर गीदम बाजार के माध्यम से वध करके तेलंगाना राज्य में बेचने के लिये क्ररुरता पूर्वक मारते, पीटते, दौड़ाते, हाकते हुये ला रहे थे जिन्हें रोककर पुछताछ करने पर उन्होनें बताया कि उनका दल विगत 8-10 सालों से गौ- तस्करी का कार्य कर रहा है तथा मवेशियों की खरीदी-बिकी, परिवहन एवं व्यापार करने का उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है।

चारों गिरफ्तार आरोपी निम्नानुसार हैं :-

(01) दशाराम उर्फ दशराम मुरामी पिता स्व. लच्छु मुरामी उम्र 48 वर्ष जाति माड़िया निवासी ग्राम कटुलनार पटेलपारा थाना गीदम जिला दंतेवाड़ा

(02) दियारू राम मुरामी पिता स्व. पोदिया राम मुरामी उम्र 40 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम कटुलनार पटेलपारा थाना गीदम जिला दंतेवाड़ा

(03) शंकर लेकाम उर्फ शंकर लेखमी पिता मारो राम लेकाम उम्र 19 वर्ष जाति गोंड निवासी गोटपाल थाना गीदम जिला दंतेवाड़ा

(04) रामधर बेके उर्फ रामधर वेक पिता लच्छु राम बेके उम्र 30 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम कटुलनार विसपारा थाना गीदम जिला दंतेवाड़ा

ज़िला सहकारी संघ अध्यक्ष ने कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने सीएम को सौंपा ज्ञापन

कांकेर/ नवप्रदेश। बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार उत्तर बस्तर कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय की मांग की दिशा में अब गति आने लगी है। जिस बाबत् अब पत्र व्यवहार प्रारम्भ हो गया है। भौगोलिक दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय कांकेर से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर और पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर की दूरी अंचल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित कर रही है। इसे महसूस करते हुए पूर्व पंचायत सदस्य और जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने छत्तीसगढ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जब 7 अप्रैल 2025 को चैतरई पर्व के अवसर पर गोड़वाना भवन कांकेर आगमन हुआ था। तब उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर उत्तर बस्तर में आदिवासी विश्वविद्यालय प्रारम्भ किये जाने का अनुरोध किया था। जिस पर मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय को इस दिशा आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र लिखा था। पत्र मिलने पर आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलसचिव को पत्र लिखकर नवीन आदिवासी विश्वविद्याल के स्थापना की मांग का परीक्षण, नवीन विश्वविद्यालय की आवश्यकता एवं वर्तमान व्यवस्था के तहत छात्र-छात्राओं को हो रही कठिनाइयों का परीक्षण करते हुए अभिमत सुनिश्चित करने को कहा है। कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में यह प्रथम प्रयास है। ज्ञातव्य हो कि आदिवासियों के महापर्व चैतरई के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांकेर आगमन पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने पत्र के माध्यम से मुख्मंत्री को अवगत कराया था कि बस्तर उत्तर बस्तर कांकेर प्राचीन समय से ही शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। यहां के अनेक छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक, एवं प्रशासनिक क्षेत्र सहित देश विदेश में नाम कमाया है।

किरंदुल पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का नंदलाल ने किया निरीक्षण

■ जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्रों से किया सीधा संवाद

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किरंदुल स्थित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें अनुशासन व नियमित पढ़ाई के महत्व को समझाया।

उन्होंने कहा, शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति अपने जीवन में संपूर्ण विकास और लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है।निरीक्षण के दौरान छात्रावास में शौचालय व्यवस्था, स्वास्थ्य किट, प्राथमिक उपचार, राशन वितरण, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई।

श्री मुड़ामी ने छात्रावास अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ को निर्देशित किया कि छात्रावास में रह रहे बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण मिलें, यह सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के माध्यम से जनप्रतिनिधियों ने यह संदेश दिया कि शासन-प्रशासन विद्यार्थियों के साथ है और उन्हें बेहतर भविष्य देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यक्रम समिति सदस्य सुमित भदौरिया, कार्यकर्ता मंजू छालीवाल जितेन्द्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुखदेव एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बस्तर टीम ने रचा इतिहास, सुब्रतो कप में जीत दर्ज की

नारायणपुर/ इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, जगदलपुर में दिनांक 21 जुलाई (सोमवार) से 24 जुलाई (गुरुवार) 2025 तक आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप (सुब्रतो कप) फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 में, बस्तर की ओर से खेल रही रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ, नारायणपुर की टीम ने अंडर-15 और अंडर-17 दोनों वर्गों में शानदार जीत दर्ज करते हुए राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

इन दोनों टीमों ने अब अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व

करने हेतु क्वालिफाई कर लिया है।

अंडर-15ः बस्तर की युवा टीम का अपराजेय प्रदर्शन

पहला मैचः बस्तर 5-0 सरगुजा
गोलदाताः राजू (2), मधु (1), जयवर्धन (1), दीपेश (1)

दूसरा मैचः बस्तर 11-0 दुर्ग
गोलदाताः दीपेश (4), मधु (3), राजू (2), जयवर्धन (1), सुखराम (1)

तीसरा मैचः बस्तर 3-0 बिलासपुर
गोलदाताः जयवर्धन (3)

चौथा मैचः बस्तर 1-0 रायपुर
गोलदाताः जयवर्धन (1)

?? मुख्य खिलाड़ीः
जयवर्धन ने कुल 5 गोल कर फॉरवर्ड लाइन को मजबूती दी, वहीं दीपेश, मधु और राजू ने भी निर्णायक योगदान दिया।

अंडर-17ः सतीश वड्डे की कप्तानी में जीत की हैट्रिक

पहला मैचः बस्तर 2-1 सरगुजा
गोलदाताः सतीश वड्डे (2)

दूसरा मैचः बस्तर 1-0 रायपुर
गोलदाताः मनोज नेताम (1)

तीसरा मैचः बस्तर 7-0 बिलासपुर

एक पेड़ माँ के नाम, अभियान के तहत बालगृह सिंगारभाट में वृहद वृक्षारोपण

कांकेर/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर द्वारा ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बालगृह (बालिका) सिंगारभाट कांकेर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम जामुन पपीता चीकू सहित विभिन्न प्रकार के फ्लदार पौधे रोपे गए।जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बालगृह में निवासरत बालिकाओं और स्टाफ को वृक्षारोपण के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने सभी को पौधों की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और मातृ-सम्मान की भावना को एक साथ जोड़ते हुए सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे को अपनी माँ के नाम समर्पित कर उसकी तरह उसकी देखभाल की जाएगी।

14 वर्षीय स्कूली छात्र ने लगाई फांसी

अंतागढ़/नवप्रदेश। नयापारा स्थित किराए के मकान में एक स्कूली छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है आत्महत्या के पीछे कारणों का पता नहीं चला है पुलिस छानबीन कर रही है । प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 24 जुलाई को शाम 6-7 बजे के आसपास की बताई जा रही है जहां किराए के मकान में एक 14 वर्षीय स्कूली छात्र ने बाथरूम के चौखट मे गमछा से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। छात्र का नाम शाहिल उईके पिता स्व. रत्तीराम उईके ग्राम बर्रेबेड़ा बताया जा रहा है जो कि बालक पीएमटी छात्रवास अंतागढ़ में रहकर कक्षा 9वीं में अध्ययनरत था। वहीं जिस मकान में फांसी लगाया वहाँ पर उसकी माँ मानबती जो कि लामकन्हार पंचायत की सचिव है किराए से निवासरत है अंतागढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही हैं ।

भोपालपट्टनम में जल का संकट गहराया

भोपालपटनम/ नवप्रदेश। बीजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले भोपालपटनम नगर पंचायत एवं आसपास की ग्राम पंचायतों में इन दिनों नागरिकों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट का मुख्य कारण क्षेत्र में हो रही लगातार बिजली की आंख मिचौली है, जिसके चलते नल-जल योजना के तहत जल आपूर्ति बाधित हो रही है।स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विगत कई दिनों से प्रतिदिन दिन में 10 से अधिक बार बिजली गुल हो जाती है और कई बार एक-एक घंटे तक बिजली नहीं आती। इस अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण नल जल योजनाओं से जुड़े मोटर पंप समय पर नहीं चल पा रहे हैं, जिससे टंकी में पानी नहीं भर रहा और घरों तक सप्लाई नहीं हो पा रही है।नगर पंचायत के अलावा आसपास की कई ग्राम पंचायतें भी इस समस्या से प्रभावित हैं। विशेष रूप से यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब यह समझा जाए कि क्षेत्र में अधिकांश हैंडपंपों के पानी में फ्लोराइड की मात्रा अत्यधिक है, जिससे वह पीने योग्य नहीं रह गया है। नागरिकों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें दूषित पानी पीना पड़ रहा है जिससे बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

स्थानीय प्रशासन से नाराज़गी:स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। नागरिकों का कहना है कि जब पानी जैसी मूलभूत सुविधा ही नहीं मिल पा रहा, तो जीवन- यापन कठिन हो गया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

पीएचई विभाग का पक्षः

इस संबंध में पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) के एक अधिकारी ने बताया कि बिजली की अनियमितता के कारण टंकियों में पानी नहीं भर पा रहा है। ÷दिन भर में बिजली 10 से अधिक बार जाती है और हर बार आधा से एक घंटे का अंतर होता है।

जब तक मोटर चालू होती है, तब तक फिर बिजली चली जाती है। ऐसे में पानी की निरंतर आपूर्ति नहीं हो पा रही,÷ उन्होंने बताया।

इंस्टाग्राम में अश्लील कमेंट आरोपी युवक गिरफ़्तार

आरोपी युवक पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत अपराध दर्ज

कांकेर// नवप्रदेश। कांकेर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लारगांव मरकाटोला के युवक ने इंस्टाग्राम प्रोफाईल फोटो में अश्लील कमेन्ट कर रहा था। प्रार्थीय की रिपोर्ट के आधार पर अश्लील कमेंट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 24जुलाई को प्रार्थिया ने थाना आकर लिखित आवेदन पेश करने पर कि 23जुलाई 2025 को दोपहर करीबन 01 बजे प्रार्थिया अपने मोबाईल फोन के इंस्टाग्राम आईडी को खोल कर देख रही थी जिसमें

उसके इंस्टाग्राम आईडी में हरीश सोनकर निवासी लारगांव मरकाटोला नाम का व्यक्ति प्रार्थिया इंस्टाग्राम के प्रोफाईल फोटो में गंदी-गंदी अश्लिल कमेन्टस करते हुये हरीश सोनकर अपने इंस्टाग्राम आई डी से पब्लिक स्टोरी एवं हाई लाईटस में प्रार्थिया के प्रोफाईल फोटो में गंदी गंदी अश्लिल कमेन्टस लिखकर लगाये हैं कि लिखित रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 215/2025 धारा 79 बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान उ.म.नि.वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के मार्गदर्शन में धारा 67 (ए) सुचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 का समावेश किया गया है। विवेचना दौरान प्रार्थिया एवं गवाहो का कथन लिया गया है। प्रार्थिया के पेश करने पर घटना का अश्लिल कमेन्ट का स्क्रीन शॉट एवं मोबाईल को जप्त किया गया।आरोपी का पता तलाश के दौरान मुखबीर की सूचना पर आरोपी हरीश कुमार सोनकर पिता स्व उदेय सिंह सोनकर उम्र 22 वर्ष जाति सोनकर निवासी लारगांव मरकाटोला थाना कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर को 25 जुलाई 2025 को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो अपराध धारा सदर को स्वीकार करने पर गवाहो के समक्ष आरोपी हरीश कुमार सोनकर के मोबाईल को जप्त किया जाकर अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से 25जुलाई 2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर रिमाण्ड फार्म तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में प्र.आर.कौशल साहू.प्रआर. दिनेश कुलदीप,आरक्षक मुनेश शोरी.आरक्षक श्रवण ठाकुर.आरक्षक वयंत सरोज. एवं महिला आर.सविता नाग म.आर.अंजली गोटा सहित पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

प्रिंटरों ने किया पंचकोशी धाम की यात्रा एवं चलाया जनजागरण अभियान

राजिम/नवप्रदेश। प्रिंटिंग प्रेस व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन नवापारा राजिम अंचल के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसे इस बार पंचकोशी धाम यात्रा एवं जन जागरण अभियान के रूप में मनाया गया।

पंचकोशी धाम यात्रा की शुरुआत पटेश्वर महादेव पटेवा से हुई, साथ ही साथ आज के परिवेश में जो ज्वलंत समस्याएं हैं जैसे पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, सड़क यातायात सुरक्षा एवं सावधानी, पॉलिथीन से होने वाले नुकसान, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ आदि विषयों को लेकर बेनर पोस्टर के माध्यम से पूरे यात्रा में जन जागरण अभियान चलाया गया। सभी जगह यह बेनर पोस्टर लगाते हुए बोल बम के नारे के साथ डीजे की भक्ति संगीत के साथ सभी प्रिंटरो ने पंचकोशी धाम यात्रा किये। यात्रा पटेश्वर महादेव से चम्पपेश्वर, ब्रह्मेश्वर, फणेश्वर, कोपेश्वर होते हुए कुलेश्वर महादेव में संपन्न हुई।

यात्रा के दौरान जगह-जगह शिव भक्तों ने जलपान की व्यवस्था किए हुए थे।

हमारे संवाददाता को डीके साहू (संरक्षक), त्रिलोक साहू (सचिव) ने बताया कि सावन उत्सव के रूप में हर वर्ष प्रसादी वितरण का कार्यक्रम करते आ रहे हैं, इस बार इसका स्वरूप बदलकर पंचकोशी धाम यात्रा एवं जन जागरण अभियान के रूप में मना रहे हैं। इसमें हमारे संगठन के सभी साथी बड़े ही उत्साह के साथ झूम रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धनेश्वर साहू (संरक्षक), मुरली चक्रधारी, सुशील सिंघई, महितोश शर्मा, कोमल साहू, दीपक साहू, आकाश जैन, जयंत साहू, दिलीप निर्मलकर, डिगेश्वर साहू, जीतू साहू, राजू कंसारी, रेवानंद पटेल, दीपक सेन, हरिश साहू, चेतन साहू, रोशन साहू, अनिल यादव, अशोक सिंहा, सुरेश तारक, ज्ञानचंद देशमुख, प्रदीप वर्मा, प्रेम साधवानी, प्रभात जैन, शेखर साहू आदि ने अथक प्रयास किये।

पंचकोशी धाम यात्रा एवं जन जागरण अभियान का आभार व्यक्त टुकेश सिन्हा (अध्यक्ष) ने किया। टुकेश सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में नगर एवं आसपास में हो रहे दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं से दिल दहला जा रहा है क्यों ना इस बार सावन उत्सव में भगवान भोलेनाथ से वर्तमान ज्वलंत समस्याओं से निजात हेतु आशीर्वाद मांगा जाए इस हेतु यह आयोजन संपन्न किये। आयोजन में प्रमुख रूप से बसंत प्रजापति, अभिजीत चौधरी, देवेंद्र साहू, दयालु साहू, छगेश्वर साहू, आकाश बाघ, दिलीप निषाद, ओमप्रकाश साहू, सुदामा साहू उपस्थित थे।

डिजिटल अरेस्ट से समाज सेविका ने गंवाएं 34 लाख

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बीके बाहरा की रहने वाली रिटायर्ड इंजीनियर एक बुजुर्ग महिला को गिरफ्तारी का डर दिखाकर करीब 34 लाख रुपये की ठगी का शिकार हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस को किए गए शिकायत में ग्राम बीकेबाहरा की हेमलता साहू पति विक्रम लाल साहू (64) ने बताया कि उनके पति विक्रम लाल साहू जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त उप अभियंता हैं और वह समाज सेवा करती हैं। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई को करीब 11 बजे फोन आया था और फोन करने वाले ने खुद को क्राइम ब्रांच कोलाबा थाना मुंबई का साइबर क्राइम ऑफिसर बताया और उसके वाट्सएप नंबर से एक भारतीय रिजर्व बैंक का मनी लांड्रिंग से संबंधित नोटिस भेजा और कहा सस्पेक्ट एटीएम कार्ड पकड़े गए है जिसमें एक एटीएम कार्ड उसके नाम का भी है। फोन करने वाले ने मुझे कहा कि मेरे कैनरा बैंक के खाते में नौ सौ करोड़ जमा हो गया है। इसके बाद एक अन्य नंबर से वीडियो कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाला पुलिस यूनिफार्म में था। उस व्यक्ति ने भी मुझे गिरफ्तार करने की धमकी दी और कहा कि अगर सही-सही जानकारी मिलेगी तो वे मेरा सहयोग करेंगे। तब उन्होने कहा कि मेरा कैनरा बैंक में खाता नहीं है और बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा बृहस्पति बाजार बिलासपुर में खाता है। जिस पर फोन करने वाले ने मुझसे मेरे खाते में बैलेस पूछा, तब मैंने बताया कि मेरे खाते में 50-60 हजार रुपये हैं। साथ ही फोन करने वाले व्यक्ति ने धमकी दी कि यदि मैं इस संबंध में किसी को बताऊंगी तो उसके पुत्र और पति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बाद उसने मुंबई कोलाबा पुलिस स्टेशन में आने के लिए कहा तब मैंने उस व्यक्ति से कहा कि मुंबई नहीं जा सकती। तब उसने मेरे बैंक खाता के संबंध में जानकारी पूछा और मुझे तत्काल बिलासपुर जाने बोला । फिर मैंने बोला कि मुझे काम है, मैं बिलासपुर 09 तारीख को जाऊंगी। इस पर फोन करने वाले ने एफडी के बारे में पूछा तब मैंने उस व्यक्ति को 8 लाख का एफडी होना बताया। बाद उसने एफडी तुड़वाकर आरटीजीएस के माध्यम से दिए गए खाता नंबर में रकम ट्रांसफर करने कहा। जिस पर उसने 11 जुलाई को एफडी को तोड़कर 9,49,734 रुपए ट्रांसफर कराया। बाद उन लोगों ने मुझे डराकर पैसे के संबंध में पूछताछ की तब वह डरकर अपने म्यूच्युअल फंड जो कि बिरला सन लाईफ एवं एस बी आई म्यूच्युअल फंड के संबंध में जानकारी दी । तब उसने मुझे अरेस्ट करने की धमकी देते हुए उक्त दोनों म्युच्युअल फण्ड में निवेश किए गए पैसों को दिए गए बैंक खाते में ट्रांसफर करने कहा, जिस पर उसने 17 जुलाई को अपना म्युच्युअल फंड आदित्य बिरला सन लाईफ से 19,44,869 रुपये एवं एसबीआई म्यूच्युअल फंड 5,28,605 रुपए ट्रांसफर कर दिया। बाद उस व्यक्ति ने कहा कि मेरे द्वारा ट्रांसफर किए गए कुल 33,99,734 रुपए आरबीआई के माध्यम से वापस आ जाएगा और गिरफ्तारी भी नहीं होगी। उसके बाद वाट्सएप पर एक पत्र भेजा जिस पर लिखा हुआ था कि मुझे बरी कर दिया गया है। लेकिन जब रकम खाते में वापस नहीं आई तब उसे पता चला कि वह धोखाधड़ी का शिकार हुई है। मामले में धारा 318(4) 319(2) बीएनएस, 66 डी आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

छत्तीसगढ़ी हरेली पर्व पर दिल्ली पब्लिक स्कूल मे विशेष आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। दिनांक 23 जुलाई 2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति एवं कृषि आधारित जीवनशैली को समर्पित हरेली पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विविध गतिविधियों से युक्त विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति को समर्पित समूह लोकगीत की प्रस्तुति से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने हरेली पर्व के महत्व को मधुर स्वरों में व्यक्त किया। तत्पश्चात बच्चों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को लोकसंस्कृति की रंगत से सराबोर कर दिया। विशेष रूप से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने हरेली पर्व, छत्तीसगढ़ी परंपराएँ, तथा कृषि आधारित रीति-रिवाज़ों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर ज्ञानवर्धक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में खेती-किसानी में प्रयुक्त पारंपरिक औजारों ङ्क जैसे हल, फावड़ा, गैंती, कुदाल, बैलगाड़ी आदि की पूजा-अर्चना की गई, जो हरेली पर्व की मुख्य विशेषता है। इसके माध्यम से छात्रों को कृषि के प्रति सम्मान और ग्रामीण जीवन से जुड़ाव का संदेश दिया गया। पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने हरियाली संरक्षण, जैव विविधता, और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार किए गए नारे और चित्रों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और रोचक बना दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हरेली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी कृषि संस्कृति और प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरेली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी

छत्तीसगढ़ की संस्कृति का उत्सव हरेली पर्व

■ नगर पालिका के तत्वाधान में हरेली पर्व पर नारियल फेंक का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं नगर पालिका परिवार के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पहले त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर कवर्धा में एक अनोखी और रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छ्तीशगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, विश्वहिंदू परिषद के चंद्रशेखर वर्मा उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरेली पर्व पर नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आनंद लेकर नारियल फेंका वी कार्यक्रम की शुरुवात कर सभी कवर्धा वासियों को हरेली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दिए साथ ही प्रदेश की खुशहाली की कामना की । उन्होंने कहा कि हरेली केवल एक पर्व नहीं, यह छत्तीसगढ़ की आत्मा है। यह त्यौहार हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है खेत, किसान, बैल, हल, और हर वह चीज़ जो हमारी पहचान बनाती है।÷आज जब हम विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब यह जरूरी है कि हम अपनी सांस्कृतिक नींव को न भूलें। हरेली जैसे पर्व हमें याद दिलाते हैं कि परंपरा और प्रगति साथ चल सकती है।÷

नगर पालिका अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएँ

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन माँ महामाया मंदिर के पास से शुरू हुआ, जिसमें जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उन्होंने नगरवासियों को हरेली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आप सभी के जीवन में हरियाली, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। हमारा प्रयास है कि ऐसे पारंपरिक पर्वों को नई पीढ़ी से जोड़ा जाए, ताकि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान अक्षुण्ण बनी रहे। नारियल फेंक प्रतियोगिता जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने की दिशा में एक छोटा-सा प्रयास है।

विजेता प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया की इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखना और युवाओं को पारंपरिक खेलों से जोड़ना रहा। उन्होंने बताया की विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें प्रथम पुरस्कारः 3001/ नासिर ख़ान, द्वितीय पुरस्कारः 2001/- प्रवीण साहू , तृतीय पुरस्कारः ?1001/- बालक जांगड़े को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका परिषद कवर्धा व पार्षदगणों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया।आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार जताया और कहा कि भविष्य में भी ऐसे पारंपरिक आयोजनों को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा ताकि छत्तीसगढ़ की संस्कृति जीवंत बनी रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका सभी जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

गरियाबंद जिले को कुपोषण मुक्त करने प्रशासन तत्पर : कलेक्टर

■ कुपोषित बच्चों की जांच एवं इलाज के लिए सामाजिक दायित्व का कर रहे निर्वहन : डॉ भट्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले को कुपोषण मुक्त करने तथा बच्चों के बेहतर देखभाल के लिए कलेक्टर बी.एस. उइके ने नवीन पहल की है। कलेक्टर के निर्देशानुसार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज के लिए आज गरियाबंद के वन विभाग ऑक्सन हॉल में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का गंभीरतापूर्वक स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज किया गया। साथ ही बच्चों के पालकों को बच्चों के बेहतर देखभाल एवं कुपोषण को दूर करने खानपान से संबंधित आवश्यक सलाह भी दिया गया। शिविर में जिले के लगभग 150 से अधिक बच्चों का वजन माप, वृद्धि चार्ट एवं आवश्यक मापदण्डों में पंजीयन किया गया। इस आधार पर डॉ

भट्टर ने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर आवश्यक ईलाज एवं देखभाल के लिए सुझाव दिया। स्वास्थ्य टीम द्वारा निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर दो माह से 15 वर्ष तक के बच्चों के बेहतर देखभाल एवं पौष्टिक आहार की जानकारी से संबंधित पुस्तिका का विमोचन कलेक्टर श्री उइके सहित अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अशोक पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं मेडिकल टीम मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त करने जिला प्रशासन तत्पर एवं गंभीर है। गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें विशेष पूरक पोषण आहार दिया जा रहा है। इसके अलावा अतिरिक्त आहार देने एवं ईलाज में सहायता करने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों से ऐसे बच्चों को गोद लेने की अपील भी की जा रही है। बच्चों को गोद लेने के लिए सभी वर्ग के लोग सामने आ रहे है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से डॉक्टर भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा इस मेगा हेल्थ कैम्प के आयोजन किये जाने पर डॉ भट्टर का आभार जताया। साथ ही डॉक्टरों द्वारा बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए दिये गये सलाह का पालन करने का आग्रह शिशुवती माताओं से किया।

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए 14 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

बालोद/नवप्रदेश। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 14 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास ने बताया कि इसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केंद्र सुखरी क्रमांक 2, कोंगनी क्रमांक 2 एवं मोखा क्रमांक 1 में 01-01 आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदिका को 8वीं उत्तीर्ण तथा उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र के ग्राम पंचायत का निवासी होना अनिवार्य है।

आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी गंगरेल की पुष्पा साहू

■ धैर्य, मुस्कान और अपनी कला में भरोसे ने उन्हें आगे बढ़ाया

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के गंगरेल गांव की रहने वाली पुष्पा साहू ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि अगर इच्छाशक्ति हो और मेहनत करने का जज्बा हो तो कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। जहां पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगाई हुई थी, वहीं अब पुष्पा साहू बैन टैक्स ज्वेलरी बेचकर प्रतिमाह 12 से 15 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं। श्रीमती पुष्पा साहू नई दिशा महिला स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य है व कुंवर बाई महिला ग्राम संगठन गंगरेल तथा सार्थक महिला क्लस्टर संगठन रुद्री से जुड़ी

आत्मविश्वास और मेहनत से बदली तकदीर

हुई है। शुरुआत में ग्राहकों को जोड़ने और बिक्री बढ़ाने में उन्हें कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन धैर्य, मुस्कान और अपनी कला में भरोसे ने उन्हें आगे बढ़ाया। उन्होंने घर-घर जाकर, स्थानीय मेलों, हाट-बाजारों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाया। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय बढ़ता गया। आज पुष्पा

कठिनाइयों से संघर्ष की शुरुआत

पारंपरिक ग्रामीण जीवन में सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बीच पुष्पा साहू ने अपने परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के लिए कुछ अलग करने की ठानी। सीमित पूंजी के साथ उन्होंने बैन टैक्स ज्वेलरी का व्यवसाय शुरू किया। यह आभूषणें खास तौर पर कृत्रिम होती हैं, जो आधुनिक डिजाइन और किफायती दामों के कारण बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं।

साहू नियमित रूप से बैन टैक्स ज्वेलरी बेचकर हर महीने 12,000 से 15,000 रुपए तक की आमदनी अर्जित कर रही है।

पौधरोपण कर विद्यार्थियों ने लिया सुरक्षा का संकल्प

महासमुंद/नवप्रदेश। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया। 23 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चार हाऊस ब्लू, ग्रीन, रेड एवं यलो हाऊस ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। साथ ही वृक्षों को संरक्षित रखने, सही ढंग से देखभाल करने व वृक्ष न काटने का संकल्प लिया। शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं पेड़ों को बचाने एवं उनके उचित देखभाल के संदर्भ में बहुत ही प्रभावशाली भाषण दिए। शिक्षिका मिताली जैन एवं ममता साहू ने भी पर्यावरण को नष्ट होने से बचाने एवं पौधे लगाकर जीवन को सुरक्षित रखने की अपील की। इन्हीं विद्यार्थियों द्वारा शाला परिसर में ही बहुत ही खूबसूरत तरीके से ब्लैकबोर्ड को सजाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली जो खेती किसानी से संबंधित है ,किसान के मेहनत से ही खेत

खलिहान हरे भरे दिखाई देते हैं, अपने मन के भावों को बड़े ही सुंदर ढंग से चित्रित करके ब्लैक बोर्ड को सजाया गया। जिसमें बताया गया कि छत्तीसगढ़ में किसानों का महत्व अत्यधिक है। यह बात हरे भरे चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका प्रदीप्ति चांडक नें किया ।

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा: 24 परीक्षा केन्द्रों में 5748 परीक्षार्थी होंगे शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इन केन्द्रों में 5748 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में दो घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले मेन गेट को बंद कर दिया जाएगा। नकल की संभावनाओं को खत्म करने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड द्वारा जैमर तथा एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जा रही है। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जायेगी।

महासमुंद से दंतैल पहुंचा फिंगेश्वर रेंज

महासमुंद/नवप्रदेश।एक दंतैल बीबीएमई -1 जीवतरा के जंगल से निकल कर धनसुली खार से होते हुए वनमंडल महासमुंद जिला से निकलकर वनमंडल गरियाबंद व फिंगेश्वर रेंज में प्रवेश किया है। उक्त दंतैल मंगलवार को महासमुंद वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 26 से निकल कर महासमुंद के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण कर रहा था। बता दें कि मंगलवार को दंतैल बीबीएमई 1 खड़सा-फुसेराडीह मार्ग पार करते हुए वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 809 और 810 होते हुए लहंगर की ओर विचरण करने की सूचना पर ग्राम खड़सा, लहंगर, मोहकम, पीढ़ी, परसाडीह, गुडरुडीह, कुकराडीह, मालीडीह, बांसकुड़ा, बिरबिरा और

पिरदा के ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई थी। बाद बुधवार को दंतैल लहंगर के जंगल से होते हुए सरायपाली एनएच -53 को पार किया। जिसके बाद कौंवाझर, बंजारी, लोहारडीह, घोंघीबहरा, बनसिवनी, सोरिद, गौरखेड़ा, दलदली, उमरदा, अरण्ड, मुड़मार, पतेरापाली, सिरगिड़ी, झालखम्हरिया, बोरियाझर, केशवा, खट्टी, बकमा, जीवतरा, धनसुली के आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने व जंगल में जाने से मना किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन ... सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता,और वेस्ट सेग्रीगेशन संबंधी कार्यों में देवकर का बेहतर प्रदर्शन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024: देवकर को मिला ODF++ और 1-स्टार रेटिंग, राष्ट्रीय स्तर पर 65वां स्थान

देवकर/नवप्रदेश। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत देवकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) सर्टिफिकेशन में ODF++ का दर्जा हासिल किया है। इसके साथ ही, गार्बेज फ्री सिटी (कचरा मुक्त शहर) स्टार रेटिंग के अंतर्गत इसे 1-स्टार भी प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों की साफ-सफाई, वॉटर बॉडी के रखरखाव,

सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता, और वेस्ट सेग्रीगेशन जैसे विभिन्न स्वच्छता संबंधी कार्यों में देवकर के बेहतर प्रदर्शन का प्रमाण है।

इस प्रतिष्ठित सर्वेक्षण में, जिसमें देशभर के 2035 शहरों और राज्य के 123 शहरी क्षेत्रों ने भाग लिया, नगर पंचायत देवकर ने पूरे देश में 65वां स्थान और राज्य में 55वां स्थान प्राप्त किया है। नगर को स्वच्छ रखने और सर्वेक्षण में यह उल्लेखनीय स्थान हासिल करने में नगर निकाय के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और आम जनता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इस सफलता के पीछे इन सभी का रहा अथक प्रयास

निकाय अधिकारी और कर्मचारीः मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू, उपअभियंता संजय मोटवानी, लेखापाल गजाधर यादव, सहायक ग्रेड 03 प्रदीप कुमार सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक राजकुमार रात्रे, मूलचंद कोसरे, आबिद मोहम्मद कुरैशी, सोहन साहू, स्वच्छता प्रेरक आकाश आडील, उमेन्द्र ध्रुव, प्लेसमेंट कर्मचारी, स्वच्छता कर्मचारी और स्वच्छता कमांडो।

जनप्रतिनिधिः अध्यक्ष सुरेश सिहोरे, उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, पार्षदगण सुरेश सिन्हा, भारत निषाद, रामप्यारी यादव, मोहन सिन्हा, रविशंकर सोनी, ताराचंद चक्रधारी, बीरेंद्र कुंजाम, देवेश गुप्ता, वर्षा साहू, धनीराम देवांगन, नीरा निषाद, सलमा मिर्ज़ा, और विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अपील की है कि जिस तरह नगर पंचायत देवकर ने इस वर्ष पूरे देश में अच्छा प्रदर्शन किया है, उसी तरह आगामी वर्षों में भी यह प्रदर्शन जारी रहे और नगर हमेशा स्वच्छ रहे, इसके लिए सभी अपना सहयोग ऐसे ही बनाए रखें। देवकर की यह उपलब्धि अन्य नगर पंचायतों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत।

न्यूज गैलरी

64 तीर्थयात्री श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्या रवाना

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 64 तीर्थयात्री अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इन सभी तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उप संचालक भूमिका देसाई ने बताया कि तीर्थयात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष राम कमल सिंह परिहार, पवन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जाता है। सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने-पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाता है।

देशभक्ति के संदेश के साथ सैनिकों को भेजी जाएगी राखी

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ की ओर से एक राखी देश के सैनिकों के नाम संदेश के साथ जिले के स्काऊट अभियान में शामिल हुए। जिले के तीनों विकासखंड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया से लगभग एक हजार राखी सैनिकों को भेजने का लक्ष्य रखा गया है। जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर ने बताया कि स्काउट्स गाइड्स के गाइड एवं रेंजर बहनों के द्वारा हस्त निर्मित राखी सैनिकों के नाम उनके सम्मान में भेजा जाएगा। जिन सैनिकों की निगेहबानी में देशवासी अमन चैन के साथ सुरक्षित जीवन यापन करते हैं।

निधन
देविका साहू

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम संगवाकापा के विष्णु साहू की सुपुत्री देविका साहू उम्र 9 वर्ष का आज 24 जुलाई गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पूर्व जनपद सदस्य निरंजन साहू की भतीजी थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य केंद्रों में स्नैक वेनम, रेबीज एवं मध्यान्ह भोजन में हरी सब्जी सहित पौष्टिक भोजन की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

निरीक्षण: लखनपुर व उदयपुर विकासखंड के दूरस्थ गांवों में पहुंचे कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंड के दूरस्थ गांवों पहुंचे। जहां उन्होंने ने स्कूल, पीडीएस, स्वास्थ्य केंद्र खाद-बीज वितरण केन्द्र, पीएम आवास , पीएम जनमन सड़क का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तिरकेला पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया चावल, चना और शहर वितरण की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने हितग्राही से राशन की सुनिश्चित उपलब्धता पर चर्चा की, वहीं उन्होंने प्राथमिक स्कूल का जायजा लेते हुए किचन शेड में बन रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं स्कूल में बच्चों को पौष्टिक भोजन एवं हरी सब्जी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

साथ ही सामुदायिक शौचालय अधूरे निर्माण को तत्काल पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर ने तुरंगा के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया उन्होंने बच्चों की अधिक संख्या को देखते हुए, अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया। साथ ही किचन शेड में बच्चों के लिए बन रहे भोजन का अवलोकन भी किया। उन्होंने मध्याह्न भोजन में बच्चों को मेन्यू के सूचि अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुन्नी सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने एग्रीस्टैक पंजीयन शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान एक किसान ने आय जाति-प्रमाण पत्र की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने आगामी सोमवार को कुन्नी हाई स्कूल में शिविर लगाकर स्कूली बच्चों के आय जाति प्रमाण बनाने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर ने कुन्नी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्नैक वेनम, रैबिज और अन्य दवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रसव पंजीयन से रेंडम हितग्राही को फोन लगाकर प्रसूता का प्रसव कहां हुआ है, बच्चे को टीका लगा की नहीं, प्रसूता को शासन की ओर से मिलने वाले 1400 रुपए की सहायता मिली की नहीं, स्वास्थ्य केंद्र में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हुई इसकी जानकारी ली। कलेक्टर केदमा के आवासीय बालक छात्रावास पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। और बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। भकुरमा से बुलईकेदमा पीएम जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बनसिंह नेताम, तहसीलदार, डीईओ, डीपीओ, जनपद पंचायत सीईओ, सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

अवयस्क बच्चियों के शोषण के मामले में अंबिकापुर कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

मानव दुर्व्यवहार मामले में तीन महिलाएं दोषी करार, विशेष न्यायालय ने सुनाई सजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मानव तस्करी और अवयस्क बच्चियों के शोषण के गंभीर मामले में विशेष न्यायाधीश (एन.आई.ए.) अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के पीठासीन अधिकारी के.एल. चरयाणी ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन महिला आरोपियों को दोषी करार देते हुए 14-14 वर्ष की कठोर सजा सुनाई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया है कि माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एन.आई.ए.) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) पीठासीन अधिकारी के0 एल0 चरयाणी जी द्वारा भा.दं.सं. की धारा 120 बी, 363, 365, 366, 368 एवं 370 के अपराध में आरोपीगण विमला यादव, नीलू उर्फ निर्मला नायक व कोमल अहिरवार को उक्त अपराध में दोषसिद्ध घोषित किया गया। दरअसल अभियुक्तगण विमला यादव, नीलू उर्फ निर्मला नायक एवं कोमल अहिरवार द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2024 से 18 अप्रैल 2024 के मध्य ग्राम पुराईनबंध में साथ मिलकर तीन अवयस्क

बच्चों का सदोष परिरोध कर उनका दुव्यापार करने हेतु आपराधिक षडयंत्र करने, अवयस्क बच्चों का व्यपहरण करने, उनका गुप्त रीति से सदोष परिरोध करने एवं अवयस्क बच्चियों को अयुक्त संभोग करने हेतु विवश या विलुब्ध करने के आशय से उन्हें विवाह करने हेतु लड़कों से मिलने के लिये उत्प्रेरित करने तथा अवयस्क बच्चों का सदोष परिरोध कर यह जानते हुये कि उनका शोषण किया जा सकता है मानव दुव्यापार करने के मामले में दिनांक 22 जुलाई 2025 को निर्णय पारित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के0 एल0 चरयाणी जी द्वारा सम्पूर्ण साक्ष्य विवेचना उपरांत यह स्पष्ट होना पाया कि अभियुक्त विमला ने अन्य अभियुक्त नीलू उर्फ ठुनी एवं कोमल अहिरवार के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा तथा उक्त आपराधिक षडयंत्र के पालन में अवयस्क पीड़ित बच्चों को अपने साथ बहला-फुसलाकर उनका व्यपहरण कर अपने साथ ले गयी और उनको नीलू और उनके पति कोमल के आधिपत्य में सौंप दिया जिन्होंने पीड़ित कमांक 1 को अवयस्क होने के बाद भी विवाह करने के लिये प्रलोभित किया और उसे देखने के लिये लड़के भी बुलाये थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पाया गया कि यदि अवयस्क पीड़ित कमांक 1 का विवाह हो जाता तो निश्चित रूप से वह अयुक्त संभोग के लिये विवश की जाती, इस तरह तीनों अभियुक्त का अंततः आशय एवं उद्देश्य पीड़ित बच्चों का दुव्यापार कर उससे लाभ अर्जित किया जाना था। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एन.आई.ए.) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा पीठासीन अधिकारी के0 एल0 चरयाणी जी द्वारा तीनों अभियुक्तगण द्वारा उपरोक्तानुसार अपराध में दोषसिद्ध घोषित कर दोषसिद्ध विमला यादव, नीलू उर्फ निर्मला नायक एवं कोमल अहिरवार को अपराध अंतर्गत धारा 363, 365 (जिसमें धारा 368 भा.दं. सं. का अपराध समाहित है) के तहत 3-3 वर्ष का कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 1,000/- (एक हजार रुपये) का अर्थदंड, धारा 366क भा.दं.सं. के तहत 4-4 वर्ष का कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 1,000/- (एक हजार रुपये) का अर्थदंड तथा उक्त अपराधों में अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर तीन-तीन माह का साधारण कारावास एवं धारा 370 भा.दं.सं. के तहत् 14-14 वर्ष का कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 5000/- (पांच हजार रुपये) के अर्थदंड से तथा अर्थदंड की राशि अदा न होने पर छह माह का साधारण कारावास से दण्डित किया गया है।

घरेलू विवाद में मां की हत्या, पिता पर जानलेवा हमला करने वाला बेटा गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। घरेलू रंजिश के चलते अपनी मां की हत्या एवं पिता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना फास्टरपुर सेतगंगा में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1), 109(1) बीएनएस के तहत कार्यवाही की जा रही है। ग्राम सारंगपुर निवासी सूचक रमेश कोशले पिता ललित कोशले आहत समारू कोशले के साथ 23 जुलाई को थाना उपस्थित आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बड़ी मां देवकी बाई कोसले को मृतिका के पुत्र दिनेश कोसले के द्वारा परिवारिक वाद-विवाद पर आक्रोश में आकर किसी ठोस वस्तु से सिर में जानलेवा हमला कर हत्या कर दिया तथा आरोपी द्वारा अपने पिता समारू कोशले को भी टंगिया से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया है कि सूचना पर मर्ग क्रमांक 21/2025 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर घटनास्थल ग्राम सारंगपुर पहुंचकर निरीक्षण कर घटना से सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने उपरांत मर्ग जांच पश्चात आरोपी के विरूद्ध थाना फास्टरपुर-सेतगंगा में अपराध कमांक 38/2025 धारा 103(1), 109(1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना फास्टरपुर-सेतगंगा पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी दिनेश कोसले को अभिरक्षा में लेकर बारिकी से तथ्यात्मक पूछताछ करने पर परिवारिक वाद विवाद पर माता पिता से नाराज होकर आक्रोश में आकर अपनी मां देवकी बाई जो बिस्तर में सोते हुयी जिनके उपर लकड़ी के बत्ता से सिर पर कई बार हमला कर हत्या करना स्वीकार किया।

मदकुद्वीप बनेगा बर्ड आइलैंड, पीसीसीएफ ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। पीसीसीएफ अरुण पांडे ने मदकुद्वीप में पर्यटन विकास एवं संरक्षण के लिए द्वीप का निरीक्षण किया तथा कार्य योजना बनाने के लिए डीएफओ को मार्गदर्शन प्रदाय किया। द्वीप में बर्ड आइलैंड के रूप में विकास किया जाएगा। शिवनाथ नदी किनारे स्थित खूबसूरत मदकू द्वीप में बहुतायत संख्या में कई दुर्लभ प्रजाति के पक्षी पाए जाते है। जिनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बर्ड आईलैंड के रूप में विकसित करने एवं बायोडायवर्सिटी पार्क निर्माण करने

की शासन की मंशा को मुर्त रुप देने के संबंध में शीघ्र कार्य योजना बनाने के लिए वनमण्डलाधिकारी मुंगेली अभिनव कुमार को मार्गदर्शन प्रदाय किया गया। मदकुद्वीप लगभग 24 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हरियाली से भरपूर प्राचीन मंदिर और एतिहासिक व पुरातात्विक महत्व के लिए भी प्रसिद्ध है। मदकूद्वीप राजधानी रायपुर एवं न्यायधानी जिला बिलासपुर के बीच पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाएं जाने की अपार संभावनाएं है।

बाजार से छोटे चलित नोट चिल्लर ग़ायब, परेशानी

लखनपुर/नवप्रदेश। सरकार आम जनता के सुविधा को देखते हुए छोटी बड़ी चलित मुद्रा के साथ रूपये अठन्नी चवन्नी सिक्के छुट्टे पैसे बनाकर आमजनता के लिए जारी किये थे। लेकिन चलन में नहीं होने से आज लोगों को चिल्लर के लिए दिक्कत हो रही है। बाजार दुकान में सामान खरीदारी करने के बाद चिल्लर वापसी के लिए ग्राहक को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर चिल्लर के बदले दूसरी सामान लेनी पड़ती है। एक दो के सिक्के जहां बाजारों से गायब हो गए उसी तरह पांच दस बीस के करेंसी भी कम होती जा रही है। बैंक अथवा डाक घरों में एक और दो रुपये के सिक्के नहीं लिये जाते। लेने देन बिल्कुल बंद है। यही वज़ह एक दो के सिक्के की कोई कद्र नहीं रह गई है।

कृषि औजारों की पूजा कर उत्साह के साथ मनाया गया हरेली पर्व

लखनपुर/नवप्रदेश। लोक त्योहारों में हरेली त्योहार का विशेष महत्व रहा है। हिन्दू त्यौहार में प्रथम मानी गई है। लखनपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हरेली त्योहार 24 जुलाई दिन गुरुवार को उल्लास के साथ मनाया गया। अच्छी फसल पैदावार की कामना के साथ गांव के कृषक वर्ग इस त्योहार को दिल के गहराई से मनाते हैं। हरेली त्योहार प्रत्येक साल सावन महीने के अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। हरेली का महत्व कृषि कार्यो की पूर्णता फसलों की सलामती से जुडा है।जैसा कि हरेली का शाब्दिक अर्थ हरा अथवा हरित या हरियाली से है। इसे मनाने का मकसद देवताओं के प्रसन्नता, कृपा, प्राप्ति बरखा के साथ उगने वाली हरियाली का आभास कराना होता है । धरती मानों दूर-दूर तक हरियाली की चुनरी ओढ़े मुस्कराते हुए समस्त जीवन को खुशियों का पैगाम दे रही है।हरेली का आयोजन मुख्यतः गांवों में होता है। इसी प्रथा को कायम रखते हुए हरेली के मौके पर किसानों ने जंगल से लाकर अपने खेतों में बेलवा नीम का डगाल गाड़ा ,नागर (हल) जुआ, घंटी ,फावड़ा, गैंती बसूला, टांगी, इत्यादि कृषि औजारों को एकत्रित कर पूजा अर्चना किये । पीढ़ियों से चली आ रही परमपरानुसार चावल आटें से बने चिला रोटी पकौडी, पकवान बनाकर गाय बैल को खिलाया तथा आस-पड़ोस में प्रसाद का वितरण किये।इस दिन गेड़ी चढ़ने की परिपाटी रही है इस प्रथा को भी कायम रखते हुए कही कही गांवों में यह रस्म अदा की गई। गेड़ी चढ़ने का चलन आहिस्ता आहिस्ता लुप्त होती जा रही है।सरकारी महकमों में भी हरेली त्योहार मनाये जाने की धूम रही । दूर दराज गांवों में हरेली त्योहार मनाने का सिलसिला जारी है। ग्रामीण आपसी रायशुमारी के साथ आगे पीछे तिथियों में हरेली मनाते हैं। कहा जाता है हरेली के दिन गांव के बैगा गाय बैल चराने वाला चरवाहा गांव के सीमा पर तंत्र मंत्र के साथ पूजा अर्चना करते हैं कि गांव में कोई रोग दुःख प्रवेश न करे।

बच्चों ने गेड़ी दौड़ का लिया आनंद, युवाओं में दिखा विशेष उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र मे हरेली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्राम देवताओं के आव्हान एवं कृषि औजारों की पूजा कर उत्साह पूर्वक गांव-गांव में पर्व मनाया गया। घर-घर में बनाए गये छत्तीसगढ़िया पकवान एवं बच्चे गेड़ी का आनंद लिए। किसानों के प्रमुख त्यौहार के दिन सुबह होते ही किसान परिवार नहा धो कर चौका, आंगन गोबर से लीप कर घर को शुद्ध किया गया। घर-घर में कृषि औजारों नांगर, गैती, रापा आदि की पूजा अर्चना करके अच्छी फसल की कामना की गई। गांव के देवी देवताओं को खुश करने नारियल मिष्ठान चढ़ाया गया। ग्रामीणों द्वारा ठाकुर देव, इष्ट देव, कुलदेव एवं महादेव की अराधना कर कुशल मंगल की कामना की गई। परंपरा के अनुसार गांव-गांव में बैगा, गुनिया विशेष पूजा अर्चना कर साधना किये। श्रावणमास में पड़ने वाले किसानों के इस प्रमुख त्यौहार पर श्रावण की बरसात प्रारंभ हो जाने के कारण इस वर्ष विशेष उत्साह रहा। हरेली अमावश्या पर्व पर आज सुबह से ही अच्छी बारिश होते रही। हरेली अमावस्या के दिन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पर नारियल फेकने एवं अन्य किस्म के दांव लगाये जाते रहे। शहर के हर मोहल्ले में युवाओ को दांव लगाते देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे बांस से बने गेड़ी पर चढ़कर दौड़ लगाते नजर आये। पूर्व की तुलना में गेड़ी का दौर कम हुआ है और दांव लगाने के लिए युवा वर्ग में उत्साह देखा गया है।

सतनाम मानव कल्याण समिति खैरा सेतगंगा में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा

मुंगेली/नवप्रदेश। सतनाम मानव कल्याण समिति खैरा सेतगंगा धाम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का चयन के लिए भंडारपुरी धाम से साहेब गुरु बालकदास साहेब साथ ही उनके पुत्र युवराज गुरु सौरभ साहेब बाबा का आगमन 1.30 बजे भंडारपुरी से मुंगेली रेस्ट हाउस आगमन पर समाज लोगों ने जोर-शोर से स्वागत किया। साथ ही समाज के वरिष्ठ लोग मुलाकात कर बधाई दिये। दोपहर 3 बजे रेस्ट हाऊस से खैरा सेतगंगा धाम के लिए रैली के साथ आगमन हुआ। पूज्य बाबा बाल दास साहेब, युवराज गुरु सौरभ बाबा के साथ आये हुए सभी समाज के साथ पूजा पाठ कर अर्चना कर सभा को गुरु वचन, सतनाम प्रवचन के रूप समाज में प्रकाश डाला गया। साथ ही सतनाम के उपदेशों के बारे में बारकी से प्रवचन दिये। सत्य के मार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया। वहीं मानव-मानव एक समान संदेश देते हुए नारा लगाकर सभी को आशिर्वाद दिए। साथ ही 108 गांव से आये समाज की बीच में समिति का नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का नाम की घोषणा की जिसमें सतनाम सेना युवा जिला अध्यक्ष नेमसिंह बोगी बारमते को जवाबदारी दी गई। वहीं सतनाम मानव कल्याण समिति खैरासेतगंगा धाम से नियुक्त

किया गया संरक्षकगण विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक चन्द्रभान बारमते, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दिलीप बंजारा, राम निहोरा टोन्डर, रघुनंदन टोन्डर, हेमंत आहिरे, कुंजन सतनामी, सलाहकार नमक लाल भास्कर, जैतराम खांडे, शिवकुमार बंजारा, मनोहर लाल मोहले, जितेन्द्र भास्कर, सुभाष बंजारे, गेंदराम बनर्जी, अध्यक्ष मानिक सोनवानी, उपाध्यक्ष कुलेश्वर बारमते, पूनाराम टोण्डर, राधे सतनामी, जगमोहन मिरी, सेवाराम कुर्रे, गेंदराम जोगवंशी, सचिव सुखचंद भास्कर, सहसचिव बसंत सतनामी, जय ओगरे, कोषाध्यक्ष देवचंद बंजारे, कर्मचारी प्रकोष्ठ सूर्यकांत कुर्रे, राधे टोन्डर, युवा प्रकोष्ठ दिपेंद्र घृत्तलहरे, बालकदास, खाद्य प्रकोष्ठ निरंजन टोन्डर, सीताराम टोन्डर, जलेश टोन्डर, कार्यकारणी सदस्य कमल टोन्डर, जितेन्द्र भास्कर, फागुन घृत्तलहरे, सुरेन्द्र बंजारा, मोहित, खेलू बर्मन, रोहित बंजारा, रुपचंद जांगड़े, संजय बर्मन, अश्वनी कुर्रे जैसे अनेक लोगों को सदस्य का नियुक्त किया गया।

आयोजन | 22 वर्ष से कम एवं 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की पृथक-पृथक श्रेणियों में सेक्टरवार स्पर्धा आयोजित

जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता संपन्न-विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर होंगे शामिल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में 22 वर्ष से कम एवं 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की पृथक-पृथक श्रेणियों में सेक्टरवार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इलेक्ट्रिकल सेक्टर में 14 प्रतिभागियों ने तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट सेक्टर में 92 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने

तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आगामी राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में सरगुजा जिला का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के संचालन की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, प्राचार्य पॉलीटेक्निक आर. जे. पांडेय, उप संचालक रोजगार कार्यालय एस. पी. त्रिपाठी, सहायक संचालक ललित कुमार पटेल, प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज गिरीश गुप्ता, इलेक्ट्रिशियन सेक्टर विशेषज्ञ रोमेश ज्योति, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट सेक्टर विशेषज्ञ उत्कर्ष सोनी तथा एपीओ लाइवलीहुड कॉलेज अकरम ख़ान शामिल रहे।

रामगढ़ में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम रामगढ़ में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। नहर रोड स्थित सागर कंस्ट्रक्शन के पास हुई दुर्घटना में तेज रफ्तार में आ रही एक फोर्ड ईकोस्पोर्ट कार ने युवक को जबरदस्त टक्कर मार दी। कार डीलक्स गाड़ी के ऊपर चढ़ गई और बाइक सवार को रौंदते हुए काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार फोर्ड ईकोस्पोर्ट कार क्रमांक सीजी 28 बी 3702 सागर कंस्ट्रक्शन के पास से गुजर

रही थी, तभी यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि यह कार सुखनंदन हॉस्पिटल के एक डॉक्टर की है। हादसे के वक्त कार तेज रफ्तार में थी। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी और सड़क किनारे डीलक्स गाड़ी पर चढ़ गई।

आंखों को रखें स्वस्थ, हर बीस मिनट में बीस फीट दूर की चीजें बीस सेकंड तक देखें: डॉ. क्षेत्रपाल

तीन साल के बच्चों का एक बार नेत्र परीक्षण है जरुरी, पोषक आहार की कमी से आंखों में हो सकती है समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। बारिश के मौसम में आंख संबंधित परेशानियां बढ़ने लगती हैं। थोड़ी सी भी लापरवाही गंभीर रुप ले सकती है। आंखों में किसी भी तरह की लालिमा, खुजली या आंखों में पानी आना संक्रमण के लक्षण हैं। शहर के प्रतिष्ठित यूनिटी हॉस्पिटल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ मानसी क्षेत्रपाल ने बारिश के दिनों में आंख संबंधित सतर्कता के बारे में नवप्रदेश को विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. क्षेत्रपाल ने बताया कि अभी ओपीडी में एलर्जी, आंख आना, खुजली, आंखों में लालिमा जैसी शिकायतें बढ़ गई हैं। छोटे बच्चों का भी स्क्रीन टाइम बहुत ज्यादा होने की वजह से तीन साल के बच्चों को भी आंखों में चश्मे की जरुरत पड़ रही है। धुंधला दिखने पर बच्चे आंखों को छोटा या बड़ा करके स्क्रीन (मोबाइल, टीवी) देखते हैं। कई बार बहुत पास से स्क्रीन को देखना, आंखों में पानी आना बच्चों में आंख संबंधित समस्या के शुरुआती लक्षण हैं। बच्चों में ऐसे लक्षण देखते ही अभिभावक तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। कई बार उपचार में देरी होने की वजह से समस्या गंभीर हो जाती है। बच्चे आजकल फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं, जिसके कारण पोषक तत्वों की शरीर में कमी हो जाती है। निश्चित मात्रा में पोषक आहार नहीं मिलने के कारण भी आंख कमजोर हो जाते हैं। वर्तमान जीवन शैली को ध्यान में रखते हुए बच्चों का तीन साल की उम्र में एक बार आंखों की जांच जरुर करवाएं। अगर जांच में किसी तरह की दिक्कत दिख रही है तो निरंतर डॉक्टर से परामर्श लें। अगर किसी तरह की समस्या नहीं दिख रही है तो भी सुरक्षा की दृष्टि से हर दो-तीन साल में एक बार आंखों की जरुर करवाएं। बच्चों के आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आउटडोर एक्टिविटिज को बढ़ावा दें। बच्चे जितनी दूर की चीजों को देखेंगे उनका विजन उतना ही अच्छा होगा। आंखें स्वस्थ रहेंगी। मोबाइल, टीवी या किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक गैजेट का ज्यादा उपयोग करने की की वजह से बच्चों के आंखों में दुष्प्रभाव पड़ता है। इसी तरह व्यस्कों को 40 की उम्र शुरु होते ही लगातार आंखों का परीक्षण करवाते रहना जरुरी है, जिससे आंख संबंधित किसी भी समस्या को शुरुआती स्टेज में समझकर इसका उपचार किया जा सके। डॉक्टर क्षेत्रपाल ने आगे बताया कि लंबे टाइम स्क्रीन में काम करने वालों को 20-20-20 का रुल फॉलो करना चाहिए। हर 20 मिनट में 20 फीट दूरी की किसी चीज को 20 सेकंड तक देखना चाहिए। ऐसा करने से आंखों को आराम मिलता है। आंखें स्वस्थ रहती है। घर में इस रुल को फॉलो करने के लिए दीवार में किसी तरह का फ्रेम, कैलेंडर, फोटो लगाकर रखना चाहिए, जिसे हर बीस मिनट बाद बीस सेकंड के लिए देखना चाहिए। इसकी दूरी भी आंखों से बीस फीट होना चाहिए। आंखों को मलना, रगड़ना नहीं चाहिए। अगर लगातार ऐसी समस्याएं आंखों में दिख रहीं हैं तो ये एलर्जी के लक्षण हैं, जिसके लिए डॉक्टरी परामर्श जरुर लें। इसके साथ ही भरपूर मात्रा में पानी का सेवन जरुर करें।

हमेशा बर्फ की सिकाई करते रहें, मिलेगी राहत

नेत्र रोग विशेष डॉक्टर क्षेत्रपाल ने बताया कि लंबे समय तक कम्प्यूटर में काम करने वाले लोगों को भी आंखों की लगातार जांच करवानी चाहिए। ज्यादा स्क्रीन टाइम होने की वजह से आंखों में ड्राइनेस, इचिंग, सिर दर्द जैसी समस्याएं आम रहती हैं। थोड़ी बहुत समस्या होने पर आंखों की बर्फ से सिकाई कर सकते हैं उसके बाद भी अगर राहत न मिले तो तत्काल नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। घर से बाहर निकलने पर आंखों में चश्मा या गॉगल जरुर पहनें। घर वापस आकर आंखों को अच्छी तरह साफ पानी से जरुर धोएं। बारिश के दिनों में सावधानी और भी जरुरी हो जाती है, क्योंकि इस मौसम में बारिश की पानी की वजह से संक्रमण होने का खतरा ज्यादा रहता है।

न्यूज गैलरी

प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी

जांजगीर-चांपा / नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की व ेबसाइट httpsÑ//eklavya.cg.nic.in एवं जिलें की वेबसाइट पर जारी की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग की 28 जुलाई 2025 को निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालकों, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक और बालिका एवं सामान्य वर्ग बालक और बालिका, अल्पसंख्यक बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे प्रवास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर में किया जाएगा।

दो दिनों की मूसलाधार बारिश से नगर निगम की लापरवाही की खुली पोल

यदुनंदन नगर में जलभराव से जनजीवन बेहाल, अधूरा नाला निर्माण बनी मुसीबत

बिलासपुर/नवप्रदेश। दो दिन की मूसलाधार बारिश ने नगर निगम की लापरवाही की पोल खोल दी है। निगम के वार्ड क्रमांक 06, यदुनंदन नगर कॉलोनी में हालात बेहद खराब हैं। घरों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और घरेलू सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बारिश से पहले हुई बिजली गिरने और तेज चमक से कई घरों के उपकरण पहले ही खराब हो चुके थे, जिससे कॉलोनीवासी दोगुनी मुसीबत झेल रहे हैं।

यदुनंदन नगर बिलासपुर की सबसे बड़ी कॉलोनी मानी जाती है, जहां करीब 2000 मकान हैं। इन घरों की निकासी के लिए जो मुख्य नाला 2022 में बनना शुरू हुआ था, वह आज तक अधूरा पड़ा है। नगर निगम प्रशासन और राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति तो दे दी, लेकिन फंड की कमी का हवाला देकर काम रोक दिया गया। इस अधूरे नाले का खामियाजा हर साल बरसात में हजारों लोग भुगत रहे हैं। वहीं सकरी स्थित हंसा लाइफ सिटी कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी इन दिनों विद्युत संकट से परेशान हैं। कॉलोनी में लगे ट्रांसफार्मर से दो फेज पर लगातार लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति बेहद कमजोर हो रही है, जिससे न तो पंखे और कूलर चल पा रहे हैं और न ही घरों में लगे अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण काम कर रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या पेयजल आपूर्ति की है, क्योंकि मोटर पंप सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। वहीं वार्ड नंबर 41 पावर हाउस तोरवा में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के निवासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ सालों से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है और काम हो नहीं रहा है और बारिश होते ही पानी घरों में घुस रहा है जिस कारण यहां के रहवासी बहुत परेशान है। याह पावर हाउस से नाली का निर्माण आधा हुआ है जो की पावर हाउस से लेकर तोरवा लूथरा टिंबर तक हुआ है।

नाली का मलवा सड़क पर, बदबू से लोग परेशान

एक तरफ नाली से निकला कचरे का मालवा सड़क पर बिखरा कई दिनों से पड़ा हुआ है, जिससे उठती दुर्गंध और मच्छर से लोग बीमार हो रहे हैं। अरपा पार सरकंडा के चांटीडीह रामायण चौक में मेलापारा जाने वाले मार्ग पर नाली का मालवा निकालकर रखा गया है और लगातार बारिश से पूरा मलवा सड़क पर फैल रहा है, जिसकी दुर्गंध से क्षेत्रवासी परेशान हैं। वहीं मच्छर परजीवी जैसे जीवाणुओं से मलेरिया प्लेग और दस्त जैसी महामारी की आशंका है।

बिल्हा पुलिस ने की 19 जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा पुलिस ने एक माह में चार मामले में 19 जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि जुआ/सट्टा खेलने/खिलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए, आदेश के परिपालन मे आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना क्षेत्र मे जुआ/सट्टा खिलाने वालों पर कार्रवाई करने हेतु थाना बिल्हा प्रभारी उमेश साहू एवं उनकी टीम स्तर पर मुखबीर तैनात किया गया था। इसी क्रम में थाना बिल्हा को 24 जुलाई को मुखबीर से सूचना पर ग्राम निपनिया एफसीआई गोदाम मे फड़ लगाकर कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे है सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के मौके जाकर रेड कार्रवाई कर 4 व्यक्तियों को संत कुमार बारमते शिवा पटेल दिलीप गोस्वामी हरित महिलांगे जुआ खेलते पाये जाने पर पकड़कर थाना लाकर आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश, बोरी फट्टी व नगदी रकम 4020- रूपये जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत् कार्रवाई कर पृथक से प्रबंधक कार्रवाई की गई। आगे भी अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई मैं थाना प्रभारी उमेश साहू उनि जल जी एल चंद्राकर उनि शत्रुघ्न प्रसाद लहरे एवं आरक्षण की भूमिका रही।

बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास में लेटलतीफी पर चीफ जस्टिस नाराज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास को लेकर अधिवक्ता संदीप दुबे व एक अन्य जनहित याचिका पर एक साथ सुनवाई चल रही है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई चल रही थी। एयरपोर्ट के कामकाज को लेकर याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने डिवीजन बेंच को बताया कि जैसे पहले था, उसी हालात में एयरपोर्ट अब भी है। लेटलतीफी और गैर जिम्मेदारी को लेकर चीफ जस्टिस का गुस्सा फूट गया। महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत से कहा कि आप स्टेटमेंट दे दीजिए, हमसे कुछ नहीं हो पाएगा। हम दोनों पीआईएल को खत्म कर देंगे। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अफसर काम नहीं कर रहे हैं।

बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास को लेकर दायर दो जनहित याचिकाओं पर डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से पैरवी करने के लिए महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत एजी आफिस के ला अफसरों के साथ उपस्थित थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करने के लिए आशीष श्रीवास्तव और संदीप दुबे उपस्थित थे। अधिवक्ता संदीप दुबे याचिकाकर्ता भी हैं। लिहाजा अपने मामले की पैरवी वे खुद कर रहे थे। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने जब बिलासपुर एयरपोर्ट की वास्तविक स्थिति कोर्ट के सामने रखी और कामकाज ना होने की जानकारी दी,तब चीफ जस्टिस नाराज हो गए। नाराज चीफ जस्टिस ने सीधे महाधिवक्ता से सवाल किया। सीजे ने पूछा कि एजी साहब यह सब क्या हो रहा है। छत्तीसगढ़ और दिल्ली में आपकी सरकार है। इसके बाद ये हाल है।

डिफेंस ने काम की अनुमति दे दी है

सैन्य मंत्रालय ने एयरपोर्ट के विकास के साथ ही रनवे की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाने के लिए 286 एकड़ जमीन पर काम करने की अनुमति राज्य सरकार को दे दी है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने जब डिवीजन बेंच को यह जानकारी दी तब सीजे ने महाधिवक्ता से पूछा कि डिफेंस से अनुमति मिलने के बाद काम क्यों नहीं किया जा रहा है, अब कहां दिक्कतें आ रही है। तब एजी ने बताया कि जमीन के एवज में कीमत को लेकर बात अटकी हुई है। डिफेंस जमीन के बदले में ज्यादा पैसे की मांग कर रहा है। राज्य सरकार जमीन अपने हिस्से में लेने के बाद ही काम को आगे बढ़ाना चाहती है।

बिलासा कला मंच ने मनाई हरेली

बिलासपुर/नवप्रदेश। माँ सती दाई मंदिर परिसर उच्चभट्ठी ,सीपत में बिलासा कला मंच का 34 वां हरेली तिहार उत्सव धूमधाम से आयोजित हुआ। मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव के नेतृत्व में लगभग 60 सदस्य सपरिवार बिलासपुर शहर से दूर ग्राम उच्चभट्ठी में एक साथ पहुंचकर हरेली तिहार उत्सव का आयोजन में सहभागी हुए। बिलासा कल मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास ने सभी सदस्यों को माँ सती दाई मंदिर का दर्शन कराया।

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल को ब्रिटिश काउंसिल से मिला रिड्स अवार्ड 2024

बिलासपुर /नवप्रदेश। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, व्यापार विहार, बिलासपुर यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है कि उसे ब्रिटिश काउंसिल द्वारा वर्ष 2024 के लिए प्रतिष्ठित रिड्स (रिकॉग्नेशन ऑफ इंटरनेशनल डिमेंशन इन स्कूल्स) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान स्कूल की वैश्विक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष भर में स्कूल ने आठ अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों का आयोजन किया, जिनमें मिस्र और युगांडा के स्कूलों के साथ तीन सहयोगी परियोजनाएं शामिल थीं। इन पहलों ने न केवल हमारे छात्रों की सोच का विस्तार किया, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय समझ को भी सशक्त किया। स्कूल का प्रबंधन और संपूर्ण शिक्षण स्टाफ इस उपलब्धि से अत्यंत उत्साहित हैं। चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जी. एस. पटनायक, डायरेक्टर लेखाश्री पटनायक, सीईओ डॉ. बी. बी. महता, प्रबंधन सदस्य दिव्याश्री पटनायक और सुप्रिया ए. पी., सीएफओ पी. वी. मिस्त्री, प्रिंसिपल जे. एस. हुंदल, वाइस प्रिंसिपल रंजना बहादुर, तथा हेडमिस्ट्रेस ए. ललिता ने समन्वयक आदित्य प्रसाद कटारे और ऋचा दुआ तथा समस्त टीम के सदस्यों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए बधाई दी है। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन 25 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में किया जाएगा। यह सम्मान सेंट जेवियर्स हाईस्कूल की वैश्विक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता और छात्रों को एक जुड़ी हुई दुनिया के लिए तैयार करने के प्रयासों का प्रमाण है।

दिल्ली में मनाया गया छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतीक हरेली तिहार

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन ने छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ हरेली पर्व का किया आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज अपने दिल्ली स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों के साथ पारंपरिक हर्षोल्लास एवं वातावरण में हरेली तिहार मनाया। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को दिल्ली में जीवंत करने वाले इस आयोजन में सांसदों ने मिलकर खेती-किसानी, पर्यावरण और परंपरा से जुड़े इस लोकपर्व की भावना को आत्मीयता से साझा किया। इस अवसर पर परंपरागत विधि से हल, बैल, कृषि यंत्रों और वृक्षों का पूजन किया गया। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा ने कहा कि हरेली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी माटी, संस्कृति, खेती-किसानी और प्रकृति से जुड़ने का उल्लास है। यह हमें अपने मूल के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर देता है। दिल्ली में रहकर भी छत्तीसगढ़ की सोंधी महक और हरियाली को महसूस करना एक अत्यंत भावुक अनुभव रहा। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि यह देश और दुनिया में सामंजस्य, श्रम और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देती है। सभी सांसदों की सहभागिता से यह आयोजन दिल्ली की धरती पर छत्तीसगढ़ की आत्मा को पुनर्जीवित करने जैसा अनुभव रहा। कार्यक्रम के अंत में श्री साहू ने समस्त देशवासियों, विशेषकर छत्तीसगढ़ के नागरिकों को हरेली तिहार की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कृषि संस्कृति एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु जनसहभागिता का आह्वान किया।

जूनापारा के ग्रामीणों ने 'आओ सवारे कल अपना' अभियान के साथ मनाया हरेली

बिलासपुर /नवप्रदेश। ग्राम जूनापारा के ग्रामीणों ने आओ सवारे कल अपना अभियान के साथ हरेली का पर्व मनाया। ग्राम जूनापारा में हरेली का पर्व विशेष रहा यहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में चलाए जा रहे आओ सवारे कल अपना अभियान ने ग्रामीणों में उस समय कभी उल्लास जगा दिया। जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं पुलिस अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में जूनापारा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजीव ठाकुर द्वारा ग्रामीणों के बीच आओ सवारे कल अपना के उद्देश्यों को बताकर ग्रामीणों में बीच नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन के साथ साथ कैरम का प्रतियोगिता कराया, जिसमें बड़ों से लेकर बच्चे भी शामिल हुए थे।

समीक्षा

एसईसीएल कम्पनी स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक

राजभाषा हिंदी में कार्य करने से बढ़ जाती है कार्य में गुणवत्ता: बिरंची दास

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल 24 जुलाई को निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन/जनसंपर्क/राजभा) मनीष श्रीवास्तव, मुख्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों, विडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े समस्त क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर स्थित प्रशासनिक भवन सीएमडी सभाकक्ष में कम्पनी स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करने से कार्य में गुणवत्ता बढ़ जाती है, अतः हमें स्वेच्छा से प्रेरित होकर राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा स्वयं विभागाध्यक्षों सहित समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हम राजभाषा हिन्दी का अपने कार्यालयीन व दैनंदीन कार्यों में अधिकाधिक प्रयोग करें एवं समय-समय पर स्वमेव हिंदी पत्राचार की प्रगति की समीक्षा करें। साथ ही उन्होंने सभी क्षेत्रों और मुख्यालय में माह सितंबर में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन गत वर्षों की भांति और अधिक वृहद स्तर पर करने का निर्देश दिया। बैठक में एसईसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के जनवरी-जून 2025 अवधि की हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गयी। बैठक का संचालन वरीय प्रबंधक (राजभाषा) दिलीप सिंह ने किया।

अंग्रेजी में मिले पत्रों का उत्तर हिंदी में देने पर जोर

बैठक में क, ख एवं ग क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ हिंदी मुख्यालय के समस्त विभागों एवं समस्त क्षेत्रों की हिंदी पत्राचार प्रतिशतता बढ़ाने, राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित करने, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिए जाने, नोटशीट हिंदी में प्रस्तुत करने तथा छोटी-छोटी टिप्पणियां केवल हिंदी में लिखने, कम्पनी में प्रयोग में आने वाले मानक प्रपत्रों तथ कम्पनी की वेबसाईट द्विभाषी रूप में तैयार करने संबंधी कार्यसूची पर चर्चा हुई।

न्यूज गैलरी

भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, फाइनेंस और मेटल स्टॉक्स में गिरावट

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। सुबह 9ः27 पर सेंसेक्स 244 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,939 और निफ्टी 86 अंक या 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,985 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार में चौतरफा गिरावट बनी हुई है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी लाल निशान में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 88 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,872 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 68 अंक या 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,618 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, कमोडिटी और सर्विसेज इंडेक्स लाल निशान में थे। आईटी, पीएसयू बैंक और फार्मा में हरे निशान में कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पैक में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई, सन फार्मा, बीईएल और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, एचयूएल, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड , अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस,भारती एयरटेल, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप लूजर्स थे। व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 758 शेयर हरे निशान में; 1,709 शेयर लाल निशान में और 83 शेयर बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहे थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कमजोर हो गई है। पिछले चार कारोबारी दिनों में एफआईआई द्वारा 11,572 करोड़ रुपए की लगातार बिकवाली से बाजार पर दबाव बना हुआ है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का उद्घाटन

नोएडा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज अपनी नई शाखा का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा वेस्ट में किया। इस अवसर पर बैंक के कार्यकारी निदेशक महेंद्र दोहरे ने शाखा का उद्घाटन किया, जिनके साथ निदेशक महोदया पूनम सिन्हा भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर दिल्ली क्षेत्रीय प्रमुख शीश राम टुंडवाल, उप क्षेत्रीय प्रमुख विकास पुरवे ,दिल्ली उत्तर क्षेत्रीय प्रमुख पुरुषोत्तम मीना, दिल्ली दक्षिण क्षेत्रीय प्रमुख अनिल अग्निहोत्री, दिल्ली सेंट्रल क्षेत्रीय प्रमुख सन्नी कालरा एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख दिल्ली उत्तर महावीर मीना भी उपस्थित थे। महेंद्र दोहारे ने अपने संबोधन में बैंक की ग्राहक-केंद्रित उत्पादों और सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव सेवाएं प्रदान करना है। अंत में, शाखा प्रमुख वैभव तोमर ने सभी उपस्थित लोगों और ग्राहकों को धन्यवाद दिया।

आईडीबीआई और एनएसई को एनएसडीएम में से घटाने होंगे शेयर, वित्त वर्ष 2025 में डिपॉजिटरी का शुद्ध लाभ

एनएसडीएल का 4011 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा

नई दिल्ली। एनएसडीएल शुक्रवार को आईपीओ के जरिये 4,011 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। डिपॉजिटरी का पहला सार्वजनिक निर्गम 30 जुलाई को खुलेगा और 1 अगस्त को समाप्त होगा। इस आईपीओ में केवल 5.01 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) आईपीओ के जरिये 4,011 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने शुक्रवार को प्रति शेयर 760 से 800 रुपये का प्राइस बैंड तय किया। डिपॉजिटरी का पहला सार्वजनिक निर्गम 30 जुलाई को खुलेगा और 1 अगस्त को समाप्त होगा। एंकर निवेशकों के लिए एक दिन की बोली 29 जुलाई को खुलेगी। इस आईपीओ में केवल 5.01 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। इसके तहत शेयर बेचने वाली कंपनियां हैं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के निर्दिष्ट उपक्रम के प्रशासक (एसयूयूटीआई)। चूंकि यह सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से एक ओएफएस है, इसलिए एनएसडीएल को आईपीओ से कोई आमदनी नहीं होगी। मूल्य बैंड के ऊपरी स्तर पर, एनएसडीएल के पहले आईपीओ से 4,011 करोड़ रुपये प्राप्त होने की उम्मीद है। इससे कंपनी का मूल्यांकन 16,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

एनएसडीएल दूसरी सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली डिपॉजिटरी बन जाएगी

इस आगामी लिस्टिंग से एनएसडीएल, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (सीडीएसएल)

के बाद देश की दूसरी सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली डिपॉजिटरी बन जाएगी। इसे 2017 में एनएसई में सूचीबद्ध किया गया था। सेबी के स्वामित्व मानदंडों का पालन करने के लिए एनएसडीएल की लिस्टिंग बेहद जरूरी है। इन नियमों के अनुसार, कोई भी संस्था किसी डिपॉजिटरी कंपनी में 15 प्रतिशत से ज्यादा शेयरधारिता नहीं रख सकती। सेबी के नियमों का पालन करने के लिए एनएसडीएल के प्रमुख शेयरधारकों, आईडीबीआई बैंक और एनएसई को कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम करनी होगी। वर्तमान में, आईडीबीआई बैंक के पास एनएसडीएल में 26.10 प्रतिशत और एनएसई के पास 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो स्वीकार्य सीमा से अधिक है। यह एक सेबी-पंजीकृत बाजार अवसंरचना संस्थान है, जो भारत में वित्तीय और प्रतिभूति बाजारों को उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। 1996 में डिपॉजिटरी अधिनियम लागू होने के बाद, एनएसडीएल ने नवंबर 1996 में भारत में प्रतिभूतियों के विभौतिकीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई। पूरे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, डिपॉजिटरी का शुद्ध लाभ 24.57 प्रतिशत बढ़कर 343 करोड़ रुपये हो गया और कुल आय बढ़कर 1,535 करोड़ रुपये हो गई। यह वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 12.41 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी ने घोषणा की कि निर्गम आकार का आधा हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए, 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए और शेष 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है।

व्यापार समझौते ने जोखिम को किया कम वैश्विक बाजार में गिरी सोने-चांदी की कीमतें

कमजोर मांग के कारण सोना-चांदी हुआ सस्ता

नई दिल्ली। गुरुवार को सोने-चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज हुई। सोने की कीमत 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। वहीं चांदी की कीमतें 3,000 रुपये गिरकर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।स्टॉकिस्टों की मुनाफावसूली और वैश्विक बाजारों में नरम रुख के कारण सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज हुई।

राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,200 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमतें 3,000 रुपये गिरकर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी एवं करेंसी रिसर्च के उपाध्यक्ष (ईबीजी) प्रणव मेर ने कहा कि अमेरिका द्वारा जापान और फिलीपींस के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा के बाद जोखिम प्रीमियम

में कमी होने से मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। इससे विशेष रूप से चीन और यूरोप के साथ ऐसे और अधिक सौदे होने की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि, प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर से कीमतों को कुछ समर्थन मिल सकता है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 24.35 डॉलर यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 3,362.88 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं वैश्विक स्तर पर हाजिर चांदी 0.53 प्रतिशत गिरकर 39.05 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि सोना पांच सप्ताह के उच्चतम स्तर से नीचे आया और गुरुवार को भी इसमें गिरावट जारी रही। अमेरिका और उसके प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के बीच व्यापार समझौते को लेकर आशावाद ने सुरक्षित निवेश के विकल्प वाली परिसंपत्तियों की मांग को कम कर दिया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (कमोडिटी एवं करेंसी) अनुसंधान विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा कि पिछले महीने, टैरिफ वार्ताओं के ठप रहने के बीच सोने में लगातार बढ़त दर्ज की गई थी। लेकिन ताजा सौदों की घोषणाओं से तनाव कम होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

इससे अल्पावधि में सोने की मांग कम हो गई है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के एवीपी (कमोडिटीज एंड करेंसीज) मनीष शर्मा ने कहा कि अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के निर्णय से पहले आर्थिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए गुरुवार को अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों की संख्या और एसएंडपी ग्लोबल फ्लैश पीएमआई डेटा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा आज ब्याज दर पर लिए जाने वाले निर्णय को लेकर भी व्यापारी सतर्क रह सकते हैं। इससे वैश्विक मुद्रा जोड़ियों में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

पियाजियो व्हीकल्स ने की आपे इलेक्ट्रिक के नये जमाने की शुरुआत

ऑल-न्यू आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स लॉन्च किया

नया आपे ई-सिटी अल्ट्रा 236 किमी की बेहतरीन प्रमाणित रेंज, 9.55 kW की पीक पावर, 28% ग्रेडेबिलिटी, बूस्ट मोड, स्मार्ट फीचर्स, मजबूत बिल्ड क्वॉलिटी और क्लाइंब असिस्ट मोड के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदान करता है

नया आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स 174 किमी की प्रमाणित रेंज, 7.5 kW की पीक पावर और 30 Nm टॉर्क देता है। यह प्रिज्मैटिक सेल टेक्नोलॉजी के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बैटरी प्रदर्शन से लैस है

बिलासपुर, जुलाई 2025: पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. (पीवीपीएल-PVPL) ने आज अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों – आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं और अंतिम मील की यात्रा के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान पेश करते हैं।

आपे ई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 kWh की एडवांस्ड LFP बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स, अपने सेगमेंट में 30 Nm का अग्रणी टॉर्क और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग फीचर के साथ लंबी बैटरी लाइफऔर लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि., इटली स्थित ऑटोमोबाइल दिग्गज पियाजियो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है और भारत में छोटे यात्री व वाणिज्यिक वाहनों की प्रमुख निर्माता है। इस अवसर पर पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री डिएगो ग्राफ़ी ने कहा, ÷भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर अग्रसर है।

दिव्या देशमुख ने महिला चेस विश्व कप में रचा इतिहास

फाइनल में पहुंचने वाली बनी पहली भारतीय खिलाड़ी

नईदिल्ली। पहली बार महिला चेस विश्व कप में हिस्सा ले रही नागपुर की दिव्या देशमुख ने इतिहास रच दिया है. वो जॉर्जिया में जारी महिला चेस विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं. उन्होंने सेमीफाइनल के दूसरे गेम में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को 1.5-0.5 से हराकर ये उपलब्धि हासिल की. यह एक लंबी और उतार-चढ़ाव भरी लड़ाई थी जो 101 चालों तक चली। इस जीत के साथ दिव्या प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला भी बन गई हैं. ये टूर्नामेंट अगले साल खेला जाएगा, जिससे मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा. दिव्या ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त झोंगसू झू और फिर साथी भारतीय ग्रैंडमास्टर डी हरिका को हराया था। दूसरे सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीन

की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के खिलाफ ड्रॉ खेला. ये मैच 75 चालों के बाद भी बराबरी पर समाप्त हुआ. हम्पी अब लेई से टाई-ब्रेकर में भिड़ेंगी जिससे दूसरे फाइनलिस्ट का फैसला होगा. फाइनल मैच 28 जुलाई को खेला जाएगा। दिव्या देशमुख का जन्म 9 दिसंबर 2005 को नागपुर में हुआ. दिव्या को शतरंज खेलने का शौक बचपन से ही थी इसलिए वो 5 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था. दिव्या के माता पिता दोनों डॉक्टर हैं. उन्होंने अपने बेटी का हर मोड़ पर साथ दिया, जिसकी वजह से आज दिव्या देश का नाम रोशन कर रही है. दिव्या ने महज सात साल की उम्र में 2012 में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती थी. उसके बाद से दिव्या ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

NOTICE FOR INVITING OBJECTIONS/SUGGESTIONS

Hon'ble Appellate Tribunal for Electricity (APTEL) vide order dated 15/05/2025 passed in Appeal No.286/2017, remanded the matter addressed in Commission's order dated 31/03/2017 passed in Petition No. 64 of 2016(T) for fresh consideration by the Commission. Therefore, the Commission has reopened the above matter. Remanded matter is related to calculation of interest and finance charges. To dispose the matter, public consultation is required to be done. For this purpose, the Commission is publishing this public notice to invite objections/suggestions from the public. Accordingly, relevant documents are made available on the Commission's website i.e. www.cserc.gov.in. Objections/suggestions may be submitted within 21 days of publication of this notice. Date of public hearing shall be published separately.

"SAVE ELECTRICITY" S-44686 SECRETARY

कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
Tel. No. 07868-241145 Fax No. 07868-241145 Email ID -cmo.kanker01@gmail.com
क्र. 785/लो.नि.शा./न.पा./2025 कांकेर, दिनांक 25/07/2025

''रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)''

नगर पालिका परिषद कांकेर द्वारा ''Amrut Mitra'' योजना अंतर्गत समूह चयन के स्व सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) - Project Code ATMT-CG-KAKER-6242&6249) दिनांक 04.08.2025 को सायं 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है कार्य का विस्तृत वितरण एवं नियम तथा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रूपये 100.00 का भुगतान कर अथवा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग. नया रायपुर अटल नगर के वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कांकेर
जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित (ट्राईफेड)
(जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्यालय: एनएसआईसी बिजनेस पार्क, एनएसआईसी एस्टेट, ओखला फेज-III, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020

ट्राईफेड द्वारा निविदा आमंत्रण (GEM/2025/B/6417734)

जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत संचालित जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित (ट्राईफेड) ने तीसरे पक्ष के मूल्यांकन अध्ययन के संचालन के लिए एक एजेंसी की नियुक्ति के लिए एक अनुरोध प्रस्ताव (RFP) जारी/प्रकाशित किया है।

1. निम्नलिखित केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं की प्रभावशीलता का आंकलन करने के लिए
प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम), प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएमजनमन) और उत्तरपूर्वी क्षेत्र (पीटीपी-एनईआर) से जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देना।
2. ट्राइब्स इंडिया स्टोर्स का आवश्यकता मूल्यांकन अध्ययन करना।

कार्य के दायरे, समय सीमा, पात्रता मानदंड और बोली प्रस्तुत करने के दिशा-निर्देशों के बारे में पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट : www.trifed.tribal.gov.in/www.gem.gov.in

CBC-43104/12/0007/2526

वॉर 2 का हिस्सा नहीं बनने पर वाणी कपूर ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। काफी समय से वह अपनी पहली वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। इस सीरीज का प्रीमियर 25 जुलाई, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। वाणी इन दिनों खूब इंटरव्यू दे रही हैं। अब इस बीच वाणी ने ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 का हिस्सा नहीं बनने पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानें उन्होंने क्या कहा।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-13, Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP Invites tender for following works:
NIT No: 36/Elevator/CAMC/IB/EE(Elect.)/CE/NRANVP/2025-26
Nava Raipur Atal Nagar Distt Raipur Dated: 23.07.2025
Name of Work: Comprehensive Annual Maintenance of Elevator in Indrawati Bhawan, at Sector-19, Capitol Complex, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.) (4th Call)

Period of completion including rainy season	Estimated Cost (INR)	EMD (INR)
24 Months	43.43 Lakh (Per year)	87,000.00

Last Time & Date of Online Submission: **15:00hrs on 07/08/2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-44680 Chief Engineer, NRANVP

**कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय
रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 0771-2222990, वेबसाईड www.govtdentalcollegeraipur.in
क्रमांक/3118/जीडीसी/पु.नि.प.प./2025-26 रायपुर, दिनांक 23/07/2025

// निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिए वर्ष 2025-2026 में ग्रंथालय के उपयोग हेतु वर्ष 2025 के जर्नल्स क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जायेंगे। इसके लिए राशि रु. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रु. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से दिनांक 25/08/2025 तक निविदा प्राप्त किया जा सकते हैं। जो वापसी योग्य नहीं है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 25/08/2025 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 27/08/2025 समय 12.00 बजे दोपहर तक
निविदा खोलने की तिथि - 27/08/2025 समय दोपहर 12.30 बजे
निविदा जमा करने का स्थान- **शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**
निविदा खोलने का स्थान - **शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.)**

जी-252602374/3
**प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)**
बाबूपारा जेल रोड अम्बिकापुर फोन 07774-224498 फैक्स 224113

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - दिनांक 12.08.2025
निविदा आमंत्रण :- प्रथम आमंत्रण

स. क्र.	निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक व दिनांक	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4	5
1	02/ 23.07.2025	172598	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत उपसंभाग रामानुजगंज के बोरिंग कार्य का निविदा आमंत्रण बावत् ।	रु. 27.93 लाख
2	03/ 23.07.2025	172606	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत उपसंभाग जशपुर के बोरिंग कार्य का निविदा आमंत्रण बावत्।	रु.27.89 लाख
3.	04/ 23.07.2025	172607	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत उपसंभाग सूरजपुर के बोरिंग कार्य का निविदा आमंत्रण बावत्।	रु. 27.59 लाख
4.	05/ 23.07.2025	172608	लोक निर्माण विभाग हेतु संभाग अंतर्गत उपसंभाग अम्बिकापुर के बोरिंग कार्य का निविदा आमंत्रण बावत्।	रु. 45.97 लाख
5.	06/ 23.07.2025	172609	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के बोरिंग कार्य का निविदा आमंत्रण बावत्।	रु. 27.90 लाख

जी-252602388/4
Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
**अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल
अम्बिकापुर (छ.ग.)**

28 जिलों में हो रही झमाझम बारिश, नदियों का बढ़ा जल स्तर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में आज झमाझम वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आज वर्षा के बावजूद अपने गृहग्राम बगिया हेलीकॉप्टर से पहुंचे। भारी वर्षा होने के कारण महानदी, शिवनाथ, केलो, खारून, इन्द्रावती सहित अन्य नदियों के जल स्तर बढ़ते जा रहे हैं। वहीं मौसमी नालाओं में भी जल स्तर बढऩे के कारण कई जगह यातायात प्रभावित हो रहा है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा से मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी में एक अवदाब बनने से यहां पर अच्छी वर्षा हो रही है। जिसके कारण ओडिसा, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं पूर्व मध्यप्रदेश में अच्छी वर्षा हो रही है। आज सभी 28 जिलों में झमाझम वर्षा हो रही है, जिसके कारण कृषि कार्य में तेजी आ गई है।

दक्षिण बस्तर एवं उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा - झारखण्ड के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र तथा द्रोणिका निर्मित होने के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर, बलरामपुर, अम्बिकापुर तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ नारायणपुर,बीजापुर, तथा कांकेर में भी भारी वर्षा हो रही है।

अवदाब बनने से हो रही वर्षा -मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक अवदाब तटीय पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा, झारखंड की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जम्मू, चंडीगढ़, बरेली, गोरखपुर, पटना, बांकुरा, कोलकाता, अवदाब के केंद्र तक स्थित है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक द्रोणिका हरियाणा और उसके आसपास अवदाब के केंद्र तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड, उत्तर उड़ीसा होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

मध्य छत्तीसगढ़ में होगी वर्षा

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दूसरा द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल ो अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी से अति वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग के जिले और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले संभावित है।

भारी वर्षा में मुख्यमंत्री की यात्रा भी प्रभावित

हमारे जशपुर संवाददाता के अनुसार मुख्यमंत्री आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में अपने गृहग्राम पहुंचे । उन्हें दोपहर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में आनाथा, लेकिन वर्षा के कारण उनका कार्यक्रम बाधित होते रहे। वेसे कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं रखा गया है, वे अपने परिवारजनों से मिलने गए हैं। वर्षा के कारण कव्हरेज करने वाले मीडिया कर्मी भी नहीं पहुंच पा रहे हैं।

रोपा, बियासी कार्य में आई तेजी

75 प्रतिशत से अधिक का बोआई का काम पूरा हुआ, डीएपी खाद की हो रही निरंतर आपूर्ति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में हो रही निरंतर वर्षा के कारण 75 प्रतिशत से अधिक बोआई का काम पूरा हो गया है। अब बियासी एवं रोपाई का काम तेजी पकड़ता जा रहा है। डीएपी खाद को लेकर इस समय घमासान बचा हुआ है। तरह नैनो डीएपी खाद की आपूर्ति की जा रही है। वहीं कांग्रेस इस मामले को लेकर राजनीति कर रही है।

कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 48 लाख हेक्टेयर जमीन पर कृषि कार्य हो रहा है। 7 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणिक बीज का वितरण हो चुका तथा 11 लाख टन से अधिक खाद का संग्रहण किया जा चुका है। रोपाई के पहले डीएपी खाद की आवश्यकता होती है। वहीं अब रोपाई, बियासी के लिए यूरिया, फॉस्फेक्ट तथा एनपीके खाद का वितरण मार्कफेड के माध्यम से हो रहा है। सरकार द्वारा शीघ्र खाद का रेक आ रहा है। विभिन्न समितियों में जाकर किसानों से पता करने पर पता चला कि कही भी डीएपी खाद नहीं है भारी वर्षा होने से किसान का काम जोरो से चल रहा है किसान रोपाई, बियासी में व्यस्तता के बावजूद समितियों में खाद डीएपी के लिए चक्कर लगाने मजबूर है अभी अति आवश्यक तुरंत बेसल खुराक में किसान डीएपी डालते है और वहीं खाद समितियों में उपलब्ध नहीं है किसानों में भारी आक्रोश है किसान करे तो करे क्या अब किसान खाद पर समितियों में निर्भरता के कारण बाहर निजी खाद दुकानों में नगद खरीदने वो भी ऊंची दामों में 1350 का डीएपी 2000,2200में लेने मजबूर होगे किसानों के पास नगद राशि का भी समस्या है समितियों में खाद नहीं है बाहर से लेने के लिए नगद राशि समितियों से खाद के बदले नहीं देते हैं।

किसानों को प्रमाणिक बीज और खाद की कमी नहीं होने देंगे: साय

■ मंत्रिमंडल विस्तार पर मुख्यमंत्री ने चुप्पी साधी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हो रही वर्षा से अच्छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और बीज की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मंत्रिमंडल विस्तर के संबंध में उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में अच्छी वर्षा हो रही है, जिसके कारण 75 प्रतिशत से अधिक बोआई हो चुकी है। अब रोपाई और बियासी का काम तेजी से चल रहा है, जिससे धान की अच्छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में गेहूं, मक्का सहित अन्य फसल लगाने वालों को भी किसान समृद्धि योजना में जोड़ दिया गया है। राज्य में इससे किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। राज्य में खाद और प्रामाणिक बीज का पर्याप्त स्टॉक है। उन्होंने डीएपी खाद के कमी से इंकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इसको लेकर सियासत कर रही है।

मुख्यमंत्री से जब मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। ज्ञात रहे विष्णु देव साय केबिनेट में तीन मंत्रि लिया जाना है, आए दिन मीडिया में कैबिनेट की विस्तार को लेकर चर्चा होती रहती है, लेकिन अभी तक विस्तार नहीं हुआ है। राज्य में बिलासपुर, रायपुर तथा दुर्ग को अभी पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है।

एसईसीएल कुसमुंडा में बड़ा कोयला घोटाला

■ 4 ट्रकों से 84 टन अवैध कोयला जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल कुसमुंडा खदान में कोयला चोरी का एक और बड़ा मामला सामने आया है। एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के चार ट्रकों से कुल 84 टन अवैध कोयला जब्त किया गया है, जिससे खदान से जुड़े माफिया नेटवर्क और एसईसीएल अफसरों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, एसईसीएल रोड सेल के अधिकारियों ने नियमित निरीक्षण के दौरान चार संदिग्ध ट्रकों को पकड़ा। जब इनकी रॉयल्टी पर्चियों और लोडिंग दस्तावेजों की गहन जांच की गई, तो गड़बड़ियां उजागर हुईं। दस्तावेजों के अनुसार, ट्रकों में 35 टन पासिंग था, लेकिन वास्तविक लोडिंग में 20 टन वैध और 15 टन अवैध कोयला पाया गया।

कोयला चोरी का 'पासिंग' खेल

जांच में खुलासा हुआ कि कोयला माफिया और ट्रांसपोर्टर मिलकर ऐसा नेटवर्क चला रहे हैं जिसमें 'सड़क खराब का बहाना बनाकर ट्रकों में आधा कोयला वैध रूप से लोड किया जाता है और बाकी 15 टन चोरी का कोयला खदान के भीतर ही चोरी-छिपे ट्रक में भर दिया जाता है। इस तकनीक से ट्रक के पासिंग वैध होने के बावजूद वह फुल लोड दिखाई देता है और सुरक्षा जांच से बच निकलता है।

क्या एसईसीएल के भीतर है मिलीभगत?- जानकारों का मानना है कि इतनी सुनियोजित चोरी बिना आंतरिक मिलीभगत के संभव नहीं है। अब जांच एजेंसियों के लिए यह एक चुनौती है कि वे केवल ट्रक या ट्रांसपोर्ट कंपनी तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरे भ्रष्टाचार के नेटवर्क की तह तक पहुंचें।

सख्त कार्रवाई की मांग

84 टन कोयले की यह बरामदगी किसी छोटी चोरी का मामला नहीं है, बल्कि यह एक सुनियोजित गिरोह की ओर इशारा करता है, जिसकी जड़ें कोयला प्रबंधन और ट्रांसपोर्ट सिस्टम में गहराई तक फैली हो सकती हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है और दोषियों को कब तक सलाखों के पीछे पहुंचाया जाता है।

पीएचई विभाग की भर्ती प्रक्रिया में डिप्लोमा बनाम डिग्री का विवाद

■ सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी नजरें

रायपुर/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में उप अभियंता सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के 118 पदों पर निकाली गई भर्ती प्रक्रिया एक नए विवाद में फंस गई है। यह मामला अब डिप्लोमा बनाम डिग्री की तर्ज पर एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन गया है, जिसकी अंतिम सुनवाई अब सर्वोच्च न्यायालय में होगी।

सरकार द्वारा जारी भर्ती विज्ञापन में स्पष्ट किया गया था कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तीन वर्षीय डिप्लोमा होगी। लेकिन इस पर आपत्ति जताते हुए डिग्री धारकों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जहां से उन्हें राहत मिली। इसके बाद पूरी भर्ती प्रक्रिया पर असमंजस की स्थिति बन गई।

डिप्लोमा धारकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका कहना है कि देश की बड़ी-बड़ी तकनीकी संस्थाएं जैसे SRO, DRDO और U PSU में भी पद की प्रकृति के अनुसार शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की जाती है। चूंकि यह पद जूनियर इंजीनियर का है, इसलिए डिप्लोमा ही इस पद के लिए उपयुक्त योग्यता होनी चाहिए। इसके साथ ही डिप्लोमा अभ्यर्थी 7 नवंबर 2024 को आए सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले का हवाला दे रहे हैं, जिसमें कहा गया था कि किसी भी भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता। अब इस पूरे मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार है, जो न केवल इस भर्ती के लिए बल्कि भविष्य की तकनीकी भर्तियों के लिए भी दिशा तय करेगा। लाखों डिप्लोमा धारक युवाओं की उम्मीदें अब शीर्ष अदालत के फैसले पर टिकी हैं।

ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका हर्षित कॉर्पोरेट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी शेखर साहू 26 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडी 7918 को आमानाका स्थित हर्षित कॉर्पोरेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शिक्षिका और बेटी के साथ मारपीट, पति समेत सास-ससुर गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। बालको थाना क्षेत्र के शांति नगर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पारिवारिक विवाद के चलते एक शिक्षिका और उसकी बेटी के साथ मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति शांति कुमार कश्यप ने सास-ससुर के साथ मिलकर उसे और उसकी बड़ी बेटी को बुरी तरह पीटा। यह घटना 20 जुलाई की है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

जानकारी के अनुसार, 37 वर्षीय पीड़िता वर्ग-3 की शिक्षाकर्मी हैं और अपने दो बेटियों एवं एक बेटे के साथ गायत्री मंदिर रोड स्थित किराए के मकान में रहती हैं। वर्ष 2021 में पति से विवाद के बाद वह बच्चों को लेकर अलग रहने लगी थीं। हालांकि, समय-समय पर बच्चों को पिता से मिलवाने या जरूरी काम के लिए वह पति के घर जाती थीं।

घटना वाले दिन यानी 20 जुलाई की सुबह 11.30 बजे पीड़िता अपने तीनों बच्चों के साथ शांति नगर स्थित पति के घर गई थीं। उस वक्त पति शांति कुमार बालको प्लांट में ड्यूटी पर था। घर पहुंचते ही सास मालती कश्यप और ससुर रघुनाथ कश्यप ने पीड़िता से गाली-गलौज शुरू कर दी। कुछ देर बाद पति के घर लौटते ही उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी।

मानव तस्करी का मामला 6 संदिग्ध गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मानव तस्करी के आरोप में 6 संदिग्धों को आज जीआरपी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इनसे अभी पूछताछ की जा रही है, इनमें दो नन भी शामल हैं।

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिले के एक निजी अस्पताल में काम करने वाली दो किशोरियां आगरा जा रही थी। बताया जाता है ये आगरा में एक निजी अस्पताल में काम करने के लिए जा रही थी, लेकिन कतिपय हिन्दू संगठनों का शिकायत है कि इन्हें धर्मांतरण कराने के लिए ले जा रहा था। इस शिकायत के पश्चात पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। राज्य के उत्तर छत्तीसगढ़ से ही मानव तस्करी हुमन ट्रैकिंग का मामला भी कई बार आ चुका है।

गले में चना अटकने से दो साल के बच्चे की मौत

■ परिजनों का -आरोप- डॉक्टर की लापरवाही से गई जान, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

कोरबा/नवप्रदेश। गले में चना अटकने से दो साल के बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया, जबकि डॉक्टरों ने दावा किया कि बच्चे की हालत पहले से ही गंभीर थी।

कोरबा में दो साल के बच्चे दिव्यांश कुमार की गले में चना अटकने से मौत हो गई। बच्चे के चाचा गोलू बंसल ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि दिव्यांश अपने घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह कमरे में पहुंचा और वहां रखे चने को निगल लिया, जो उसके गले में अटक गया। गले में चना अटकने से बच्चा रोने लगा और उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। परिजन तुरंत उसे कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, लेकिन वहां उपचार में देरी हुई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने बार-बार कहा कि सीनियर डॉक्टर देखेंगे और इस देरी के कारण बच्चे की हालत बिगड़ती गई। अंततः उसकी मौत हो गई।

गोलू बंसल ने बताया कि वे सुबह आठ बजे से अस्पताल में थे, लेकिन शाम तक बच्चे का समुचित इलाज नहीं हो सका। परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही को बच्चे की मौत का कारण बताया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया और वे इसे लेकर अपने गृहग्राम रवाना हो गए।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरबंश ने बताया कि बच्चा जब अस्पताल पहुंचा, तब उसकी हालत पहले से ही गंभीर थी। चना गले से फेफड़ों में चला गया था, जिससे आंतरिक रक्तस्राव शुरू हो गया। डॉक्टरों की टीम ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन बच्चे को बचाया नहीं जा सका।

छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र शहीद कौशल यादव नौजवानों के प्रेरणास्त्रोत : अरूण साव

■ काली मंदिर चौक में शहीद कौशल यादव की मूर्ति लगाए जाने की घोषणा

■ चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। भारत माता के सच्चे सपूत छत्तीसगढ़ महतारी के लाल शहीद कौशल यादव की राजधानी शहर रायपुर के शहीद कौशल यादव चौक काली माता मंदिर के सामने अगले एक माह के भीतर रायपुर नगर पालिक निगम के माध्यम से भव्य मूर्ति चौक का सौंदर्गीकरण करते हुए स्थापित की जायेगी। इस संदर्भ की घोषणा आज नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग और जोन क्रमांक 4 द्वारा काली माता मंदिर के सामने शहीद कौशल यादव चौक पर शहीद दिवस पर शहीद कौशल यादव के 26 वें शहादत दिवस पर राज्य के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव ने मंच से की।

उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे से अनुरोध किया एवं रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप को मंच से निर्देश दिया कि अगले एक माह के भीतर शहीद कौशल यादव चौक कालीमाता मंदिर के सामने रायपुर नगर पालिक निगम के माध्यम से शहीद कौशल यादव की पुण्य मधुर स्मृतियां चिरस्थायी बनाने चौक का सौंदर्यीकरण करते हुए शहीद कौशल यादव की भव्य मूर्ति चौक पर सादर ससम्मान स्थापित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव ने कहा कि इसके लिए जितनी राशि की आवश्यकता होगी, वह राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से रायपुर नगर पालिक निगम को तत्काल उपलब्ध करवा दी जाएगी। भारत माता के सच्चे सपूत एवं छत्तीसगढ़ महतारी के लाल छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद कौशल यादव की शहादत की पुण्य मधुर स्मृतियां चिरस्थायी बनाने भव्य मूर्ति स्थापना और चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा शहीद कौशल यादव चौक में किया जाये।

शहीद कौशल यादव के 26 वें शहादत दिवस शहीद दिवस पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग एवं जोन क्रमांक 4 द्वारा रखे गये पुष्पांजलि आयोजन में उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव ने कहा कि 25 जुलाई 1999 में कारगिल युद्ध में भारत माता के सच्चे सपूत और छत्तीसगढ़ महतारी के लाल राष्ट्र की सेवा करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए इसके पूर्व शहीद कौशल यादव ने दुश्मन देश पाकिस्तान के 12 घुसपैठिये आंतकवादियों को मौत की नींद सुला दिया और भारत की कारगिल विजय की नींव वीर गति को प्राप्त होने के पूर्व रख दी। कारगिल युद्ध के बाद

हरेली पर्व मनाकर लौट रहे परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त, 3 साल का मासूम बहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के खम्हरिया गांव का साहू परिवार हरेली पर्व पर दर्शन के लिए उच्चभ ी स्थित शिव शक्ति पीठ मंदिर गया था। दर्शन के बाद जब वे लौट रहे थे, तभी एक बड़ा हादसा हो गया। सीपत थाना क्षेत्र के झलमला गांव के पास तुंगन नाला पार करते वक्त कार अनियंत्रित होकर पानी में बह गई।

कार में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें 4 व्यस्क और 5 बच्चे शामिल थे। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, कार में सवार तीन साल का मासूम बच्चा तेजस नाले के तेज बहाव में बह गया और उसका पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलने पर सीपत पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बच्चा अब भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। यह दर्दनाक हादसा हरेली पर्व की खुशियों को मातम में बदल गया।

नव प्रदेश
ग्राम पंचायत लखराम, शेलर, अकलतरी क्षेत्र में नव प्रदेश की प्रति प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
नारायण कश्यप 7999610688 7747999724

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट काम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com